


सेंगोल के इतिहास को...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत




मत्स्य उत्पादन दोगुना...

■ वर्ष 31 अंक 230 ■ जबलपुर बुधवार 11 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# अब तलाकशुदा बेटी भी परिवार पेंशन की हकदार

## तीन लाख से अधिक कर्मचारियों के परिजनों को मिलेगा फायदा

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मोहन यादव कैबिनेट ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा के साथ प्रदेश में 2005 के बाद नियुक्त किए गए कर्मचारियों की परिवार पेंशन को लेकर कर्मचारी हित में फैसला किया है। कैबिनेट ने नेशनल पेंशन स्कीम में यह सुविधा दी है कि परिवार पेंशन के अंतर्गत अब तलाकशुदा बेटी भी पेंशन की हकदार होगी। अब तक यह व्यवस्था एमपी के कर्मचारियों के लिए लागू नहीं थी। 2005 के पहले नियुक्त कर्मचारियों के परिवारजनों को इस सुविधा का लाभ मिल रहा था, लेकिन 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के परिजन इससे वंचित थे। मोहन कैबिनेट के इस फैसले से तीन लाख से अधिक कर्मचारियों के परिजनों को पेंशन योजना के प्रावधान में किए गए बदलाव का फायदा मिलेगा। मंत्री चैतन्य काश्यप ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियम 2026 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उपदान का संदाय) नियम 2026 का अनुमोदन किया है। यह नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील होंगे। नियम के प्रकाशन के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। बताया गया कि पेंशन पा रहे कर्मचारी की मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान किया गया है। इसमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति और ई-सेवा पुस्तिका



संबंधी प्रावधान किया गया है। साथ ही केन्द्र तथा मध्यप्रदेश शासन की पूर्व सेवाओं को जोड़ा जाएगा। निलंबन अवधि में अभिदाता तथा नियोक्ता के अंशदान का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत अंशदान की दर, गणना एवं विलंब की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारण के साथ सेवानिवृत्ति, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र एवं मृत्यु की दशा में निकास प्रावधान किया गया है। विभागीय जांच की अवधि में नियोक्ता के अंशदान का भुगतान रोका जाना, सेवानिवृत्ति के तीन माह पूर्व अभिदाता अंशदान रोका जाना और सेवानिवृत्ति उपरांत विभागीय जांच संस्थित किए जाने का प्रावधान के साथ नियमों के निवर्तन और शिथिलीकरण के संबंध में राज्य शासन की शक्ति के प्रावधान शामिल है।

### न्यायालय कर्मचारियों को छूट

कैबिनेट ने उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय के आईटी संवर्ग में कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में कार्यरत कर्मचारियों को तकनीकी संवर्ग की चालू और भविष्य में होने वाली भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सिर्फ एक बार के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की स्वीकृति दी गई। वर्तमान में अनारक्षित वर्ग के लिए 40 वर्ष और आरक्षित वर्ग के लिए 45 वर्ष की आयु सीमा तय है।

### शिशु मृत्यु दर घटी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रदेश को सकारात्मक परिणाम मिले हैं। मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 37 हो गई है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में मध्य प्रदेश देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रदेश में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयुष्मान योजना के तहत उपचार उपलब्ध कराने में मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। एयर एंबुलेंस सेवा और राहवीर योजना के क्रियान्वयन में भी निरंतर प्रगति हो रही है।

### व्यापमं व्हिसलब्लोअर के विरुद्ध आरोप खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मध्य प्रदेश व्यापमं परीक्षा घोटाले में एक व्हिसलब्लोअर आनंद राय के विरुद्ध जाति-आधारित हिंसा के आरोप खारिज कर दिए। आनंद राय ने 2022 में एक रैली के दौरान एक सांसद, विधायक और सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध कथित हिंसा और दुर्व्यवहार के कारण हुए जाति-आधारित अत्याचार के मामले में आरोप तय करने के मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने राय की याचिका पर फैसला सुनाया और कहा, हमने एससी-एसटी एक्ट के दायरे पर चर्चा की है और कार्रवाई कानून के अनुसार नहीं है। अपील स्वीकार की जाती है। राय मध्य प्रदेश में आंखों के डाक्टर हैं और व्यापमं परीक्षा घोटाले के व्हिसलब्लोअर में से एक हैं।

### कलश बांटते वक्त भगदड़ में महिला की मौत, 8 घायल

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कलश यात्रा शुरू होने से पहले भगदड़ मच गई। इसमें 70 वर्षीय महिला रति साहू की मौत हो गई। बच्ची समेत 8 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर है। ग्वालियर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भगदड़ तब मची जब कलश यात्रा से पहले कलश बांटे जा रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने अचानक स्टेडियम का गेट खोल दिया, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई।

### एक ही परिवार के 5 लोगों की लाश मिली

**मथुरा।** मथुरा में एक ही कमरे से एक परिवार के 5 लोगों की लाशें मिलीं। मृतकों में पति, पत्नी और 3 बच्चे शामिल हैं। कमरे में बेड पर मां, एक बेटी-बेटा मिले। दूसरी बेटी चारपाई पर पड़ी थी, जबकि पति का शव फर्श पर मिला। पुलिस के अनुसार, पति ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर बच्चों की जान ली। बाद में खुद करंट लगाकर आत्महत्या कर ली।

### बाबा सिद्दीकी मर्डर: 27 आरोपियों पर चार्ज तय

**मुंबई।** मुंबई की मकोका स्पेशल कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में 27 आरोपियों पर चार्ज तय कर दिए हैं। सभी आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है। कोर्ट ने मकोका, बीएनएस, आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धाराओं में आरोप लगाए हैं। कोर्ट ने बताया कि चार्ज तय करना ट्रायल का पहला चरण होता है, जिसमें सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप दिया जाता है।

# लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

## प्रस्ताव पर चर्चा होने तक ओम बिरला नहीं जाएंगे लोकसभा

नई दिल्ली

विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। वहीं, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अपने खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय होने तक सदन में नहीं आने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, जब तक उन्हें हटाने के प्रस्ताव पर सदन में चर्चा और उस पर निर्णय नहीं हो जाता, तब तक वह लोकसभा की कार्यवाही में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, संसदीय नियमों में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है, इसके बावजूद ओम बिरला ने स्वयं सदन में न जाने का फैसला किया है। सूत्रों का कहना है कि सरकार या विपक्ष की ओर से उन्हें मनाने की कोशिश की जा सकती है, लेकिन उन्होंने अपना निर्णय स्पष्ट कर दिया है कि वह सदन में उपस्थित नहीं होंगे। जानकारी के मुताबिक, बजट सत्र के दूसरे हिस्से के पहले ही दिन यानी 9 मार्च को लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए लाए गए विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना है। इस प्रक्रिया के तहत सदन में कम से कम 50 सांसदों को खड़े होकर समर्थन जताना होगा। इसके बाद ही पीठासीन अधिकारी इस प्रस्ताव पर औपचारिक चर्चा की अनुमति दे सकता है। आला सूत्रों के अनुसार, यदि आवश्यक समर्थन मिल जाता है तो उसी दिन लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कराई जा सकती है।




### कांग्रेस का ओम बिरला पर पक्षपात का आरोप

कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंप दिया है। यह नोटिस उच्च सदन के सचिव जनरल को दिया गया है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सदन की कार्यवाही का संचालन पक्षपातपूर्ण तरीके से कर रहे हैं और कई मौकों पर विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने का अवसर नहीं दिया गया, जो संसद में उनका मूल लोकतांत्रिक अधिकार है। कांग्रेस ने कहा है कि स्पीकर ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी। साथ ही आठ सांसदों के निलंबन का भी मुद्दा नोटिस में उठाया गया है।

### राहुल ने प्रस्ताव पर नहीं किए हस्ताक्षर

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 1 बजकर 14 मिनट पर नियम 94(सी) के तहत लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा गया। इस बीच, एक अहम जानकारी सामने आई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किया है। पार्टी का कहना है कि संसदीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष का स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करना उचित नहीं माना जाता। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस, आरजेडी, समाजवादी पार्टी और डीएमके सहित विभिन्न दलों के 118 सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव के समर्थन में हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के तहत यह प्रस्ताव लाया गया है। सूत्रों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष द्वारा सौंपे गए इस नोटिस की जांच करने के निर्देश लोकसभा के सचिव जनरल उत्पल कुमार सिंह को दे दिए हैं।




## सरकारी वकीलों की नियुक्ति में वंचित वर्गों को प्रतिनिधित्व मिले

**नई दिल्ली/भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मध्य प्रदेश में सरकारी वकीलों की नियुक्ति में अन्य पिछड़ा वर्ग समेत वंचित वर्गों के लिए आरक्षण की मांग वाली याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने साफ किया कि वैधानिक प्रावधान के अभाव में वह इस मामले में कोई बाध्यकारी निर्देश जारी नहीं कर सकती, लेकिन साथ ही एडवोकेट जनरल से अपेक्षा जताई कि नियुक्तियों में हाशिए पर पड़े समुदायों और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि हाल ही में महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा की गई नियुक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वकीलों की भागीदारी बेहद कम है। हालांकि, पीठ ने यह भी साफ किया कि भले ही यह कानूनी अधिकार न हो, लेकिन इस पर विचार किया जाना जरूरी है। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा- एडवोकेट जनरल बार के नेता होते हैं। अगर इन वर्गों को अवसर नहीं दिया जाएगा, तो वे आगे कैसे आएंगे?

### एसटी समुदाय से एक भी वकील नहीं

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि हालिया नियुक्तियों में अनुसूचित जनजाति समुदाय से एक भी वकील को शामिल नहीं किया गया, जबकि अनुसूचित जाति के वकीलों की संख्या भी सीमित रही। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि सरकारी वकीलों की नियुक्ति का लंबी अवधि में न्यायपालिका पर असर पड़ता है, क्योंकि कई मामलों में इन्हीं सरकारी वकीलों को आगे चलकर न्यायाधीश बनाए जाने पर विचार किया जाता है।

## भारत का अंतरिक्ष सफर किसी देश से होड़ करने के लिए नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि भारत का अंतरिक्ष सफर किसी देश से होड़ करने के लिए नहीं, बल्कि आम जनमानस के कल्याण के लिए शुरू हुआ था। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की नींव प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग है। बेंगलुरु में आयोजित 'यूएस-इंडिया स्पेस बिजनेस फोरम' के उद्घाटन समारोह में उन्होंने भारत के छह दशक लंबे अंतरिक्ष सफर की उपलब्धियों और भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया। उन्होंने दोहराया कि अंतरिक्ष पूरी वैश्विक बिरादरी के लिए साझा स्थान है और इसका लाभ दुनिया के हर नागरिक को मिलना चाहिए। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने निरंतर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और निजी भागीदारी का आह्वान किया। जन-केंद्रित दृष्टिकोण और शुरुआती सहयोग इसरो प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम हमेशा से अनुप्रयोग आधारित और जन-केंद्रित रहा है। उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों को याद करते हुए बताया कि भारत का पहला रॉकेट 1963 में अमेरिका द्वारा निर्मित था और उसे नासा ने ही उपलब्ध कराया था।




# अब ऑनस्क्रीन जांची जाएंगी 12वीं की कॉपियां

## सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन लागू करने का लिया फैसला

नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा व्यवस्था में एक अहम सुधार करते हुए वर्ष 2026 से 12वीं की उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को पूरी तरह डिजिटल करने का फैसला लिया है। बोर्ड अब ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के तहत कापियों की जांच कराएगा। इसका उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित बनाना है। वहीं 10वीं की कापियों का मूल्यांकन 2026 में पहले की तरह भौतिक रूप से ही किया जाएगा। सीबीएसई ने देश-विदेश के सभी संबद्धित स्कूलों के प्रधानाचार्यों से कहा कि डिजिटल मूल्यांकन से जोड़ने-घटाने में मानवीय



गलतियां खत्म होंगी और परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। बोर्ड के अनुसार, नई प्रणाली से समन्वय की पूरी प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप न्यूनतम रह जाएगा। हर साल भारत समेत 26 देशों में आयोजित होने वाली सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में करीब 46 लाख छात्र शामिल होते हैं। इतने बड़े स्तर पर मूल्यांकन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए बोर्ड ने तकनीक आधारित व्यवस्था अपनाने का निर्णय लिया है। इससे शिक्षकों की भागीदारी भी व्यापक होगी और वे अपने-अपने स्कूलों से ही मूल्यांकन कर सकेंगे।

### नई व्यवस्था के तहत इसकी होगी जरूरत

नई व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू करने के लिए सीबीएसई ने स्कूलों को आवश्यक तकनीकी ढांचा तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत कंप्यूटर लैब में पब्लिक स्टैटिक आइपी, विंडोज आठ या उससे ऊपर के कंप्यूटर या लैपटॉप, कम से कम चार जीबी रैम, अपडेटेड इंटरनेट ब्राउजर, एडोबी रीडर, न्यूनतम दो एमबीपीएस की स्थिर इंटरनेट स्पीड और निर्बाध बिजली आपूर्ति अनिवार्य होगी।

# सख्ती : अब 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

नई दिल्ली

सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने कंटेंट को लेकर नए नियम नोटिफाई कर दिए हैं। इन नियमों का सीधा असर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल कंपनियों पर पड़ेगा। अब इंटरनेट पर जो भी कंटेंट एआई टूल्स से बनेगा, उसे साफ तौर पर लेबल करना जरूरी होगा। ये बदलाव 20 फरवरी 2026 से लागू होंगे। पिछले कुछ समय में डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और नकली ऑडियो तेजी से फैलते दिखे हैं। आम यूजर के लिए असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो गया है। सरकार का मानना है कि इसी वजह से गलत जानकारी, बदनामी और धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं। नए नियम इसी खतरे को कंट्रोल करने की कोशिश हैं। सरकार ने अब सिंथेटिक कंटेंट की साफ परिभाषा दी है। इसका मतलब ऐसे ऑडियो, वीडियो, फोटो या विजुअल्स से है जो कंप्यूटर या एल्गोरिदम से बनाए गए हों और देखने में बिल्कुल असली लगें। यानी ऐसा कंटेंट जो किसी इंसान या घटना को इस तरह दिखाए कि लोग उसे सच मान लें। हालांकि साधारण

## सरकार ने नोटिफाई किए नए नियम




एडिटिंग, कलर सुधार, ट्रांसलेशन या डॉक्यूमेंट तैयार करना इस दायरे में नहीं आएगा, जब तक उससे कोई फर्जी या भ्रामक रिकॉर्ड नहीं बनता। यानी ऐसा कंटेंट जो किसी इंसान या घटना को इस तरह दिखाए कि लोग उसे सच मान लें। हालांकि साधारण एडिटिंग, कलर सुधार, ट्रांसलेशन या डॉक्यूमेंट तैयार करना इस दायरे में नहीं आएगा, जब तक उससे कोई फर्जी या भ्रामक रिकॉर्ड नहीं बनता। नए नियमों में एक और अहम बात है पहचान और लेबलिंग। सोशल मीडिया कंपनियों को ऐसे टूल्स लगाने होंगे जो एआई से बने कंटेंट की पहचान कर सकें। ऐसे कंटेंट पर साफ लेबल दिखना चाहिए। इन बदलावों में पुराने कानूनों से जुड़ा एक अपडेट भी है। नए नियमों में इंडियन पीनल कोड की जगह नए आपराधिक कानून का जिक्र किया गया है। यानी डिजिटल नियमों को भी देश के नए कानूनी ढांचे के साथ जोड़ा गया है।

### 36 नहीं, अब 3 घंटे की समय-सीमा

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एआई से बने गलत या गैरकानूनी कंटेंट को तीन घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले यह समय सीमा 36 घंटे थी। मतलब अगर किसी प्लेटफॉर्म को पता चलता है कि कोई डीपफेक वीडियो, फर्जी डॉक्यूमेंट या भड़काऊ एआई कंटेंट फैल रहा है, तो उसे तुरंत एक्शन लेना होगा। सरकार का मानना है कि देरी से हटाने पर नुकसान फैल चुका होता है। सरकार ने यह भी तय किया है कि सोशल मीडिया कंपनियों को हर तीन महीने में यूजर्स को नियमों की जानकारी देनी होगी। यूजर्स को साफ बताया जाएगा कि एआई से बना गैरकानूनी या आपत्तिजनक कंटेंट शेयर करने पर आईटी एक्ट, नए क्रिमिनल कानून, पॉक्सो और दूसरे कानूनों के तहत कार्रवाई हो सकती है।

## 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' किताब पर जनरल नरवणे ने तोड़ी चुप्पी!

नई दिल्ली

पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' पर चल रहे विवाद के बीच पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पुस्तक की ताजा स्थिति को लेकर 7 शब्दों की एक प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही उन्होंने किताब के प्रकाशक पेंगुइन इंडिया के एक पोस्ट को रिपोस्ट किया है। पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने एक्स पर लिखा है, 'पुस्तक का ताजा स्थिति ये है।' 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कंटेट पर चल रहे विवाद के बीच पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की ये पहली प्रतिक्रिया है। इससे पहले पेंगुइन इंडिया ने कहा है कि ये किताब अभी प्रकाशित नहीं हुई है। पेंगुइन रेंडम हाउस इंडिया ने कहा है कि हमारे पास इस किताब के प्रकाशन का पूरा अधिकार है। पेंगुइन इंडिया ने कहा है कि हम ये स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि ये किताब अभी छपी नहीं है, किताब की कोई भी कॉपी या तो डिजिटल फॉर्मेट में या प्रिंट फॉर्मेट में प्रकाशित नहीं हुई है। न ही इसे डिस्ट्रीब्यूट किया गया है और न ही बेचा गया है। इस पोस्ट के जरिये पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने यह मान लिया है कि ये किताब अभी प्रकाशित नहीं हुई।



# लगातार अनुपस्थिति पड़ी भारी, करंजिया जनपद पंचायत अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे का पद रिक्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत करंजिया के अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे को लगातार जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठकों में अनुपस्थित रहने और विकास कार्यों में व्यवधान डालने के चलते कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंजू पवन भदौरिया ने पद रिक्त घोषित कर दिया है। यह निर्णय मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 36(2)(ग) के तहत लिया गया है।

## जारी आदेश के मुताबिक

कलेक्टर न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार चरण सिंह धुर्वे 13 फरवरी 12 मार्च 9 अप्रैल 10 जून 29 जुलाई और 15 अक्टूबर 2025 को आयोजित कुल छह बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहे। इन बैठकों में उनकी गैरहाजिरी से अध्यक्ष की जिम्मेदारियां प्रभावित हुईं और पंचायत के निर्णय एवं विकास कार्यों में बाधा आई इस मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर विधिवत सुनवाई हुई। चरण सिंह धुर्वे की ओर से अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया कि कलेक्टर द्वारा 10 जनवरी 2025 को पारित जिला बदर आदेश के कारण वे बैठकों में शामिल नहीं हो सके साथ ही उन्होंने 13 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत को आवेदन देकर उपाध्यक्ष को बैठकों की अध्यक्षता हेतु अधिकृत करने की बात भी कही हालांकि थाना प्रभारी करंजिया एवं जिला प्रशासन से प्राप्त प्रतिवेदनों में यह स्पष्ट हुआ कि जिला बदर आदेश विधिवत तामील नहीं हुआ था क्योंकि आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार रहा इसलिए यह तर्क स्वीकार्य नहीं पाया गया कि वे विधिवत अनुमति लेकर अनुपस्थित थे।




## आपराधिक पृष्ठभूमि और विकास कार्यों पर प्रभाव

सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक डिंडौरी ने प्रतिवेदन में बताया कि चरण सिंह धुर्वे के खिलाफ वर्ष 2002 से अब तक 21 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं ,उनकी गतिविधियों को शांति भंग करने वाला और अवैध वसूली जैसे कृत्यों में लिप्त बताया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करंजिया ने अपने प्रतिवेदन में यह भी बताया कि अध्यक्ष की अनुपस्थिति के कारण 15वें वित्त आयोग की राशि की समीक्षा बाधित हुई इससे शासन की महत्वपूर्ण और विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में अनावश्यक विलंब हुआ और क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हुए।

## लोकहित में लिया गया निर्णय

सभी पक्षों के तर्क प्रतिवेदन और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद कलेक्टर न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि चरण सिंह धुर्वे का अध्यक्ष पद पर बने रहना जनहित में नहीं है। इसलिए उनके अध्यक्ष पद को स्वत: रिक्त माना गया। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने दिनांक 09 फरवरी 2026 को आदेश जारी कर चरण सिंह धुर्वे को अध्यक्ष/जनपद सदस्य जनपद पंचायत करंजिया का पद रिक्त घोषित किया इस फैसले से करंजिया क्षेत्र में प्रशासनिक प्रक्रिया और विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पंचायत निर्माण कार्यों की पोल खुली, कलेक्टर की कार्रवाई, चार अधिकारियों से जवाब तलब

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्माणाधीन कार्यों की हालिया समीक्षा में भारी लापरवाही सामने आई है। इसके बाद कलेक्टर, जिला पंचायत डिण्डौरी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिण्डौरी प्रमोद कुमार ओझा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश नारनोरे, परियोजना अधिकारी (संविदा) मनरेगा प्रदीप शुक्ला, और वरिष्ठ डाटा मैनेजर (संविदा) मनरेगा प्रवीण कुमार गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि यह कार्रवाई जिला कलेक्टर द्वारा विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा और निरीक्षण के बाद की गई। निरीक्षण में पाया गया कि जनपद पंचायत डिण्डौरी में नवीन सामुदायिक भवन 2024-25 के 2 कार्य और 2025-26 के 4 कार्य विगत 3 माह में प्रारंभ नहीं किए गए, जबकि 2 भवन कार्य केवल नींव स्तर तक ही सीमित हैं। इसी प्रकार आंगनबाड़ी भवनों में 18 कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुए और कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हस्तांतरित नहीं किए गए। विधानसभा निधि के तहत भी 2023-24 के 3 कार्य और 2024-25 के 4 कार्य अपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना में लक्षित लेबर बजट 17.29 लाख के विरुद्ध केवल 13.71 लाख (79.29त्न) ही उपलब्धि दर्ज हुई है, जबकि समीक्षा बैठकों और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा लक्ष्यानुसार कार्य बढ़ाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। गंगा जल संवर्धन अभियान में 735 कार्यों में से केवल 95 कार्य पूर्ण हुए हैं, जो कि 12.92 प्रतिशत ही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश नारनोरे के क्षेत्र में भी स्थिति चिंताजनक पाई गई। यहां नवीन सामुदायिक भवन 2024-25 के 3 और 2025-26 के 4 कार्य अप्रारंभ हैं, जबकि आंगनबाड़ी भवनों में 6 कार्य अधूरे हैं।



## शहपुरा विधायक ने अमरपुर जनपद क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे जी द्वारा जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम कार्यक्रम ग्राम पंचायत सिधौली में आयोजित किया गया, जहाँ भीम से के घर से जिया के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (लागत ?10 लाख) का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम सिधौली में वन ग्राम समिति के सदस्यों को ?9 लाख 43 हजार का लाभांश ग्राम पंचायत के लगभग 800 हितग्राहियों को वितरित किया गया। द्वितीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत बरसिंघा में संपन्न हुआ, जहाँ वनवासी टोला से शांति धाम तक सी.सी. रोड (लागत ?10 लाख) तथा मुख्य मार्ग से जरहा टोला की ओर सी.सी. रोड (लागत ?10 लाख) के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। तृतीय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ में नवीन सामुदायिक भवन (लागत ?25 लाख) एवं ग्राम बिजुरी के इमलीटोला बस्ती में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (लागत ?10 लाख) का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री धुर्वे ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जिन पात्र हितग्राहियों को किसी कारणवश प्राप्त नहीं हो पा रहा था, उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। इस अवसर पर बद्री प्रसाद साहू, मालती तिवारी, पूर्व शिक्षक खेलूं सिंह तेकाम, दुर्गेश साहू, सरपंच झिलमिल कीर्तन मरावी, सरपंच बिलगांव कमलेश मरावी, माखन साहू, जनपद सदस्य राम किशोर साहू, रितेश उसराठे, रामकुमार बनवासी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या मां ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अवैध खनन व भंडारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने ग्राम सिमरिया में जयसिंह राठौर के पक्ष में स्वीकृत उत्खनन पट्टे की जांच की। जांच के दौरान स्वीकृत उत्खनन क्षेत्र में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। मौके पर आवश्यक जानकारी दर्शाने वाला सूचना पटल (बोर्ड) स्थापित नहीं था। इसके साथ ही खदान की सीमा पर तार फेंसिंग नहीं की गई थी तथा स्वीकृत क्षेत्र की सीमा दर्शाने वाले मुनारे निर्धारित मानकों के अनुरूप संधारित नहीं पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि स्वीकृत उत्खनन क्षेत्र के बाहर अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। इस पर जयसिंह राठौर, निवासी ग्राम सिमरिया, तहसील डिंडौरी के विरुद्ध अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त स्वीकृत क्षेत्र के बाहर बिना अनुमति के पत्थर/बोल्डर का भंडारण किए जाने पर अवैध भंडारण का पृथक प्रकरण भी तैयार किया गया है। खनिज विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन

### मासिक धर्म, पोषण व मानसिक स्वास्थ्य पर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



विकासखंड डिंडोरी अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल सिमरिया में सोमवार मेकलसुता वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं महिलाओं को मासिक धर्म (पीरियड्स) से जुड़ी सही जानकारी देना, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व को समझाना तथा पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा एनीमिया से बचाव, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं संतुलित आहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उन्हें नि:शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। विद्यालय प्रशासन ने मेकलसुता वेलफेयर एसोसिएशन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. सैयाम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं संस्था के सदस्यों छबील सिंह बिलागार,बृजलाल क्षीरसागर, रामप्रसाद विश्वकर्मा एवं कल्पना भवेदी का विशेष सहयोग रहा।

## महाविद्यालय ब्यौहारी में पीएम ऊषा योजना अंतर्गत बहुविषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री ऊषा योजना के अंतर्गत एमपीकॉन लिमिटेड कंपनी द्वारा शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी में आयोजित बहुविषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के तिवारी ने किया तथा साथ ही राम रतन मिश्रा एवं राजेन्द्र सक्सेना, महाविद्यालय के पीएम ऊषा योजना प्रभारी डॉ राजेश प्रजापति, डॉ सोनू सिंह, डॉ आरती मिश्रा एवं डॉ हरिओम शुक्ला, महाविद्यालय के लेखापाल बंशबहादुर सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने, उन्हें रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने तथा देश के समग्र विकास की प्रक्रिया से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी दक्षता, उद्यमिता कौशल तथा आधुनिक डिजिटल तकनीकों से परिचित कराना है, ताकि वे भविष्य में स्वरोजगार, निजी क्षेत्र एवं सरकारी सेवाओं के लिए स्वयं को सक्षम बना सकें। कार्यक्रम के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल भी अर्जित करें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना एवं संबंधित सरकारी योजनाएं, विकसित भारत 2027 योजनाएं और चुनौतियां, बैंकिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली, एआई ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट को शामिल किया गया, जो वर्तमान आर्थिक, तकनीकी एवं सामाजिक परिवेश में विशेष महत्व रखते हैं।



## दुर्गा मंदिर के सामने पार्किंग स्थल पर चला बुलडोजर

**शहडोल।** माँ विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर के सामने सार्वजनिक पार्किंग स्थल पर बनी नगर पालिका की दीवार को आज शाम को तोड़ दी गई है जानकारी के अनुसार मंदिर के सामने स्थित कुछ भूमाफियाओं द्वारा नजूल की जमीन को बेचकर दुकान का निर्माण पूर्व में किया गया था लेकिन नगर पालिका की दीवार होने के कारण अवैध दुकान की निर्माण करने वाले लोगों द्वारा या बाउंड्री वॉल रविवार की रात तोड़ दी गई है और तो और सोमवार को दीवार तोड़ने वालों ने दुकान पर शटर भी लगा लिया आखिर किसके इशारे पर पार्किंग पर कब्जा किया जा रहा है शहर के बीचो-बीच नजूल नगर पालिका की दीवार तोड़ दी गई और अवैध दुकानों पर शटर भी लग गई



## संगीतमय शिवपुराण कथा से शिवमय हुआ ग्राम खम्हरिया कला

**शहडोल।** मुख्यालय से जुड़े ग्राम खम्हरिया कला में 6 फरवरी दिन शुक्रवार से संगीतमय शिव महापुराण कथा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अमरनाथ कांति गौतम एवं पूरा परिवार है। महायज्ञ गौतम परिवार के निज निवास में आयोजित किया जा रहा है। भक्ति के पावन पर्व पर परम विद्वान आचार्य श्री धन्वंतरी दास जी धीर समीर वृंदावन के मुखारविंद से संगीत में प्रवचनों की अमृत वर्षा कर रहे हैं। आचार्य श्री धन्वंतरि अपनी विशिष्ट शैली और संगीतमय प्रवचनों के लिए सनातन धर्म प्रेमियों के बीच विशेष पूरे देश ने एक विशेष पहचान रखते हैं। संगीतमय शिव पुराण महायज्ञ का प्रारंभ 6 फरवरी को विशाल शोभा एवं कलश यात्रा के साथ किया गया। आगामी दिनों में क्रमश: शिव पुराण महिमा, सती जन्म कथा, श्री शिव पार्वती विवाह, कार्तिकेय एवं गणेश चरित्र, उमा संहिता एवं देवी महिमा, द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा और 13 फरवरी को यज्ञ हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का समापन किया जाना है। संगीतमय शिव महापुराण कथा महायज्ञ में आचार्य श्री धन्वंतरी दास जी के द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव पार्वती के सुंदर चरित्र और गुप्त लीलाओं की अमृत वर्षा से सभी सनातनी प्रेमी भाव विभोर होकर नाचते गाते दिख रहे हैं। भगवान भोलेनाथ की सुंदर चरित्र विवाह और उनके वर्णन को सुनकर भूत- प्रेत के साथ भगवान के प्रेमी भक्ति भी झूम उठते हैं। भगवान की विभिन्न कथाओं को वास्तविक रूप से दिखाने के लिए सुंदर जीवंत झांकियां और महाराज जी के भक्ति रस युक्त भजन उपस्थित सभी लोगों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान करता है।



# निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रिहाई को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## विरोध प्रदर्शन करना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व : अजय अवस्थी

शहडोल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के बुढ़ार आगमन के दौरान जनहित से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर उन्हें गिरफ्तार किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। यह धरना जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसके उपरांत गिरफ्तार कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अविलंब रिहाई की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था, आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा गौ-तस्करी जैसे गंभीर विषयों के विरोध में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहे थे। इसके बावजूद सत्ताधारी सरकार के दबाव में निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया, जो निंदनीय, अन्यायपूर्ण और लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है। अजय अवस्थी ने कहा कि विरोध दर्ज कराना विपक्ष का संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे कांग्रेस पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रही थी। लेकिन सरकार द्वारा दमनात्मक कार्रवाई कर लोकतांत्रिक आवाज़ को कुचलने का प्रयास किया गया है। यह घटना लोकतंत्र की हत्या का प्रतीक है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज गिरफ्तार किए गए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रिहा नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी कल से आमरण अनशन सहित उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जवाबदेही शासन एवं प्रशासन की होगी। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला द्वारा दी गई। धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष आज़ाद बहादुर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीनिवास शर्मा, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, पूर्व पार्षद सुफियान खान, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सिराज खान, सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी,अजीत सोनी, राजेश सोंधिया, पार्षद हीरालाल प्रजापति, पार्षद दानिश अहमद,राम नरेश तिवारी,रामनरेश चतुर्वेदी,दिनेश अग्रवाल,हुसैन अली, जयकरण सिंह, दलप्रताप सिंह, हरिशंकर तिवारी,प्रेमधारी सिंह,अतुल तिवारी,अनिल मिश्रा,मनोज गुप्ता,रमेश विष्वकर्मा,अकरम खान,मुन्नू तिवारी,रमेश जायसवाल, सोनू कुशवाहा, अमरनाथ पटेल, एनएसयूआई जिलाउपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, दीपांशु गुप्ता ,महेंद्र यादव, ओम साहू आशु सिंह, शिवांशु,योगेश, आयुष,हिमेश,ॠषि, राम,पारस, ओमप्रकाश आदि सैकड़ो काँग्रेसजन उपस्थित रहे।





# शैक्षिक नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने बताए मिर्गी की रोकथाम के उपाय

## अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर जबलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च द्वारा विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर जबलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा विगत 9 फरवरी को समुदाय में मिर्गी जागरूकता एवं दौरा (सीज़र) प्रबंधन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के लोगों में मिर्गी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्रचलित भ्रांतियों को दूर करना तथा दौरे की स्थिति में प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी देना था। इस कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिन्होंने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए एक शैक्षिक नाटक (स्किट) प्रस्तुत किया। यह नाटक सरल एवं प्रभावी तरीके से तैयार किया गया था ताकि समुदाय के लोग विषय को आसानी से समझ सकें। भूमिका-निभाने और संवादों के



माध्यम से विद्यार्थियों ने मिर्गी का अर्थ, इसके कारण, जोखिम कारक, लक्षण एवं संकेत, रोकथाम के उपाय तथा प्रारंभिक निदान और नियमित जांच के महत्व को समझाया।कार्यक्रम के दौरान समुदाय के लोगों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और पूरे समय गहरी रुचि प्रदर्शित की। नाटक के अंत में विद्यार्थियों ने उपस्थित लोगों से संवाद किया और मिर्गी से संबंधित उनके प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया।

### जन-जन में फैलाई जागरूकता

यह कार्यक्रम समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और ज्ञान में वृद्धि करने में सफल रहा। साथ ही, इससे विद्यार्थियों में संचार कौशल एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। समग्र रूप से, मिर्गी जागरूकता गतिविधि जानकारीपूर्ण, सहभागितापूर्ण एवं समुदाय के लिए लाभदायक रही।

कार्यक्रम प्रो एवं विभागाध्यक्ष, आराधना धन्यवाद के मार्गदर्शन में तथा सहायक प्रोफेसर अरविंद यादव के समन्वयन में संपन्न हुआ।




# विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समा

### सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय गलगला में वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया।

वार्षिक उत्सव में भैया-बहनों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, एकांकी, समूह नृत्य एवं नाटक के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावकों ने खूब सराहा।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को मिलता है बढ़ावा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्या भारती प्रादेशिक सचिव मुख्य अतिथि डॉ सुधीर अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं संस्कारों का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि विशाल दत्त ने हर वर्ष 11 हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की विशिष्ट अतिथि मिताली बैनर्जी अध्यक्ष जिनेंद्र जेन, सचिव डॉ नीलेश पांडे, उपाध्यक्ष एड सचिन अग्रवाल, डॉ ब्रजेश अरजरिया, संजीव गप्पे, प्रकाश पवार उपस्थित रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य रत्ना मिश्रा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। वार्षिक उत्सव में अभिभावक, शिक्षकगण एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाने में संजय सिंह राजपूत उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया थाना गोसलपुर ने सूचना वह खेती किसानी करता है। विगत दिन ग्राम टिकरिया के कुंवरलाल पटैल और प्रमोद कुमार पटेल अपने घर से मोटर सायकल से ग्राम भीटा जा रहे थे। मोटर सायकल प्रमोद चला रहा था। कुशनेर बिज पेट्रोल पम्प के पास पनागर में सामाने तरफ से आ रही स्वराज माजदा का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये जिससे दोनों को चोटें आईं थीं परिजनों द्वारा उपचार हेतु नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान कुंवरलाल पटेल उम्र 83 वर्ष की मृत्यु हो गयी । पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। विजयनगर थाने में शैल्वी अस्पताल से सूचना मिली हर्ष वर्धन सिंह चंदेल उम्र 23 वर्ष निवासी मथुरा विहार विजयनगर को शाम घर पर फांसी लगा लेने के कारण उपचार हेतु परिजनों द्वारा शैल्वी अस्पताल लाया गया था। जहां पर डाक्टर ने चैक कर हर्ष वर्धन सिंह चंदेल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## बेलखेड़ा थानान्तर्गत वृद्ध ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाने में ग्राम मनकेड़ी में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगा लेने की सूचना पर पहुंची पुलिस को संजू लोधी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम मनकेड़ी ने बताया कि वह मनहारी का धंधा फेरी लगाकर करता है। विगत दिन पाटन बाजार फेरी लगाने गया था। शाम लगभग 7 बजे उसकी बड़ी सास ने मोबाइल पर बताया कि ससुर लाल सिंह उसके लेट्रिन वाले रूम में फांसी लगा लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मामले को जांच में लिया है।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने लगाया नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

ग्राम पंचायत बल्हवारा में मंगलवार 10 फरवरी को एक सफल दंत परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम के सचिव एवं उपसचिव की उपस्थिति में किया गया। शिविर में 4 दंत चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा लगभग 70 लोगों का दंत परीक्षण किया गया। जिसमें दंत क्षय, मसूड़ों की बीमारियों एवं अन्य मुख रोगों की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए गए। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के



मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय सहित अन्य चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हितकारिणी डेंटल कॉलेज की ओर से कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टूथपेस्ट एवं माउथवॉश जैसे दंत स्वच्छता उत्पादों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया, जिससे लोगों को अपने दांत एवं मुंह को स्वस्थ रखने के प्रति जागरूक किया जा सके।

### निर्मला सैनी का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर के प्रताप वार्ड निवासी निर्मला सैनी का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे श्यामलाल सैनी की धर्मपत्नी, मनोज और नरेश सैनी की माता है। अंतिम संस्कार आज सुबह 11 बजे जगमोहन वार्ड पड़रिया रोड स्थित शमशान घाट पर किया जायेगा।

### रत्ना बाई सराफ का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर मेन रोड विद्यासागर वार्ड निवासी स्व कालीचरण सराफ की धर्मपत्नी रत्ना बाई सराफ का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व अखिलेश सराफ, कमलेश सराफ की माता है। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़रिया रोड पड़ाव स्थित शमशान घाट पर किया गया।

# गोसलपुर अस्पताल में जन आरोग्य समिति की बैठक संपन्न



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय शासकीय अस्पताल गोसलपुर में विगत दिवस जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अस्पताल के उन्नयन, सुविधाओं के विस्तार एवं आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु गोसलपुर अस्पताल का उन्नयन रहा। अस्पताल को अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) का दर्जा प्राप्त हो गया है। साथ ही नवनिर्मित 30 बिस्तरों वाले अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त करते हुए इसके शीघ्र विधिवत शुभारंभ की बात कही गई। इसके शुरू होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

बैठक में अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीदी, शासकीय भूमि को विधिवत अस्पताल मद में दर्ज कराने, परिसर में पड़े पुराने स्क्रैप के विक्रय तथा न्यू बिल्डिंग के निर्माण कार्यों की समीक्षा जैसे प्रस्तावों पर सहमति बनी। निर्माण कार्यों की समीक्षा ठेकेदार एवं इंजीनियर की उपस्थिति में की गई। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज बघेल, दिलीप पटेल, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, अनिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के 1041 बूथों पर मनाई जाएगी पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आज बुधवार 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा प्रात: 10 बजे दीनदयाल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाती है, इस दिन महानगर के सभी 1041 बूथों में पं दीनदयाल जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी साथ ही कार्यकर्त्ता समर्पण निधि का अर्पण करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओ से अपने अपने बूथ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

# युवकों को कार में बंधक बनाकर बदमाशों ने रातभर घुमाया

### माढ़ोताल थाने की पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जन्मदिन की पार्टी मनाकर कार लौट रहे लक्ष्य झा और अभिनव श्रीवास्तव नाम युवकों को लूटने वाले शातिर बदमाशों को गोहलपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम ब्रजेश महतो, सुमित डुमार और सचिन समुन्द्रे है। जो अघोरी बाबा चंडालभाटा क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों युवक जब दीनदयाल से अपने घर की तरफ वापस आ रहे थे। तभी उन्होंने बाथरूम के लिए अपनी कार रोकी। इसी बीच पकड़े गए



बदमाश उनके पास आए और कार की चाबी छुड़ाकर दोनों के साथ मारपीट कर बीस हजार की डिमांड करने लगे। युवकों से जब उन्हें रूपए नहीं मिले तो बदमाश उन्हें उसी कार में बंधक बनाकर कई घंटों तक घुमाते रहे। इसी बीच बदमाशों ने युवकों को डरा धमकाकर ऑनलाइन बीस हजार रूपए और सोने की अंगूठी छीन ली।

इसके बाद बदमाश भाग निकले। माढोताल थाने की पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार करते हुए सरेआम उनका जुलूस निकालते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# मत्स्य पालन को बढ़ाने वीयू ने किया जागरूक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय विस्तार शिक्षण के संचालक डॉ सुनील नायक तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्याल अधिष्ठाता डॉ शशिकांत महाजन के नेतृत्व में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत दिनांक 10 फरवरी 2026 को मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम बम्हनी में महाविद्यालय की विस्तार सेवाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के मत्स्य कृषकों एवं महिलाओं को एक दिवसीय मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों से अवगत कराना, उत्पादन बढ़ाना तथा मत्स्य पालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करना रहा। इस अवसर पर प्रशिक्षण संयोजक डॉ सोना दुबे ने तालाब की संग्रहण पूर्व तैयारी, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज का चयन, संतुलित आहार प्रबंधन, प्रबंधन, जैव-सुरक्षा उपायों एवं टिकाऊ मत्स्य पालन पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी मत्स्य कृषकों के साथ साझा की साथ विभिन्न योजनाओं, उन्नत तकनीकों एवं मत्स्य पालन में नवाचारों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही प्रतिभागी मत्स्य पालकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए व्यावहारिक समाधान भी सुझाए गए। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज संचयन की विधि को विस्तार से समझाते हुए मत्स्य बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके महाजन, प्रशिक्षण समन्वयक डॉ सोना दुबे, प्रियंका गौतम सरपंच श्री नीलकमल झरिया, एवं सहयोगी जन सचिव,शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

## भाजपा जबलपुर महानगर के मंडल प्रभारी घोषित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भाजपा जबलपुर महानगर के सभी 18 मंडलो के प्रभारी घोषित किये है। जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया संगठनात्मक गतिविधियों को सुचारु रूप से संपादित करने हेतु मुखर्जी मंडल में शंकर श्रीवास्तव, तिलक मंडल में राजेश मिश्रा, सुभाषचंद्र बोस मंडल में प्रणीत वर्मा, अब्दुल हमीद मंडल में मुरली दुबे, नर्मदा मंडल में श्रीराम शुक्ला,रानी दुर्गावती मंडल में पंकज दुबे, महाराणा प्रताप मंडल में रोहित जैन,महर्षि वाल्मीकि मंडल में राजीव राठौर, गिरिराज किशोर कपूर मंडल में चित्रकान्त शर्मा, अटल बिहारी बाजपेई मंडल में श्रीकान्त साहू, छत्रपति शिवाजी मंडल में रजनीश यादव, शहीद भगत सिंह मंडल में रंजीत पटेल,

वीर सावरकर मंडल में योगेंद्र राजपूत, आचार्य विधासागर मंडल में पंकज मिश्रा, दीनदयाल उपाध्याय मंडल में रिंकूज विज, चंद्रशेखर आज़ाद मंडल में तृष्णा चटर्जी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में प्रशांत केसरवानी, स्वामी विवेकानंद मंडल में विवेक अग्रवाल को मंडल प्रभारी बनाया गया है।

# सर्विस रिकॉर्ड से पहली पत्नी, दिव्यांग पुत्री को सीएमएचओ ने किया बेदखल

### राज्य मानव अधिकार आयोग ने जांच कर कार्यवाही करने दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राज्य मानव अधिकार आयोग ने सीएमएचओ द्वारा पहली पत्नी एवं दिव्यांग पुत्र का नाम पेंशन प्रपत्रों एवं सर्विस रिकार्ड में हटाए जाने के मामले में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस मामले में शिकायतकर्ता आशीष मिश्रा ने शिकायत में बताया था कि सीएमएचओ संजय मिश्रा द्वारा 22 वर्ष छोटी, अपनी दूसरी पत्नी और उसके पुत्र को पेंशन संबंधी और अपनी चल-अचल संपत्ति का अधिकार देने के लिए पुत्र मोह में फसे डॉ संजय मिश्रा के द्वारा अपनी सेवा पुस्तिका और पेंशन प्रपत्रों में दर्ज पहली पत्नी तृप्ति मिश्रा और अपनी दिव्यांग पुत्री कुमारी जान्हवी मिश्रा का नाम अवैध रूप से हटा कर उन्हें पेंशन संबंधी अधिकार तथा चल-अचल संपत्ति




में दिए गए अधिकार से वंचित कर दिया गया था। जब यह जानकारी समाजवादी पार्टी को मिली तो पार्टी की ओर से उसके प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा के द्वारा डॉ संजय मिश्रा सीएमएचओ जबलपुर पर अपनी दिव्यांग पुत्री जाह्नवी मिश्रा व कानूनी पत्नी तृप्ति मिश्रा के मानव अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए मानवाधिकार आयोग में प्रकरण का क्रमांक 439-जबलपुर-2026 दायर कर पीड़िता का नाम वापस सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज कर उसे पेंशन और चल अचल संपत्ति में अधिकार आदि सभी लाभ देने का आदेश जारी करने की प्रार्थना की थी।

### आयुक्त लोक स्वास्थ्य को आदेश जारी

जिस पर मानवाधिकार आयोग के द्वारा संज्ञान लेते हुए डॉ संजय मिश्रा पर उनकी पुत्री के मानवाधिकारों के हनन को दृष्टिगत रखते हुए जांच कार्यवाही के आदेश आयुक्त लोक स्वास्थ्य को जारी कर दिए हैं। मानव अधिकार आयोग की दिनांक 27 जनवरी 2026 की नोट शीट में दर्ज है कि आवेदक आशीष कुमार मिश्रा के द्वारा पीड़िता के पिता डॉ संजय मिश्रा द्वारा अपनी सर्विस रिकार्ड में पूर्व में अपनी पहली पत्नि एवं 40 प्रतिशत दिव्यांग पुत्री जान्हवी का नाम उसके दस्तावेजों की जांच किये बिना हटाकर बिना जानकारी व अनुमति के अपनी दूसरी पत्नि का नाम सर्विस रिकार्ड में दर्ज कर उसे संपत्ति के अधिकारों से वंचित करने के संबंध में जांच कर पीड़िता के अधिकारों की सुरक्षा दिलाने बावत शिकायत की है। मानव अधिकार आयोग के उक्त आदेशानुसार के द्वारा आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा भोपाल को निर्देश दिए गए कि आशीष कुमार मिश्रा की शिकायत विषयक प्रकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारोपरांत आयोग का निर्देश है कि आवेदन को समुचित कार्यवाही हेतु भेजा जाए। मानव अधिकार आयोग के द्वारा शिकायतकर्ता आशीष कुमार मिश्रा को यह भी स्वतंत्रता दी है कि वह चाहे तो सक्षम प्राधिकारी/न्यायालय के समक्ष में विधि अनुसार कार्यवाही कर सकते हैं।

# दामादों ने कर दी सुसर की निर्मम हत्या

## अंधे हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

जिले के थाना परसवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरंडिया के जंगल में मिले 60 वर्षीय बुजुर्ग के शव के मामले में पुलिस ने अंधे हत्याकांड का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या पुरानी पारिवारिक रंजिश के चलते मृतक के दामाद और उसके साढ़ू द्वारा किए जाने का खुलासा हुआ है।



जानकारी के अनुसार, 03 फरवरी 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम अरंडिया के जंगल क्षेत्र में एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी परसवाड़ा, फोरेंसिक टीम, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण कर मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतक की पहचान कैलाश गिरी गोस्वामी (60 वर्ष) निवासी नेवरगांव (नगाटोला), थाना वारासिवनी के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मृत्यु होना पाया गया, जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक का अपने दामाद अशोक गिरी और उसके साढ़ू रुस्तम गिरी से पुराना विवाद चल रहा था। 30 जनवरी 2026 की शाम दोनों आरोपी मृतक को शराब पिलाने के बहाने मोटरसाइकिल से अरंडिया जंगल ले गए, जहां सुनसान स्थान पर लकड़ी के डंडे से सिर पर वार कर तथा गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में शव को घसीटकर जंगल के भीतर फेंक दिया। हत्या के बाद आरोपी अशोक गिरी ने खुद ही गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह किया और जांच में सहयोग का दिखावा करता रहा। संदेह गहराने पर दोनों से कड़ी पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। अशोक गिरी ने मृतक का झोला और सामान अपने पिता की समाधि के पास ले जाकर जलाने की बात भी कबूली, यह कहते हुए कि उसने पिता का बदला लिया।

पुलिस ने 08 फरवरी 2026 को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

इस मामले के खुलासे के साथ पुलिस ने आरोपी अशोक गिरी (30 वर्ष) निवासी डोंगरिया, थाना परसवाड़ा, रुस्तम गिरी (37 वर्ष) निवासी समसवाड़ा, थाना चौरई, जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, आरोपी का मोबाइल, घटना के समय पहने कपड़े, लकड़ी का डंडा तथा जलाए गए झोले की राख बरामद की गई। पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करते हुए इसे सुनियोजित हत्या बताया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# विधवा महिला को ससुराल पक्ष ने पैतृक संपत्ति से किया बेदखल, न्याय की गुहार लेकर पहुंची कलेक्ट्रेट

बालाघाट (स्वतंत्र मत)। एक विधवा महिला अपनी दो बेटियों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जब अपनों ने ही उन्हें पैतृक संपति से जब वंचित कर दिया तो वह बच्चों की मासूमियत और मां की बेबसी न्याय के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहीं हैं, अब उन्होंने 10 फ़रवरी की दोपहर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से गुहार लगाई है।



यह मामला लालबर्रा तहसील के ग्राम दादिया में एक विधवा महिला मंजूलता भगत और उनकी दो बेटियों की । जिन्हें उनके अपनों ने ही याने ससुराल पक्ष द्वारा पैतृक संपत्ति से वंचित करने का मामला है। ग्राम ददिया निवासी मंजूलता भगत के पति स्वर्गीय महेश भगत का निधन करीब 4 वर्ष पूर्व हो चुका है। मंजूलता अपनी दो बेटियों के साथ संयुक्त परिवार में रहती थीं। आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद से ही उनकी सास भुरकन भगत, जेठ रमेश भगत और जेठानी नीतू भगत द्वारा उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे पहले पीड़ित महिला ग्रामीणों के साथ लालबर्रा थाना में आवेदन किया था अब कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई है।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उक्त भूमि की रजिस्ट्री धोखाधड़ी से जेठानी नीतू भगत और नाती अविनाश भगत के नाम कर दी गई है। पीड़िता ने बताया कि ग्राम दादिया और बालाघाट में स्थित पैतृक मकानों सहित लालबर्रा स्थित प्लॉट पर भी ससुराल पक्ष का कब्जा है। उन्हें वहां रहने से रोका जा रहा है और अनजान व्यक्तियों को भेजकर डराया-धमकाया जा रहा है। विधवा महिला और उनके बच्चों के साथ हो रहे इस अन्याय के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी थाने पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बेसहारा महिला को उसका हक दिलाया जाए और प्रताड़ित करने वाले दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बदमाशों ने 6 युवकों के साथ की मारपीट

### घटना के विरोध में रजेगांव बंद, पुलिस ने निकाला बदमाशो का जुलूस

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।



जिले में दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब कानून का डर भी खत्म होता नजर आ रहा है। बीच सड़क एक युवक की लोहे के पाइप से बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिसके बाद पीड़ित युवको के परिजनो व ग्रामीणो में आक्रोश फूट गया और ग्रामीणो ने रजेगांव बदं का आव्हान करके आरोपीयों को जूलूस निकालने की मांग की।

दरअसल, यह मामला किरनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रजेगांव का है, जहां रेत कंपनी से जुडे लोगो ने गांव के युवको के साथ मारपीट की थी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वॉयरल हुआ। जहां उक्त घटना के विरोध में 10 फरवरी को ग्रामीणो ने रजेगांव बंद रखा और आरोपियों का जुलूस निकलने की मांग की। हालांकि घटना का वीडियों सामने आने के बाद पुलिस ने बदमाशो को गिरफ्तार किया। लेकिन उक्त कार्यवाही से ग्रामीणो का आक्रोश नही थमा और ग्रामीणो ने आरोपीयों को जुलूस निकालने व उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार तीन आरोपीयों का जुलूस निकाला।

बताया जा रहा है कि यह विवाद गाड़ी टकराने की मामूली बात को लेकर शुरू हुआ था, जिसने बाद में हिंसक रूप ले लिया। ग्रामीणों के अनुसार,रेत ठेकेदार के करीबी सेम हुसैन और जुनैद अपने साथियों के साथ रजेगांव के युवकों पर टूट पड़े। हवा पंचर की दुकान के पास खड़े ट्रक के नजदीक लोहे के पाइप और डंडों से गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की गई। इतना ही नहीं, आरोप है कि बस स्टैंड रजेगांव में बैठे बाबा भाई पर भी धारदार हथियार से हमला किया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दबंगों का पीछा किया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही किरनापुर पुलिस मौके पर पहुंची और रेत ठेकेदार के करीबी सेम हुसैन एवं जुनैद को हिरासत में लेकर थाना ले जाया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में मोर्चा संभाले हुए है। वही आरोपीयों का जुलूस निकाले जाने के बाद रजेगांव बंद स्थगित कर प्रदर्शन समाप्त किया गया। अभी स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है।

## बीमा कंपनी बजाज एलाइंस को देना होगा 2 लाख रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि

बालाघाट। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग डॉ महेश कुमार चांडक और सदस्य श्रीमती हर्षा डोहरे की संयुक्त बैंच ने शिवपूजन मिश्रा को 2 लाख रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि, ब्याज और हर्जाने के रूप में देने के आदेश बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी नागपुर को दिए हैं। शिवपूजन मिश्रा ने अपनी हुंडई कार के लिए बीमा पॉलिसी ली थी, जो दुर्घटना 12 दिसंबर को आवेदक लालबर्रा के तरफ आ रहा था रात्रि में सामने अचानक गाय आ जाने के कारण उपरोक्त वाहन पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। शिवपूजन मिश्रा ने अपनी कार का बीमा बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी नागपुर से किया था, जिसकी पॉलिसी दिनांक 18 दिसंबर 2022 से 17 दिसंबर 2023 तक थी। दुर्घटना 12 दिसंबर को 2023 को हुई थी, उन्होंने तुरंत बीमा कंपनी को सूचना दी और वाहन को सुधारने के लिए कहा। लेकिन बीमा कंपनी ने दावा अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद शिवपूजन मिश्रा ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

# प्राईवेट स्कूलों में पढ़ानी होंगी सरकारी पाठ्यक्रम की पुस्तकें

## महंगी पुस्तकों से आर्थिक भार को कम करने शासन की पहल

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत, भारत में कई राज्यों में निजी (प्राइवेट) स्कूलों को सरकारी (एससीईआरटी/ एनसीईआरटी) पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें लागू करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य सभी स्कूलों में शिक्षा की एकरूपता, गुणवत्ता और निजी प्रकाशनों की महंगी किताबों के बोझ से अभिभावकों को राहत दिलाना है।



जानकारी अनुसार, मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा एस.सी.ई.आर.टी. एवं एन.सी.ई.आर.टी. के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षा 1 से कक्षा 12 तक उच्च गुणवत्ता की पाठ्य पुस्तकें अत्यंत कम कीमत पर मुद्रित कर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जाती हैं। शासन के निदेर्शानुसार म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध सभी विद्यालयों में निर्धारित पाठ्यक्रम की इन्हीं पुस्तकों से पठन-पाठन कराया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद प्रदेश के कई अशासकीय विद्यालयों में शासकीय प्रकाशकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें उपयोग में लाई जा रही हैं, जिनकी कीमत निगम की पुस्तकों की तुलना में 5 से 10 गुना तक अधिक होती है। इससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक भार पड़ रहा है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि निदेर्शों के अनुसार, म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम के डिपो प्रभारियों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों के अशासकीय विद्यालयों की सूची संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी कार्यालय से प्राप्त करने के लिए कहा गया है। इसके बाद विद्यालयों के प्राचार्यों को निगम प्रकाशनों की मूल्य सूची भेजकर यह सूचित किया जाएगा कि वे निगम के पंजीकृत पुस्तक विक्रेता अथवा सीधे निगम के डिपो से 20 प्रतिशत रिबेट पर एकमुश्त अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें क्रय कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी महीनों में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर पुस्तक मेले आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। इस संबंध में डिपो प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित विकासखंड के बीआरसी/बीईओ से संपर्क कर पुस्तक मेले की तिथि और स्थान की जानकारी प्राप्त करें तथा मेले में म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम के प्रकाशनों के स्टॉल लगाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस आयोजन में होने वाले व्यय की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मुख्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### इनका कहना हैं

शासन का उद्देश्य है कि प्रदेश के सभी विद्यार्थियों को न्यूनतम लागत पर गुणवत्तापूर्ण पाठ्यसामग्री उपलब्ध हो सके और अभिभावकों पर पड़ने वाला अनावश्यक आर्थिक बोझ कम किया जा सके। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में समानता और सुगमता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

**अश्विनी कुमार उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट**

# नब्बे मोड़ पर फिर हुआ भीषण सड़क हादसा, दो सगे भाई गंभीर...!

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

मंगलवार 10 फरवरी को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहपुरा मार्ग स्थित तमन्नारा के आगे मौजूद कुख्यात नब्बे मोड़ पर एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। इस दुर्घटना में मरदर निवासी दो चचेरे भाई बाइक सहित हादसे का शिकार हो गए,जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में बुधमान पिता लगन सिंह (23 वर्ष) एवं उनके चचेरे भाई विनोद पिता नत्थू सिंह (18 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर 108 एम्बुलेंस पहुंची, जिसके बाद दोनों घायलों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया। एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी आबिद शेख एवं पायलट संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। गौरतलब है कि तमन्नारा के आगे स्थित यह नब्बे मोड़ पहले से ही एक्सीडेंट पॉइंट के रूप में जाना जाता है।यहां पूर्व में भी कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं.!



# पौने चार करोड़ से बनने वाले छात्रावास का मानपुर विधायक ने किया भूमि पूजन

मानपुर (स्वतंत्रमत)।

रविवार 8 फरवरी को मानपुर विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक, मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री मीना सिंह जी ने बालिका के 50 और बालक के 50 सीटर वाले छात्रावास का भूमि पूजन किया, जो प्रधानमंत्री जन-मन योजना के मद से सांदीपनी स्कूल में पढ़ने वाले बैगा जाति के लिये 100 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण होना है, जिस का निर्माण 3 करोड़ 71 लाख के लागत से बनना है।



अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि विधायक सुश्री मीना सिंह जी ने कहा कि बीजेपी सरकार के द्वारा विकास कार्य बड़े तेज रफ्तार से करवाये जा रहे हैं जो सब को दिखता है, बीजेपी सरकार नें मध्य प्रदेश को बीमारू से विकासशील प्रदेश का दर्जा हॉसिल करवाई है, कांग्रेस सरकार के समय मानपुर विधान सभा में गिने चुने स्कूलें कॉलेज और शासकीय कार्यालय भवन हुआ करते थे, जहां बीजेपी सरकार के कार्यकाल में इतने स्कूल अथवा अन्य शास्कीय भवन हो गये हैं जिनके सारणी तयार करने में कई पेज भर जाते हैं। भाजपा सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से तकरीबन हर वर्ग आयु के लोगों का विकास कार्य करवाया गया है, जो देश की जन्ता जानती है और मानती भी है। यहां की जन्ता हमें सेवा करने का दायित्व सौंपी है, वहीं आप जन्ता जनार्दन के सेवा करना हमारा परम करतब्य है जिस सेवा कार्य में हम अपने जीवन के प्रत्येक छण न्यौछावर करते रहेंगे।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भारती सोनी ने आभार प्रगट कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में जिला महांमंत्री हरीश विस्वकर्मा, उपाध्यक्ष जयसवाल, छोटेलाल सिंह, मौजीलाल चौधरी, मानपुर मंडल अध्यक्ष राममोल केवट, बिजौरी मंडल अध्यक्ष हरिहर चतुर्वेदी, इन्दवार मंडल अध्यक्ष सोमचंद रजक, घुनघुटी मंडल अध्यक्ष अशोक नायक, रसिक खण्डेलवाल, सुरेश तिवारी, शैलेष त्रिपाठी, एड. सतीष सोनी जी,पार्षद श्रीमती संतरा बाई, शिवराम शुक्ला के सांथ सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

# सरपंच सचिव कर रहे राशि का दुरूपयोग

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

थाना व तहसील पाली निवासी रामनाथ सिंह पिता श्री महेन्द्र सिंह सांकिन नेउसा ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत ममान के सरपंच सुमरित लाल बैगा के द्वारा प्रधानमंत्री सड़क में जबरन गैर उचित रूप से रोड पर पाईप, पुलिया का निर्माण कराया गया है । कार्य ग्राम जमुड़ी में कराया गया जबकि उपरोक्त पाईप पुलिया की आवश्यकता नहीं थी। जिसकी लागत राशि 3,51000 रू0 (तीन लाख इक्यावन हजार रू0) है। इसी तरह से ग्राम मढ़हाटोला में सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य ऐसे स्थान पर कराया गया है जहां पर आबादी किसी तरह से नहीं है और न ही वहां पर किसी का आवासीय मकान बना हुआ है। जहां पर सी0सी0 रोड की कोई आवश्यकता नहीं थी जिसकी लागत राशि 3,50,000/- रू0 (तीन लाख पचास हजार रू0) और उसी सी0सी0 रोड में समतल भूमि पर पुनः एक पाईप पुलिया का निर्माण कार्य कराया गया है , जिसकी लागत राशि 3,50,000रू0 (तीन लाख पचास हजार रू0) इस तरह से सरपंच द्वारा पैसे का आहरण करने राशि खाने के उद्देश्य से जबरन निर्माण कार्य कराया गया है जोकि जॉच का विषय है, मौजूदा समय में 8,50,000 (आठ लाख पचास हजार रू0) का चेक डेम ग्राम मढ़हाटोला में बनाया जा रहा है उसकी कोई आवश्यकता नहीं है क्योकि पूर्व में ही उसके आगे पीछे चेकडेम बना हुआ है। उन्होने मांग की है कि सरपंच ग्राम पंचायत ममान के द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जाँच कराई जाए एवं शासकीय राशि का दुरूपयोग करने हेतु कार्यवाही किये जाने व राशि वसूले की जाए।

# जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कलेक्टर सख्त

## निर्देशों के परिपालन में खनिज विभाग ने की बड़ी कार्यवाही

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु जिले में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी चंदिया, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, थाना प्रभारी चंदिया, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा जॉच के दौरान ग्राम झाला तहसील चंदिया, जिला उमरिया स्थित उमरार नदी क्षेत्र में बाबा महाकाल मिनरल्स प्रायवेट लिमिटेड के द्वारा खनिज रेत के अवैध उत्खनन करना पाया गया। उन्होने बताया कि सुनियोजित ढंग से तैयारी कर संलिप्त टू-टेन चौन माउटिंग मशीन सैनी 210 जिसका सीरियल नंबर 18 एसईवाय 02185387 को जप्त किया गया है। वाहन ट्रक क्रमांक क्रमशः एमपी 21 एच1897, एमपी 21 एचबी 6956, एमपी 21जेडई 5957, सीजी 12 बीजी 1566, एमपी 35 एचए 0137 को खनिज रेत के अवैध उत्खनन/परिवहन में संलिप्त पाये जाने से जप्त किया जाकर पुलिस थाना चंदिया में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया है। कार्यवाही में खनिज, राजस्व एवं पुलिस अमले की अहम भूमिका रही।



उक्त समस्त वाहनों पर खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन के लिए प्रकरण तैयार कर म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है साथ ही संयुक्त जॉच टीप द्वारा जिले में अवैध उत्खनन के क्षेत्रों को चिन्हित कर सघन जाँच का अभियान चलाया जा रहा है।

# फायलेरिया बीमारी के नियंत्रण हेतु 10 फरवरी 2026 से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

उमरिया (स्वतंत्रमत)। एम.डी.ए. सामूहिक दवा सेवा अभियान के सफल संचालन के लिए दिनांक 10.02.2026 दिन मंगलवार को मुख्य अतिथि ,श्रीमती राधा तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष की अध्यक्षता में पी.एम.श्री शासकीय कन्या परिसर गोरईया पाली में सामूहिक दवा सेवन (एम.डी.ए.)अभियान विकासखंड पाली के समस्त ग्रामों में 10 फरवरी से 24 फरवरी तक फायलेरिया उन्मूलन (हाथी पांव) की बीमारी से बचाव हेतु विशेष अभियान चलाकर समस्त् शैक्षणिक संस्थाओं एवं घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं गठित दल के माध्यम से दवाओं का सेवन कराया जाएगा। 10, 11 एवं 12 फरवरी को बनाए गए बूथों में दवा का सेवन कराया जायेगा एवं 13 को मापअप राउण्ड बूथ पर छूटे हुयें लोगों को दवा खिलाई जावेगी। 14 फरवरी से 20 फरवरी तक दल द्वारा घर-घर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। 21 फरवरी से 24 फरवरी तक, मापअप राउन्ड के तहत छूटे हुए लोगों को दवा का सेवन कराया जाना है। फायलेरिया बीमारी से बचने के लिए दवा का सेवन आवश्यक है। फायलेरिया की बीमारी कभी भी किसी को भी हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि दवाई का सेवन स्वयं करें और अपने संपर्क के लोगों को भी दवा खाने के लिए जागरूक करें।



वर्ष में एक बार 02 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी जन समुदाय को निर्धारित मात्रा में फायलेरिया रोधी दवा डीईसी (डाय इथाइल कार्बामैजीन) एवं एल्वेन्डाजोल का सेवन कराया जाना आवश्यक है। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है। एल्वेन्डाजोल की गोली चबाकर ही खाना है। 02 से पांच वर्ष के बच्चों को 01 डीईसी टेबलेट तथा 01 एल्वेन्डाजोल, 06 से 14 वर्ष के बच्चों को 02 डीईसी टेबलेट तथा एक एल्वेन्डाजोल एवं 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 03 डीईसी टेबलेट एवं एक एल्वेन्डाजोल टेबलेट खिलाई जानी है। सामूहिक दवा सेंवन के दौरान डॉ व्ही एस चंदेल - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया, डॉ पी एल सागर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्डा पाली, श्री राहुल नेमा राज्य सालहकार एनव्हीबीडीसीपी, सुधीश् यादव राज्य प्रतिनिधि, दशन पेन्डाबम डीपीएम, रवि कुमार साहू जिला मलेरिया सलाहकार उमरिया, श्रीमती प्राजीत कौर एमएंडईओ, रोहित सिंह डीसीएम जितेन्द्रर बीझी ब्लॉक मलेरिया सुपरवाईजर, जियाउददीन खान बीपीएम पाली, पूजा महोबिया बीसीएम पाली, गौरव मिश्रा जिला समन्वरयक पीसीआई, शिवानी सीएचओ, श्रीमती सरिता जैन प्राचार्य पी.एम.श्री शासकीय कन्या परिसर गोरईया पाली एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

सेक्टर के कर्मचारी एवं सेक्टर सुपरवाईजर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता,सी.एच.ओं, ए.एन.एम. आशा कार्यकर्ता एवं एमएसजी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। 93 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, सचिन जैन और संस्कार बावरिया सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## मिलेट फूड 13 एवं 14 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मोटे अनाज श्री अन्न के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मंडला एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आगामी 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पुलिस ग्राउंड में प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। जानकारी के अनुसार फूड फेस्टिवल में मिलेट्स कोदो, कुटकी, रागी आदि से बने स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे नागरिकों के मनोरंजन के विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है। जिला प्रशासन ने समस्त नगरवासियों से इस फूड फेस्टिवल में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने अपील की है।

## आरोग्यम जन स्वास्थ्य शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से आरोग्यम मण्डला 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 11 को जिले में 32 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रात: 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## कलेक्टर ने की नशामुक्ति समीक्षा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधि एवं कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा बैठक योजना भवन में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग रोहित बड़कुल ने बैठक में अवगत कराया कि जिले के सभी थानों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में जाकर नशे के दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जा रहा है। विभिन्न व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से नशे का कारोबार करने वाले व्यक्तियों की सूचना प्राप्त कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिले में नशे के खात्मे के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि आबकारी एक्ट के अंतर्गत 27 जनवरी से 6 फरवरी तक 23 अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। इस कार्यवाही में 221.81 लीटर शराब जप्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 21 हजार 548 रूपए है।

## इनर व्हील ने दी सीमेंट चेयर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** शहर के प्रसिद्ध शीतला मंदिर परिसर में श्रृद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इनर व्हील क्लब की महिलाओं द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब सदस्यों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने हेतु सीमेंट से बनी मजबूत कुर्सियां चेयर दान कीं जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले भक्तों को काफी राहत मिलेगी क्लब ने बताया कि भविष्य में भी मंदिर परिसर में बैठक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया के कर कमलों द्वारा चेयर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सचिव सुनीता

# सरकारी धान की हेराफेरी में निपटा खरीदी केन्द्र का अमला सात लोगों के खिलाफ घुघरी थाना में हुई एफआईआर





मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले के घुघरी विकासखंड अंतर्गत दानीटोला धान खरीदी केंद्र में की घपलेबाजी की परते उखड़ने के बाद दोषियों के खिलाफ घुघरी थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। धान खरीदी की अवधि समाप्त होने के बावजूद किसानों से धान की खरीद कर लाखों रुपये के घोटाले की कोशिश के मामले में घुघरी थाना पुलिस ने प्रशासक शशि ठाकुर, समिति प्रबंधक हितेश कुड़ापे, सर्वेयर केशव अहिरवार, सुभाष परतेती, खरीदी प्रभारी समारू सिंह उईके और कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील नेताम व सुखमेन्द्र मार्को के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रारंभिक जांच में इस घोटाले की राशि 75 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। उल्लेखनीय है कि यह पूरा मामला 20 जनवरी को सामने आया था जब दानीटोला धान खरीदी केंद्र में नियमों को ताक पर रखकर धान की खरीद की जा रही थी। नियमानुसार निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी स्थिति में धान खरीदी नहीं की जा सकती बावजूद इसके समिति प्रबंधक की मिलीभगत से किसानों की धान खरीदी गई और उसे ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज करने का प्रयास किया गया। इस गड़बड़ी की भनक लगते ही जिला प्रशासन सख्त हुआ और मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा तत्काल जांच के आदेश दिए गए थे। जांच टीम ने जब दस्तावेजों, ऑनलाइन प्रविष्टियों और मौके स्थिति की पड़ताल की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में स्पष्ट हुआ कि समिति प्रबंधक, सेल्समेन और कंप्यूटर ऑपरेटर ने आपसी सांठगांठ कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने कोशिश की। नियम विरुद्ध तरीके से धान खरीदी कर भुगतान कराने की तैयारी की जा रही थी जिससे लाखों रुपये की हेराफेरी संभव थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य विभाग ने एफआईआर के लिए घुघरी पुलिस थाना में आवेदन दिया था। जहां से दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने बताया कि अब तक की जांच में करीब 75 लाख रुपये से अधिक के घोटाले का प्रयास सामने आया है। मामले की विस्तृत विवेचना जारी है और जांच के दौरान यदि अन्य लोग भी दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस पूरे प्रकरण ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों के हित में बनाई गई व्यवस्था में इस तरह की गड़बड़ियां न केवल शासन को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि ईमानदार किसानों का भरोसा भी तोड़ती हैं। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए धान खरीदी केंद्रों की सख्त निगरानी की जाएगी और दोषियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और वित्तीय लेन-देन से जुड़े सभी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। जिले में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिलेगी ताकि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। बता दें कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दानीटोला में खरीदी केन्द्र क्रमांक-1 एवं खरीदी केन्द्र क्रमांक-2 बनाए गए थे यहां स्थित राज लक्ष्मी वेयर हाऊस में खरीदी की जा रही थी यहां पर 3277 क्विंटल धान कम पाई गई जिसकी शासकीय कीमत 77 लाख 63 हजार 86 रूपए की होती है। इतनी अधिक धान के कम पाए जाने से जांच अधिकारी सख्ते में आ गए और जिम्मेदार अमला कोई भी जबाव नही दें पाया। जिसके चलते प्रबंधक हितेश कुड़ापे, सर्वेयर केशव अहिरवार, सुभाष परतेती, खरीदी प्रभारी समारू सिंह उईके और कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील नेताम व सुखमेन्द्र मार्को को जिम्मेदार मानते हुए विभागीय मामला दर्ज किया गया था। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी संतकुमार भलावी ने बताया कि कार्यवाही के लिए कलेक्टर को प्रकरण प्रेषित किया गया था। वहीं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमति रश्मि गौतम ने बताया कि शिकायत के बाद खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने गए हुए थे जहां पर जांच के बाद यह घोटाला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा प्रदेशभर में धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद दानीटोला खरीदी केंद्र में नियमों को दरकिनार करते हुए 21 जनवरी के बाद भी धान खरीदी की जाती रही जबकि उस समय ऑनलाइन पोर्टल पूरी तरह बंद था। पोर्टल बंद होने के बावजूद धान की तुलाई और खरीदी किया जाना शासन के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन माना जा रहा है।

## वार्षिक उत्सव में बच्चों का मोहक प्रदर्शन

मण्डला(स्वतंत्रमत)




किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स का वार्षिक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस रंगारंग आयोजन में 2.5 वर्ष से 6 वर्ष तक की आयु के लगभग 360 नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़े मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया किड्जी सिविल लाइन्स ने इस आयोजन को अत्यंत सुव्यवस्थित और सफल रूप से संपन्न किया प्ले-ग्रुप के नन्हे बच्चों ने टेलेटबीज एवं कल्चरल कंपास थीम पर रंग-बिरंगे परिधानों में भारत की विविध संस्कृतियों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। वहीं नर्सरी के विद्यार्थियों ने बेबीलीशियस बिट्स, लव इल्यूजन, क्लाइन अराउंड, मशरूम डांस, पेस पॉपर्स, नॉर्दर्न लाइट्स एवं सदर्न रिद्मस जैसी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बचपन की मासूमियत और खुशियों को मंच पर साकार किया जूनियर केजी के बच्चों ने अपनी कल्पना शीलता से परे जाकर आकर्षक जापानी नृत्य प्रस्तुत किया इसके अतिरिक्त हार्ट डांस, टाइमलेस ट्यून्स, एविएशन डांस एवं अनचेंड सोल जैसी ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जी लर्न टीम मुंबई से श्रेया श्रीवास्तव सीनियर हेड एकेडमिक्स एवं सुशांत सिंह सीनियर मैनेजर की विशिष्ट उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए अभिभावकों को बच्चों की परवरिश को और अधिक संवेदनशील, सकारात्मक एवं सशक्त बनाने का प्रेरणादायी संदेश दिया। यह संपूर्ण आयोजन बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों की अथक मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निर्देशक निशांत शुक्ला, प्राचार्या शालिनी शुक्ला, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी, डांस टीचर भव्यदीप कछवाहा, चेतना मालवानी का विशेष मार्गदर्शन रहा मंच संचालन का दायित्व शिक्षिका, काजल असरानी, सौम्या कोष्टा एवं निशा फागवानी ने किया।

## अपोलो हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

मण्डला(स्वतंत्र मत)



अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के द्वारा मंगलवार को गोंडी पब्लिक ट्रस्ट में स्वास्थ्य परामर्श शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया गया। इस शिविर के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जनपद पंचायत मंडला अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी विजय अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्याम दुबे, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमति उमा यादव, सामाजिक कार्यकर्ता दीपमणी खैरवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यहां पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया। अपोलो हॉस्पिटल मंडला टीम मैनेजर दिव्यांग तिवारी ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा सहित उपस्थित अन्य अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत करते हुए शिविर में उपस्थित डॉक्टर और स्टॉफ से परिचय कराया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने उपस्थित चिकित्सों से स्वास्थ्य रहने का परामर्श भी लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगामभाग की इस जिंदगी में स्वास्थ्य के प्रति लगातार लोग लापरवाह होते जा रहे हैं। समय पर खानपान न करना साथ ही अदिनचर्या भी लगातार लोगों को बीमारी की ओर ले जा रही है। उन्होंने अपोलो हॉस्पिटल के डॉरेक्टर सौरभ बडेरिया एवं टीम को इस शिविर के आयोजन पर बधाई दी। वहीं जनपद अध्यक्ष श्री भलावी ने कहा कि लगातार नि:शुल्क शिविर लगने से मरीजों को उचित परामर्श मिलेगा और उन्हें सही और सटीक ईलाज मिल सकेंगा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल ने अपोलो हॉस्पिटल टीम को इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। यहां पर डॉक्टर सूरज कुमार, डॉ अर्चित जैन सहित अन्य डॉक्टर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं टीम लीडर कपिल तनेजा, नितिन रजक, राहुल श्रीवास, प्रताप सिंह चौहान, मोहित प्रजापति, राजा सौंधिया, प्रतिभा मरावी, तरूणा, निधि मिश्रा, ईशा मुख्य रूप से उपस्थित रही। यहां पर लगभग 150 मरीजों का स्वास्थ्य उपचार कर उनके बीपी, सुगर, ईसीजी सहित अन्य जांच करते हुए उचित परामर्श देते हुए नि:शुल्क दवाई दी गई। मंडला रिसोर्स ऑफिसर आंकाक्षा यादव, अंकित झारिया, प्रतीक धूमकेती ने इस शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रेमपुर के खेरोदाई पेनठाना को बचाने दिया ज्ञापन

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)



आदिवासी महापंचायत गढ़ा मंडला के द्वारा ग्राम पंचायत भंवरदा के अंतर्गत पोषक ग्राम प्रेमपुर में स्थित खेरोदाई पेनठाना को बचाने के लिए कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। ग्राम प्रेमपुर में विगत वर्षो से खेरोदाई के लिए पेनठाना निर्माण हेतु रंगमंच का निर्माण किया गया है इसमें अनुसूचित जनजाति आदिवासी समाज के मुख्य आस्था का केंद्र जो खेरोदाई के नाम से है। इसके लिए शासन से अनुदान के तहत वित्त व्यवस्था के माध्यम से रंगमंच का निर्माण किया गया है और रंगमंच के निर्माण के समय यह रंगमंच बड़ा देव पेनठाना के नाम से बनाया गया है जिसमें निर्माण कार्य के दौरान और अभी भी वहां पर बड़ादेव पेनठाना के लिए निर्माण कार्य संबंधी सूचना के लिए बोर्ड लगा है जिस पर विगत कई महीनो से कार्य प्रगति पर होकर अंतिम स्थिति पर पहुंच चुकी है अब वहां पर गांव के अन्य समुदाय के द्वारा अपनी आस्था के आधार पर दुर्गा जी की मूर्ति स्थापित करने के लिए प्रयास कर रहे हैं इस संबंध में जब आदिवासी समाज को जानकारी प्राप्त हुई तो यह सूचना आदिवासी महापंचायत गढ़ा को दी गई सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पेसा ग्रामसभा के प्रस्ताव के माध्यम से यह स्पष्ट प्रस्ताव पारित किया गया है कि यह रंगमंच आदिवासी समुदाय के खेरोदाई के लिए है जब पंचायत में पेसा ग्रामसभा के माध्यम से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर यह रंगमंच बनाया गया है तो अन्य समुदाय के लोगों को इस पक्ष में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए इस ज्ञापन के माध्यम से आदिवासी महापंचायत ने शासन को अवगत कराया है कि यदि उक्त स्थान पर अन्य समुदाय के लोगों का प्रतिमा या कुछ अन्य मूर्तियां स्थापित की जाती है तो आदिवासी महापंचायत उग्र आंदोलन करेगी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसी गांव में दुर्गा जी की स्थापना हेतु अलग से स्थान है जो की अन्य समुदाय के एक आस्था का केंद्र है जब अन्य समुदाय के लिए अलग से स्थान उपलब्ध है तो इस समुदाय को इस पेनठाना में अपना कब्जा करने के लिए प्रयास नहीं करना चाहिए इसमें आपसी समुदाय में मनमुटाव की भावना सतत पैदा हो रही है।

## ज्ञानदीप में प्री-प्राइमरी विंग का लोकार्पण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शहर के मध्य स्थित ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल में आधुनिक तकनीक से युक्त नव निर्मित प्री-प्राइमरी विंग का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस नए विंग का उद्देश्य नई पीढ़ी को शिक्षा के नवीनतम स्वरूप से जोड़ते हुए प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना है कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम राजेन्द्र सिंह, एसडीएम सोनल सीडाम तथा भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एसबीआई प्रबंधन द्वारा विद्यालय को आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कंप्यूटर लैब के लिए 5 कंप्यूटर सिस्टम प्रदान किए गए जिससे विद्यार्थियों को वर्तमान समय की आवश्य कताओं के अनुरूप डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के सचिव डॉ. संजय तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अजय खोत, कार्यकारिणी सदस्य संजय मिश्रा, मनोज फागवानी, प्रसन्न सराफ, सैयद जावेद अली, प्राचार्य दिनेश दुबे एवं मो. रफीक खान सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे विंग की रचनात्मक साज-सज्जा में सिमरन खान, वर्षा सोनी, शीतल चौरसिया, पूजा पाठक, मीना चौरसिया और अनुका तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# निवारी में श्रीराम कथा का समापन

### आपसी रिश्तों का उदासीन व्यवहार पारिवारिक रिश्तों को तोड़ रहा है





नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

श्रीराम कथा का नैनपुर के ग्राम निवारी में भव्य और दिव्य समापन हुआ। भक्तो की अपार भीड़ और सस्वर कथा वाचन ने श्रीराम कथा को अमर बना दिया। समापन दिवस पर व्यासाचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने त्रेता युग मे भगवान श्रीराम की कथा चरित्र का शास्वत वर्णन किया। आपने कहा कि वर्तमान में परिवारों के बिखरने का कारण हमरी पारिवारिक एकता की कमी और आपसी रिस्तो के प्रति हमारा उदासीन व्यवहार है। कथा में आपने बताया कि भरत ने श्री राम के लिए सिंहासन त्याग दिया था। मातृ शक्तियो को जागृत करते हुए कहा कि जो महिला आपके मन को भटकाए वो निश्चिन्त तौर पर मंथरा है। उस महिला से सावधान होने की जरूरत है। कहा की भाई भाई में प्रेम होना चाहिए। प्रेम हो तो प्रभु राम जी और भाई भरत जैसा जो संपत्ति के लिए नही लड़े थे। विपत्ति में एक दूसरे का साथ देने के लिए खड़े थे। जब भगवान को वनवास हुआ 14 साल का तो भरत जी ने सिंहासन नही संभाला अपितु प्रभु राम जी की चरण पादुका को सिंहासन में रख दिया और खुद नंदी ग्राम में चले गए।।भरत खुद जिद कर रहे थे की वो भी प्रभु राम जी के साथ जंगल जाएंगे पर राम जी ने उन को रोक दिया था की अयोध्या कौन देखेगा।।बालि और सुग्रीव भाई का वर्णन बताते हुए आपने कहा की बाली ने अपने अनुज की पत्नि को अपने पास रख लिया था जो धर्म विरूद्ध था जो बालि की मौत का कारण बना।।आपने कहा की पड़ोसी राम कथा सुनने आया करता है आप सरक के जगह दे देते है पर गली में 2 इंच जमीन नहीं देते है जिस दिन जमीन दे देंगे राम राज्य आ जायेगा।। कथा सुन के यदि हम घर समाज में इस का पालन करें।। निश्चित तौर पर राम राज्य आयेगा।।राम कथा पंडाल तक सिमटी है इस लिए राम राज्य नहीं आ रहा है।।।एक अन्य प्रसंग का उदाहरण देते हुए राम जी हनुमान जी बात कर रहे थे हनुमान जी ब्राह्मण के वेश में थे वो राम जी के पास पहुंचे थे पर राम जी ने पहचान लिया बोले प्रभु में असली ब्राह्मण हूं या नकली आप ने कैसे जाना प्रभु राम जी बोले ब्राह्मण में तेज होता है वो किसी के पैर में नही गिरते तुम जैसे ही पैर में गिरे में समझ गया था ये नकली ब्राह्मण है। निवारी में 9 दिन से चल रही राम कथा का समापन हुआ । जाहिर है कि यहां 25 साल से लगातार ग्राम वासी मिल कर यह आयोजन कर रहे है ।।कथा में प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पत्तिया उइके ने भी शिरकत कर धर्म लाभ उठाया। जन भावना के अनुसार मंदिर के दीवाल निर्माण के लिए राशि की घोषणा की । जगत गुरु पंडित धीरेन्द्र चार्य जी झांसी के मुखार बिन्द से 31 जनवरी से 8 फरवरी तक राम कथा निवारी के सभी धर्म प्रेमी जनता के सहयोग से सम्पन्न हुई।

## कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने उत्कृष्ट विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। कलेक्टर ने परीक्षा हॉल में बैठक व्यवस्था पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा प्रबंधों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीपीसी कुलदीप कटहल, एपीसी मुकेश पांडे, महेंद्र श्रीवास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

## स्पीकर पर अविश्वास!

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ से भारत के पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब से जुड़े संदर्भ पेश करने की मांग के बाद से बजट सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। इस मामले में विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को भी घेरा है, जिन्होंने राहुल को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव से इतर किसी किताब या रिपोर्ट पर बोलने की इजाजत नहीं दी। विपक्षी दलों का आरोप है कि उन्हें बहस के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता और उनके नोटिसों को चुनिंदा तरीके से स्वीकार किया जाता है। जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो अक्सर उनका माइक बंद कर दिया जाता है। विपक्ष ने स्पीकर के उस बयान पर आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि महिला सांसद प्रधानमंत्री पर हमले की योजना बना रही थीं। विपक्ष ने इस आरोप को निराधार बताते हुए स्पीकर से इस पर स्पष्टीकरण और सबूत की मांग की है। अब सामने आया है कि लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि संसद के निचले सदन के अध्यक्ष को हटाने की क्या प्रक्रिया है? भारतीय संविधान में लोकसभा स्पीकर को हटाने की जो प्रक्रिया है उसे तकनीकी रूप से 'महाभियोग' नहीं कहा जाता। संविधान में स्पीकर को हटाने का जिक्र अनुच्छेद 94(सी) के तहत दिया गया है। इसमें कहा गया है कि स्पीकर को लोकसभा के प्रस्ताव के जरिए हटाया जा सकता है। स्पीकर को हटाने के लिए लिखित नोटिस दिया जाना जरूरी है। वह भी प्रक्रिया शुरू करने से कम से कम 14 दिन पहले। इसी के साथ ऐसे किसी भी प्रस्ताव के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी है। जब स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर सदन में चर्चा या बहस हो रही होती है, तब स्पीकर सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते। इस दौरान डिप्टी स्पीकर या राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त कोई अन्य सदस्य सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। स्पीकर को हटाने के लिए सदन के तत्कालीन सभी सदस्यों के बहुमत की जरूरत होती है। सीधे शब्दों में यह सामान्य अविश्वास प्रस्ताव से अलग है, क्योंकि इसमें केवल सदन में मौजूद और मतदान करने वाले सदस्यों का बहुमत पर्याप्त नहीं होता। सभी सदस्यों की मौजूदगी और उनका मतदान करना जरूरी होता है। अगर लोकसभा में यह प्रस्ताव बहुमत से पारित हो जाता है, तो स्पीकर को तत्काल प्रभाव से पद छोड़ना पड़ता है। इसके साथ ही सदन को नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करनी होती है। भारत के पहले लोकसभा अध्यक्ष जीवी मालवंकर के खिलाफ 18 दिसंबर 1954 को अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। स्पीकर को हटाने के लिए एक अविश्वास प्रस्ताव 24 नवंबर 1966 को लाया गया था। फिर 15 अप्रैल 1987 को भी लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाया गया। लेकिन ऐतिहासिक रूप से, भारत में अब तक किसी भी लोकसभा स्पीकर को इस प्रक्रिया के जरिए नहीं हटाया गया है। भारतीय संसदीय इतिहास में लोकसभा अध्यक्ष को उनके पद से हटाने के लिए अब तक तीन बार प्रस्ताव लाए गए हैं, लेकिन ये तीनों ही बार सदन में गिर गए और कभी भी किसी अध्यक्ष को हटाया नहीं जा सका। यानी साफ तौर पर संविधान की तरफ से स्पीकर पद की गरिमा को ऊपर रखा गया है। इसलिए इसकी प्रक्रिया को भी जटिल किया गया है।

# खेमचंद राज्य के नए सीएम: क्या सरकार की बहाली से बदलेगी मणिपुर की तस्वीर

**भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सत्ता का संतुलन साधने की कवायद में कुकी और नागा समुदाय के एक विधायक को उप-मुख्यमंत्री के तौर पर सरकार में शामिल करने का फैसला किया था।**

प्रभाकर मणि तिवारी

बीते करीब 34 महीने से मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी जातीय हिंसा से जूझ रहे पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक साल के राष्ट्रपति शासन के बाद नए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बहाल हो गई है। लेकिन सवाल उठ रहा है कि क्या इससे जमीनी परिस्थिति में कोई खास सुधार आएगा? सरकार के गठन के बाद बदलते घटनाक्रम से तो यह उम्मीद बेईमानी ही लगती है।



भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सत्ता का संतुलन साधने की कवायद में कुकी और नागा समुदाय के एक विधायक को उप-मुख्यमंत्री के तौर पर सरकार में शामिल करने का फैसला किया था। लेकिन राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के तौर पर कुकी समुदाय की विधायक नेम्चा किपगेन ने जिस तरह दिल्ली के मणिपुर भवन से ही वर्चुअल तरीके से शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया उससे इस बात के संकेत मिलने लगे थे कि अंदरखाने सब कुछ ठीक नहीं है।

आखिर वही हुआ जिसका डर था। कुकी-जो समुदाय ने अगले दिन से ही इसका विरोध शुरू कर दिया। राज्य के कई इलाकों में नए सिरे से हिंसा हुई और कुकी संगठनों ने बंद बुलाया। हालांकि नेम्चा किपगेन ने तमाम समस्याओं को बातचीत के जरिए सुलझाने की जरूरत पर जोर दिया है। लेकिन कुकी समुदाय अपने इलाके में स्वायत्त प्रशासन की पुरानी मांग पर अड़ा है।

यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि तीन मई, 2023 से ही राज्य में दोनों समुदायों के बीच लंबे समय से जारी हिंसा में ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों बेघर हो चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 60 हजार से ज्यादा लोग अब भी विभिन्न राहत शिविरों में रह रहे हैं।

अब नई सरकार की सबसे बड़ी चुनौती मैतेई और कुकी समुदाय के बीच आपसी भरोसा बहाल करना और राहत शिविरों में रहने वालों को उनके घरों तक लौटाना है। लेकिन कुकी संगठनों के रवैए को देखते हुए सरकार की राह आसान नहीं लगती। राज्य की 60-सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के 37 विधायक हैं।

इनमें से सात कुकी समुदाय के हैं। कुकी समुदाय के कुल 10 विधायक हैं। यह राज्य घाटी और पर्वतीय इलाके में बंटा है। मणिपुर घाटी में विधानसभा की 40 सीटें हैं और कुकी-नागा बहुल पर्वतीय इलाके में बीस सीटें।

दरअसल, राज्य में सरकार की बहाली भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और केंद्र सरकार के लिए मजबूरी थी। पहली बात यह थी कि अगले सप्ताह राष्ट्रपति शासन को एक साल पूरे होने वाले थे। उसे और बढ़ाने के लिए संसद में संविधान संशोधन कानून पारित करना पड़ता।

इसके अलावा अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। राष्ट्रपति शासन में चुनाव होने की स्थिति में भाजपा के हाथों से सत्ता निकलने का खतरा था। एनडीए के विधायक बीते दो महीने से केंद्र पर राज्य सरकार को बहाल करने के लिए दबाव बना रहे थे। उनकी दलील थी कि राज्य की परिस्थिति के कारण ही लोकसभा में पार्टी को दोनों सीटें गंवानी पड़ी थी। बीते महीने से ही राज्य के विभिन्न इलाकों में सेव मणिपुर रैलियों का आयोजन किया जा रहा था।

विपक्षी कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा ने अपने सियासी हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य में सरकार तो बहाल कर दी है। लेकिन कुकी समुदाय को भरोसा में लिए बिना की गई इस कवायद ने समस्या को और उलझा दिया है। नतीजा सामने हैं। शपथ ग्रहण के अगले दिन से ही महिला उप-मुख्यमंत्री के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।


राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सरकारी बहाली की कवायद में कुकी समुदाय की अलग स्वायत्त या केंद्रशासित प्रदेश की मांग पर न तो कोई चर्चा की गई और न ही कुकी संगठनों से इस पर बातचीत की गई। उनके मुताबिक, केंद्र को इस मुद्दे पर कुकी संगठनों को साथ लेकर ही आगे बढ़ना चाहिए था।

विश्लेषकों की राय में राज्य में हिंसा में भले कुछ कमी आई है, जमीनी तस्वीर में खास बदलाव नहीं आया है। अब भी मैतेई और कुकी समुदाय के लोग एक-दूसरे के इलाके में जाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। इस खाई को पाटने के साथ ही लोगों में भरोसा पैदा किए बिना राज्य में सामान्य स्थिति की बहाली दूर की कौड़ी ही लगती है।

## उत्साह संभावनाओं का संचार करता है; यह जीवन की आधारशिला, इस पर टिकती हैं आशाएं

पवन पांडेय

उत्साह मनुष्य की चेतना में प्रवाहित होने वाली वह सजीव शक्ति है, जो उसके विचारों को दिशा देती है और उसके संकल्पों को गति प्रदान करती है। यह वही तत्व है, जो साधारण इच्छाओं को महान स्वप्नों में और सामान्य प्रयासों को ऐतिहासिक उपलब्धियों में परिवर्तित कर देता है। उत्साह मनुष्य के व्यक्तित्व में भीतर से प्रकट होता है। यह आंखों की चमक में, वाणी की दृढ़ता में और चाल की स्वाभाविक आत्मविश्वासपूर्ण लय में झलकता है। जब कोई व्यक्ति उत्साह से परिपूर्ण होता है, तो उसके शब्द केवल ध्वनि नहीं रहते, वे प्रभाव बन जाते हैं। उसके हाथों की पकड़ केवल शारीरिक बल नहीं दर्शाती, बल्कि निश्चय की अडिगता का संकेत देती है। ऐसा व्यक्ति परिस्थितियों को अपने संकल्प के अनुसार ढालने का साहस रखता है। सामान्य जीवन में उत्साह का महत्व और भी अधिक है, क्योंकि अधिकांश लोग असाधारण परिस्थितियों में नहीं, बल्कि साधारण संघर्षों के बीच अपने सपनों को साकार करने का प्रयास करते हैं। रोजमर्रा की जिम्मेदारियां, आर्थिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं और बार-बार मिलने वाली विफलताएं व्यक्ति के मन को थका देती हैं। ऐसे में यदि उत्साह न हो, तो मनुष्य भीतर से टूटने लगता है। उत्साह ही वह शक्ति है, जो उसे यह विश्वास दिलाती है कि कठिनाइयां स्थायी नहीं होतीं और प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाते। उत्साह केवल सफलता के क्षणों में नहीं, बल्कि विफलता के समय भी अपनी वास्तविक परीक्षा देता है।



परिश्रम का प्रतिफल तुरंत दिखाई नहीं देता, तो आत्मविश्वास डगमगाने लगता है, तब उत्साह ही मनुष्य को पुनः खड़ा करता है। यह उसे सिखाता है कि गिरना कमजोरी नहीं है, बल्कि गिरकर उठने का साहस ही जीवन की वास्तविक विजय है। उत्साह के बिना ज्ञान निष्क्रिय हो जाता है और अनुभव बोझ में बदल जाता है। समाज में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां साधारण पृष्ठभूमि से आए लोगों ने केवल अपने उत्साह के बल पर असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कीं। उनके पास न तो विशेष संसाधन थे और न ही अनुकूल परिस्थितियां, परंतु उनके भीतर सीखने की तीव्र इच्छा और आगे बढ़ने की जिद थी। यही उत्साह उन्हें बार-बार प्रयास करने, स्वयं को सुधारने और अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान बने रहने की प्रेरणा देता रहा। उत्साही व्यक्ति हर जगह परिवर्तन की शुरुआत करता है। यह हमें भय से मुक्त करता है और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की शक्ति देता है। उत्साह से किया गया छोटा-सा प्रयास भी समय के साथ बड़ा परिणाम दे सकता है, क्योंकि उसमें निरंतरता और समर्पण निहित होता है। उत्साह जीवन की वह आधारशिला है, जिस पर आशाएं टिकती हैं और सपने आकार लेते हैं। यही वह खमीर है, जो विचारों को उठान देता है और मनुष्य को उसकी सीमाओं से आगे जाने का साहस प्रदान करता है। जब तक जीवन में उत्साह जीवित है, तब तक संघर्ष अर्थपूर्ण है और भविष्य संभावनाओं से भरा हुआ है।

**सूत्र- संघर्षों को अवसर में बदलें-** उत्साह साधारण मनुष्य को भी असाधारण बना सकता है। यह कठिन परिस्थितियों में आशा का दीप जलाए रखता है और निराशा के क्षणों में भी आगे बढ़ने का साहस देता है। जो व्यक्ति अपने भीतर उत्साह बनाए रखता है, वही संघर्षों को अवसर में बदलकर जीवन में सच्ची सफलता प्राप्त करता है।

# अध्यक्ष के प्रति 'अविश्वास'



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

संसद का बजट सत्र चल रहा है और इसमें ऐसा गतिरोध पैदा हो गया है जिसे सुलझाने में सत्ता और विपक्ष नाकामयाब होते दिखाई पड़ रहे हैं। भारत के संसदीय लोकतन्त्र के लिए यह स्थिति किसी भी प्रकार से उचित नहीं कही जा सकती क्योंकि हमारी पूरी शासन प्रणाली का मार्ग संसद से होकर ही गुजरता है। स्वतंत्रता के बाद हमने अपनी संसदीय प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए जो उपाय किये उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण लोकसभा के अध्यक्ष की स्वतन्त्र व निरपेक्ष सत्ता थी। लोकसभा चूंकि भारत के लोगों द्वारा सीधे चुने गये अपने प्रतिनिधियों की सबसे ऊंची संस्था होती है। अतः इसके संचालन के लिए हमारे संविधान निर्माताओं ने ऐसी प्रणाली विकसित की जिससे इसमें बैठने वाले हर सदस्य की भावनाओं व अभिव्यक्ति को आवाज मिल सके। इसके लिए सदन में अध्यक्ष या स्पीकर की व्यवस्था की गई और उसे अधिकृत किया गया कि वह सत्तारूढ़ बहुमत दल की सरकार से पूरी तरह निरपेक्ष रहते हुए सदन में पहुंचे हर किसी दल के सदस्य के साथ निरपेक्ष रहते हुए व्यवहार कर सके। इसके लिए अध्यक्ष की सत्ता सदन में स्वतन्त्र रूप से स्थापित की गई, उसका अपना सचिवालय बनाया गया और उसे संसद परिसर का संरक्षक भी बनाया गया। यह बेवजह नहीं है कि लोकसभा में अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से कराने की परंपरा डाली गई। क्योंकि सदन में पहुंचे हर किसी दल के सदस्य के अधिकार एक बराबर होते हैं और इसमें सत्ता व विपक्ष का कोई भेदभाव नहीं रहता।

अतः अध्यक्ष को उन अधिकारों से लैस किया गया जिससे वह बिना किसी भेदभाव के संसद की नियमावली के अनुसार प्रत्येक सदस्य को अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का पूरा अधिकार दे सकें जिससे वह सदस्य खुद को मिले विशेषाधिकारों के तहत सदन के भीतर अपनी बात बिना किसी खौफ-ओ-खतर के कह सके। परन्तु वर्तमान में हम देख रहे हैं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी को ही अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने विभिन्न नियमों का हवाला देकर बोलने की अनुमति नहीं दी जिसकी वजह से पूरा विपक्ष बिफर उठा और उसने अब फैसला कर लिया है कि वह अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लायेगा। यह स्थिति वास्तव में दुखद है क्योंकि इससे लगता है कि हमारी लोकसभा अब ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है जिसमें विपक्ष व सत्तारूढ़ दल के बीच किसी प्रकार का संवाद नहीं हो सकता है। मूल प्रश्न यह है कि ऐसी स्थिति क्यों आयी? इस सन्दर्भ में हमें संसद की पुरानी परंपराओं को भी देखना होगा क्योंकि लोकतन्त्र में पुरानी परंपराएं भी नियम के समरूप होती हैं। अध्यक्ष के खिलाफ जब अविश्वास प्रस्ताव उन्हीं के सामने लाया जाता है तो इसके नियमानुसार दाखिल होने के बाद वह अपना आसन छोड़ देते हैं और सदन में अन्य सांसदों के साथ आकर बैठ जाते हैं। जब तक उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला न हो जाये तब तक अध्यक्ष के आसन पर उपाध्यक्ष आकर बैठते हैं और उनकी सदारत में सदन की कार्यवाही चलती है। अतः इस परिस्थिति में सदन के सभापति का दायित्व उस पैनल के सबसे वरिष्ठ व्यक्ति को दिया जा सकता है जिसका चुनाव स्वयं अध्यक्ष ही करते हैं। जब तक सदन में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा चलती है तब तक उन्हें सदन में बोलने का अधिकार नहीं रहता। वह इस मुद्दे पर हुए मतदान में भी हिस्सा नहीं ले सकते। मगर ऐसा सब कुछ 1953 में हो चुका है हालांकि उस समय अविश्वास प्रस्ताव भारी बहुमत से गिर गया था क्योंकि सदन में कांग्रेस पार्टी का भारी बहुमत था। वर्तमान लोकसभा में सत्तारूढ़ एनडीए का पूरा बहुमत है मगर सदन की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का अपने बूते पर बहुमत नहीं है। केवल इसी तथ्य से विपक्ष गदगद नहीं हो सकता है। भाजपा के साथ जो अन्य सहयोगी दल एनडीए में हैं वे इस मुद्दे पर उसका साथ छोड़कर इसलिए नहीं जा सकते क्योंकि वे सत्ता में भागीदार हैं। अतः यदि लोकसभा में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आता भी हो तो वह निश्चित रूप से गिर जायेगा। मगर इससे अध्यक्ष के आसन की गरिमा पर जरूर आघात लगेगा। इसके साथ ही विपक्षी महिला सांसदों ने भी अध्यक्ष श्री बिरला को एक सांझा खत लिखकर उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने कुछ महिला सांसदों के बारे में ऐसी बातें कहीं जिससे उनकी छवि एक अपराधी जैसी हो गई। श्री बिरला ने कहा था कि कुछ महिला सांसद प्रधानमन्त्री के खिलाफ लोकसभा के भीतर ऐसा कुछ कर सकती थीं जिससे कुछ भी अप्रत्याशित घट सकता था।

महिला सांसदों ने उनसे इसका प्रमाण देने के लिए भी कहा है। लोकसभा के पूरे माहौल को देखकर लगता है कि सत्ता और विपक्ष जैसे दो दुश्मन हों जबकि लोकतन्त्र में ये दोनों गाड़ी के दो पहिये होते हैं जिनके बिना संसद सुचारू रूप से नहीं चल सकती। हमने देखा है कि किस प्रकार पहले राज्यसभा के भीतर भी इसके पूर्व सभापति श्री जगदीप धनखड़ के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने की बात हुई थी और उससे पहले किसान विधेयकों के मुद्दे पर इसी सदन के उपसभापति हरिवंश के विरुद्ध भी अविश्वास प्रस्ताव लाने के प्रयास किये गये थे। लोकतन्त्र में ऐसी घटनाओं से लोगों का विश्वास ही इस व्यवस्था में डगमगाता है। अतः हर कीमत पर लोकसभा में स्वस्थ परंपराओं का ही अनुसरण किया जाना चाहिए और संसद में विपक्ष की हिस्सेदारी के साथ भी समझौता नहीं किया जाना चाहिए ।

# फिर दोराहे पर खड़ा बांग्लादेश

ऋषि गुप्ता

बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने जा रहे आम चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी कमर कस चुके हैं। चुनावी परिणाम ही नए बांग्लादेश की दिशा निर्धारित करेंगे। इस बार अवामी लीग प्रतिबंध के कारण चुनाव से बाहर है, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर भी चुनावी विमर्श का प्रमुख मुद्दा बनी हुई हैं। पिछले तीन दशकों में यह पहला अवसर है, जब बांग्लादेश की 'दो बेगमों'-अवामी लीग की शेख हसीना और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की खालिदा जिया चुनावी मैदान में नहीं हैं।

ऐसे में यह चुनाव नए राजनीतिक समीकरणों के बीच लड़ा जा रहा है। 13वें संसदीय चुनाव में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि 2024 में जुलाई में शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन और उनके इस्तीफे में यही वर्ग सबसे आगे रहा। वर्तमान में 18-35 आयु वर्ग की आबादी लगभग 30 प्रतिशत है, जो आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया से लैस है और जुलाई आंदोलन का प्रमुख प्रतिनिधि मानी जाती है। सवाल यह है कि क्या यह युवा वर्ग छात्र आंदोलन से उभरी जातीय नागरिक पार्टी यानी नेशनल सिटिजंस पार्टी (एनसीपी) को समर्थन देगा या पारंपरिक दल अपने प्रशासनिक अनुभव और संगठनात्मक मजबूती के बल पर फिर सत्ता में लौटेंगे? लंदन में 17 वर्षों के निर्वासन के बाद खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान ने बीएनपी की कमान संभाली है। पिछले साल 25 दिसंबर को उनकी बांग्लादेश वापसी के दौरान उमड़ी भीड़ से स्पष्ट हुआ कि 2024 के आंदोलन का राजनीतिक लाभ बीएनपी को मिला है और आगामी चुनावों में उससे काफी उम्मीदें हैं। ढाका पहुंचने पर तारिक रहमान ने कहा, 'आइ हैव ए प्लान यानी मेरे पास बांग्लादेश के विकास की योजना है।' इसी आधार पर पार्टी ने अपने घोषणा पत्र सबसे पहले राष्ट्रीय बदलाव, सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता, क्षेत्रीय विकास और धार्मिक सौहार्द जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी है। बांग्लादेश के चुनावी इतिहास में मुद्दों से अधिक पार्टी और नेतृत्व का प्रभाव रहा है और तारिक रहमान ने पिछले डेढ़ वर्षों में इसी दिशा में काम किया है। विदेश में रहते हुए भी वे आनलाइन माध्यम से पार्टी से जुड़े रहे। चुनावी गणित के लिहाज से बीएनपी इस समय एक मजबूत पार्टी मानी जा रही है, जिसे अवामी लीग की अनुपस्थिति का भी लाभ मिल सकता है। हालांकि बीएनपी मजहबी ध्रुवीकरण से बचते हुए अल्पसंख्यक और अवामी लीग समर्थक वोटों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

जमात-ए-इस्लामी पहली बार खुलकर नेतृत्व की राजनीति में सामने आई है। 1971 के मुक्ति आंदोलन में पाकिस्तान का साथ देने के कारण यह संगठन लंबे समय तक विवादों में रहा। शेख हसीना के दो दशकों के शासन में इसके कई नेता जेल में रहे या भूमिगत हो गए थे, लेकिन उनकी सरकार के पतन के बाद जमात फिर सक्रिय हुई और उसका नेतृत्व सामने आया, जिसमें प्रमुख अमीर शफीकुर रहमान शामिल हैं। अवामी लीग की अनुपस्थिति ने जमात को अलग राजनीतिक पहचान दी है और अपने मजहबी आधार के सहारे वह चुनावी मैदान में उतरी है। हालांकि जमात के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उसकी कट्टरपंथी छवि, महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और संविधान को इस्लामी स्वरूप देने की कोशिशें चिंता का विषय हैं। बांग्लादेश की स्थापना उदारवाद, धार्मिक सद्भाव और महिलाओं की सक्रिय भूमिका के आधार पर हुई थी। ऐसे में यदि जमात सत्ता में आती है, तो पंथनिरपेक्षता के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग सकते हैं। हाल में शफीकुर रहमान के एक साक्षात्कार में महिलाओं को पार्टी में प्रतिनिधित्व न देने की बात भी चिंता बढ़ाती है। जुलाई आंदोलन के कारण युवाओं की भूमिका इस चुनाव में अहम मानी जा रही है। छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने फरवरी 2025 में एनसीपी की स्थापना कर चुनावी राजनीति में प्रवेश किया।

हालांकि छात्र आंदोलन का नेतृत्व चुनावी सफलता की गारंटी नहीं होता। एनसीपी ने ढाका और जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के छात्र चुनावों में भाग नहीं लिया, जिससे उसकी संगठनात्मक मजबूती पर सवाल उठे। इसके विपरीत, जमात के छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर की जीत ने उसकी जमीनी पकड़ को दर्शाया। एनसीपी का जमात के साथ गठबंधन उसकी राजनीतिक अनिश्चितता और अवसरवाद को भी दर्शाता है। अब यह देखना होगा कि युवा, विशेषकर महिलाएं इस गठबंधन को कितना स्वीकार करती हैं।आंतरिक मुद्दों के बीच बीएनपी, जमात और एनसीपी, तीनों ने भारत के साथ संबंधों पर अलग-अलग रुख अपनाया है। बीएनपी और जमात ने विदेश नीति पर अपेक्षाकृत संयम बरता है, जबकि एनसीपी ने अंतरराष्ट्रीय नदियों के जल बंटवारे, शेख हसीना की वापसी और असमान द्विपक्षीय समझौतों जैसे मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाने की बात कही है। पारंपरिक दलों की चुप्पी को विवाद से बचने की रणनीति माना जा सकता है।

बांग्लादेश कई बार राजनीतिक उथल-पुथल से गुजरा है, लेकिन उसका राजनीतिक ढांचा कायम रहा है। यदि इस चुनाव में जमात सत्ता में आती है, तो न केवल आंतरिक राजनीति, बल्कि विदेश नीति में भी मजहबी प्रभाव बढ़ सकता है, जो भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बन सकता है।

**(लेखक एशिया सोसायटी पालिसी इंस्टीट्यूट, दिल्ली के सहायक निदेशक हैं)**

# राष्ट्रीय मिशन बने महाशक्ति बनना

**भारत के पास चीन और ब्राजील के बाद दुर्लभ खनिजों का विश्व का तीसरा सबसे बड़ा भंडार है, जबकि अमेरिका इस मामले में विश्व में सातवें नंबर पर है। ट्रंप साम-दाम-दंड-भेद का प्रयोग कर ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्रयास में इसलिए जुटे, क्योंकि ग्रीनलैंड के पास विश्व का आठवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिजों का भंडार है।**

दिव्य कुमार सोती

कुछ समय पहले भारी मुनाफा कमाने वाली एक भारतीय कंपनी ने एक छोटी सी चीनी कंपनी से सौर ऊर्जा से जुड़ी तकनीक खरीदनी चाही, परंतु उसने देने से मना कर दिया। यह तब हुआ, जब भारत अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस का संस्थापक है। भारत ने फ्रांस के साथ इस अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना 2015 में की थी। यह अपनी तरह का पहला बड़ा संगठन है, जिसका मुख्यालय भारत में स्थित है। इसका उद्देश्य 125 सदस्य देशों के साथ मिलकर 2030 तक सौर ऊर्जा उत्पादन में एक ट्रिलियन डॉलर का निवेश और 1000 गीगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन है। चीन को कई बार इसमें शामिल होने का न्योता दिया गया, पर उसने स्वीकार नहीं किया।

विडंबना यह है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन के अगुआ भारत की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक को चीन की छोटी सी कंपनी के पास ही सौर ऊर्जा से जुड़ी तकनीक मांगने जाना पड़ा। इसका कारण यह है कि हजारों करोड़ रुपये प्रति तिमाही का मुनाफा कमा रही भारतीय कंपनियां भी नई तकनीक के अनुसंधान में भारत में निवेश नहीं करना चाहती हैं। वे खुदरा माल-सेवाओं के आपूर्तिकर्ता मात्र के रूप में अपने व्यापार का विस्तार कर रही हैं और टेक्नोलाजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हैं। इसी कमजोरी के चलते हम विश्व स्तर पर नेतृत्व देने में अक्षम हैं। विश्व शक्तियां हमें अक्षम ही बने रहने देना चाहती हैं। इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के नेतृत्व वाला पैक्स सिलिका गठजोड़ है। पैक्स सिलिका महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में काम आने वाले दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति और प्रसंस्करण से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं को पिरोकर चीन जैसे देशों के इस क्षेत्र पर नियंत्रण से निकलने के उद्देश्य से बनाया गया है। पहले भारत ने इससे जुड़ने की इच्छा जताई थी, परंतु ट्रंप प्रशासन ने उसे नकार दिया था। इस पर भारत के कुछ उद्योगपतियों ने कहा था कि यदि सरकार उनके साथ सहयोग करे तो वे दुर्लभ खनिजों का खनन और प्रसंस्करण भारत में कर सकते हैं।

भारत के पास चीन और ब्राजील के बाद दुर्लभ खनिजों का विश्व का तीसरा सबसे बड़ा भंडार है, जबकि अमेरिका इस मामले में विश्व में सातवें नंबर पर है। ट्रंप साम-दाम-दंड-भेद का प्रयोग कर ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्रयास में इसलिए जुटे, क्योंकि ग्रीनलैंड के पास विश्व का आठवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिजों का भंडार है। अगर अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल भी कर ले तब भी 3.4 मीट्रिक टन के साथ उसका स्थान सातवां ही रहेगा।

विचारणीय यह है कि दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में भारत को अमेरिका का पिछलग्गू बनना चाहिए या आत्मनिर्भर? जैसे ही भारतीय उद्योगपतियों ने स्वयं



इन खनिजों के खनन और प्रसंस्करण करने की बात कही, अमेरिका ने तुरंत अपनी चाल बदलकर भारत को पैक्स सिलिका में जुड़ने के लिए आमंत्रित कर लिया। इसकी वकालत करने वाली एक लाबी के अनुसार इन दुर्लभ खनिजों का खनन और प्रसंस्करण बहुत जटिल प्रक्रिया है, इसलिए भारत का अमेरिका की अगुआई में काम करना आसान रहेगा, पर जब हमें यह सब आसानी से उपलब्ध होने लगेगा तो हम शिथिल पड़ जाएंगे और खनन और प्रसंस्करण तकनीकी में निवेश ही नहीं करेंगे। प्रश्न यह है कि इस जटिल काम को चीन ने कैसे कर लिया? चीन 1986 में ही अमेरिका को पीछे छोड़ दुर्लभ खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया था। 1985-95 के बीच चीन में इन खनिजों का उत्पादन 464 प्रतिशत बढ़ा। 2004 आते-आते चीन विश्व भर के 90 प्रतिशत दुर्लभ खनिजों का निर्यातक बन चुका था। आज चीन विश्व दुर्लभ खनिजों का 70 प्रतिशत खनन, 90 प्रतिशत शोधन और रेयर अर्थ मैग्नेट के 90 प्रतिशत उत्पादन को नियंत्रित करता है। जो काम चीन 1980-90 के दशक में कर पाया वह हम आज क्यों नहीं कर सकते? आत्मनिर्भरता क्या आत्मसंदेह से आएगी। जब विश्व ने परमाणु तकनीक भारत को देने से मना कर दिया था तो क्या हमने परमाणु बम नहीं बना लिया था? इसके उलट उदाहरण भी देख लीजिए।

हम हमेशा फाइटर जेट विदेश से आयात करते रहे हैं। इसके चलते हम आज तक इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं हो सके हैं, जबकि विश्व की हर महाशक्ति अमेरिका, रूस, फ्रांस, यूरोपीय संघ, चीन अपने फाइटर जेट और उसके इंजन स्वयं बनाते हैं। खबरें हैं कि भारत को एक बार फिर लाखों करोड़ रुपये खर्च करके फ्रांस, रूस या अमेरिका में से किसी एक से फाइटर जेट आयात करने पड़ेंगे, क्योंकि भारतीय वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों के बस अब मात्र 29 स्क्वाड्रन ही बाकी रह गए हैं, जबकि होने कम से कम 42 स्क्वाड्रन चाहिए। यह स्थिति इसलिए है, क्योंकि तेजस का उत्पादन समय से नहीं हो पाया और स्वदेशी जेट इंजन बनाने का कार्यक्रम भी अधूरा ही रहा।

1989 में प्रारंभ किए गए कावेरी जेट इंजन कार्यक्रम में भारत ने 2008 तक मात्र 2000 करोड़ रुपये का निवेश किया और फिर उसे असफल पाकर तेजस प्रोजेक्ट से अलग कर दिया। पिछले 40 साल में भारत ने कावेरी इंजन कार्यक्रम पर अधिकतम 5000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि चीन तीन लाख पचास हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुका है। आज चीन के पास छठी पीढ़ी के स्वनिर्मित लड़ाकू विमान जे-20 के लिए अपना जेट इंजन तैयार है, जबकि हम चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान विदेश से खरीदने के लिए तीन-चार लाख करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं। क्या कोई यह वादा कर सकता है कि हम अंतिम बार विदेशी लड़ाकू विमान खरीदने जा रहे हैं? चीन छठी पीढ़ी के 100-120 लड़ाकू विमान बना रहा है और हम चौथी पीढ़ी के 6-12 जहाज बना पा रहे हैं। कारण यह है कि इसके इंजन के लिए हम अमेरिका पर निर्भर हैं। तीन-चार लाख करोड़ रुपये विदेशी लड़ाकू विमानों पर खर्च करने के बाद हमारी सरकार स्वदेशी जेट इंजन के विकास पर कितना खर्च कर पाएगी, यह भी विचारणीय है। जब तक इन सेक्टरों में आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय मिशन नहीं बनाया जाएगा, तब तक भारत के एक आत्मनिर्भर विश्वशक्ति बनने पर प्रश्नचिह्न लगा रहेगा। भारत के महाशक्ति बनने का मार्ग आसान नहीं है और न ही आसान रास्ते से महाशक्ति बना जा सकता है।

**(लेखक काउंसिल ऑफ स्ट्रैटेजिक अफेयर्स से संबद्ध सामरिक विश्लेषक हैं)**

## हमला करो, बातचीत नहीं; ट्रंप से अपील के बाद ईरान के व्यक्ति ने किया सुसाइड

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी के बीच एक ईरानी व्यक्ति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसने इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से अपील की गई कि ईरान के शासन के साथ कोई डील नहीं की जाए। 10 मिनट और 44 सेकंड के वीडियो में पौरिया हामिदी ने कहा कि उसकी अपील का मकसद ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर हो रही जानलेवा कार्रवाई की ओर ध्यान खींचना था। साथ ही उसने ईरानी शासन को लेकर विदेशी दखल की भी मांग की। ईरान के दक्षिणी पोर्ट शहर बुशहर के रहने वाले हामिदी ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कहा, अगर आप यह देख रहे हैं तो मैं अब नहीं रहा। हमीदी ने अपने वीडियो को कैप्शन दिया, यह मेरी कुर्बानी है, प्लीज, मेरे देश को आजाद करो। अंग्रेजी में रिकॉर्ड किए गए वीडियो में हामिदी ने सीधे अमेरिकी नेतृत्व को संबोधित करते हुए तेहरान के साथ किसी भी डिप्लोमैटिक एग्रीमेंट को आगे बढ़ाने की अपील की। उसने कहा कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन के साथ कोई भी एग्रीमेंट उन सभी लोगों के साथ धोखा होगा जो मारे गए।उसने कहा, तो प्लीज मैं आपसे विनती करता हूं। इस डील को रोकने के लिए जो भी कर सकते हैं, करें।हमीदी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरानियों से कहा था कि विरोध करते रहो और हमने किया। हमने उन पर भरोसा किया। उसने आगे कहा,अमेरिका का ईरान पर हमला करना ही अभी हमारी एकमात्र उम्मीद है। हम इस सरकार से अकेले नहीं लड़ सकते। हमारे लोगों को विदेशी दखल की जरूरत है। ईरानी व्यक्ति ने कहा, आपको नहीं पता कि हमारे लोग अभी कितने निराश हैं। मेरा मतलब है, मैं खुद खा नहीं पा रहा हूं। मैं सो नहीं पा रहा हूं। मैं रो भी नहीं सकता क्योंकि ऐसी जगह पर पैदा होना, जिसका कोई भविष्य न हो, बहुत मजाकिया है। लेकिन मुझे उम्मीद थी कि इन सबके बाद मेरे देश के लोगों का आखिरकार एक भविष्य होगा।

# भारत को रोकने की कोशिश, तेल खरीद को लेकर अमेरिका पर भड़का रूस

नई दिल्ली

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने टीवी ब्रिक्स को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिका पर निशाना साधा और कहा कि भारत और दूसरे पार्टनर्स को रूस से तेल खरीदने से रोकने की कोशिशें हो रही हैं। इस बात की जानकारी स्पुतनिक ने सोमवार को दी।

रूस के विदेश मंत्री ने पिछले साल अलास्का में हुई शांति वार्ता जैसे कई मामलों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि कैसे वॉशिंगटन ने टैरिफ, बैन और सीधे रोक जैसे जबरदस्ती वाले तरीकों का इस्तेमाल करते हुए आर्थिक दबदबा बनाने का लक्ष्य रखा है।

लावरोव ने कहा, वे (अमेरिका) हमसे कहते हैं कि यूक्रेन की समस्या का हल होना चाहिए। एंकरेज में हमने अमेरिका का प्रपोजल मान लिया। यूएस की स्थिति हमारे लिए जरूरी थी। उनका प्रपोजल मानकर, ऐसा लगता है कि हमने यूक्रेनी मुद्दे को सुलझाने का काम पूरा कर लिया है और एक बड़े पैमाने पर और आपसी फायदे वाले सहयोग की ओर बढ़ रहे हैं। अभी तक, असलियत बिल्कुल उलटी है।



उन्होंने आगे कहा, नए बैन लगाए गए हैं, यूएन कन्वेंशन ऑन लॉ ऑफ द सी का उल्लंघन करते हुए खुले समुद्र में टैंकरों के खिलाफ जंगछेड़ी जा रही है। वे भारत और हमारे दूसरे साझीदारों को सस्ते, किफायती रूसी एनर्जी रिसोर्स (यूरोप पर लंबे समय से बैन है) खरीदने से बैन करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें बहुत ज्यादा कीमतों पर यूएस रूस्त खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

### आर्थिक दबदबा बनाने का टारगेट

उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने लिए आर्थिक दबदबा बनाने का लक्ष्य रखा है। बड़े देशों तक अपने एनर्जी सोर्स पहुंचाने के लिए अमेरिका उनके रास्तों पर कंट्रोल करना चाहता है। लावरोव ने कहा कि टैरिफ, सेंक्शन, सीधे रोक लगाना और कुछ लोगों को दूसरों से जुड़ने से रोकना, ये कदम अपने मकसद को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें इन सब बातों का ध्यान रखना होगा और भारत, चीन, इंडोनेशिया और ब्राजील की तरह अमेरिका जैसी बड़ी ताकतों सहित सभी देशों के साथ सहयोग के लिए खुले रहना होगा। हम ऐसी स्थिति में हैं जहां अमेरिकी खुद ही रास्ते में बनावटी रुकावटें खड़ी कर रहे हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को कहा कि भारत के एनर्जी से जुड़े फैसले देश के हित से ही तय होते रहेंगे। मिसरी ने कहा कि भारत तेल और गैस सेक्टर में इंपोर्टर है और एक डेवलपिंग इकॉनमी होने के नाते, उसे अपने रिसोर्स की उपलब्धता और महंगाई पर आयात निर्भरता के असर के बारे में पता होना चाहिए।

## ईयू-नाटो के बीच एकजुटता की कमजोरी को दर्शाती है ग्रीनलैंड की स्थिति : लावरोव

**मॉस्को, (वार्ता)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ग्रीनलैंड के आसपास की स्थिति से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोपीय संघ (ईयू) के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि की कमजोरी को उजागर हुआ है।

रूसी प्रसारक एनटीवी को दिए साक्षात्कार में श्री लावरोव ने कहा, यूरोप बिखर गया है। ग्रीनलैंड ने दिखाया है कि नाटो और ईयू दोनों के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि कितनी अस्थिर है। मुझे नहीं पता कि यूरोप क्या करेगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि यह द्वीप अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए। डेनिश और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने अमेरिका को द्वीप पर कब्जा करने के खिलाफ चेतावनी दी है और कहा है कि वे अपनी क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान की उम्मीद करते हैं।

## ईरान से जुड़े मुद्दे का शांतिपूर्ण हल जरूरी : लावरोव

**मॉस्को, (वार्ता)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ईरान के आसपास के हालात को शांति से सुलझाया जाना चाहिए क्योंकि ताकत का इस्तेमाल करने से सिर्फ़ समस्याएं बढ़ेंगी। श्री लावरोव ने मॉस्को में वल्दाई अंतरराष्ट्रीय चर्चा क्लब के मौके पर हुए मध्य पूर्व सम्मेलन में कहा, हम ईरान से जुड़ी कार्यवाही पर करीब से नज़र रख रहे हैं। हम ओमान सल्तनत की तरफ से की गयी मध्यस्थता की कोशिशों का स्वागत करते हैं। बेशक, हम इस समझ से आगे बढ़ रहे हैं कि यहां शांतिपूर्ण समझौता होना चाहिए। ट्रंप प्रशासन ने पश्चिमी एशिया में एक लड़ाकू विमान कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और कई युद्धपोत तैनात किए हैं। अमेरिका ने ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए मजबूर करने की कोशिश में उसे लगातार चेतावनी भी भेजी हैं। श्री लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के भविष्य को लेकर परेशान और चिंतित है, और वह ईरान एवं खाड़ी के अरब देशों के लिए सहयोग परिषद के बीच रिश्तों को पूरी तरह से सामान्य करने में दिलचस्पी रखता है। उनकी राय में, ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक रिश्तों की बहाली ने इसके लिए ज़रूरी शर्तें तैयार कर दी हैं।

## हिन्द महासागर में अमेरिका ने कब्जे में लिया वेनेज़ुएला से जुड़ा तेल का टैंकर

**वॉशिंगटन (वार्ता/ शिन्हुआ)।** अमेरिका के सैनिक हिन्द महासागर में वेनेज़ुएला से जुड़े एक तेल टैंकर का रात भर पीछा करने के बाद उस पर चढ़ गये। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

श्री हेगसेथ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, रात भर, अमेरिकी सैन्य बल ने बिना किसी घटना के, मुआयने के अधिकार% के तहत समुद्री अवरोध को अंजाम दिया, एक्विला-2 पर चढ़ाई की। यह (जहाज़) भागा, और हमने उसका पीछा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने वेनेज़ुएला से आने-जाने वाले तेल के टैंकरों पर प्रतिबंध लगाया है और यह टैंकर उस प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक्विला-2 में लगभग सात लाख बैरल वेनेज़ुएला का भारी कच्चा तेल था जो जनवरी की शुरुआत में वेनेज़ुएला जल क्षेत्र से निकला था।

श्री हेगसेथ ने लिखा, युद्ध विभाग ने कैरिबियन से हिंद महासागर तक इस जहाज को ट्रैक किया और उसका पीछा किया। हमसे आगे निकलने से बहुत पहले ही तुम्हारा ईंधन खत्म हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि तीन जनवरी को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लेने के बाद से अमेरिका ने वेनेजुएला से जुड़े तेल जहाजों पर अपनी नाकाबंदी जारी रखी है।

## समाज और ट्रांसजेंडर समुदाय के बीच सेतु बनेगा 'गरिमा गृह' : आनंदीबेन

बस्ती, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि गरिमा गृह समाज और ट्रांसजेंडर समुदाय के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इंदिरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लैबुड़वा ताल के समीप निर्मित ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 'गरिमा गृह' के शिलान्यास अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ट्रांसजेंडरों के उत्थान के लिए नीति बनाकर राज्यों को कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षा और रोजगार के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर समाज का अभिन्न अंग हैं और परिवारों को ऐसे बच्चों को अपनाकर शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि गरिमा गृह ट्रांसजेंडरों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देगा। उन्होंने समाज से पूर्वाग्रह त्यागकर संवेदनशीलता के साथ इस समुदाय को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, डीआईजी संजीव त्यागी, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## इटली में कैश वैन लूटने की कोशिश, लुटेरों ने हाईवे पर किया बम धमाका और पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग

**नई दिल्ली।** इटली के पुगलिया से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां नकाबपोश बदमाशों ने किसी हॉलीवुड फिल्म की तर्ज पर एक कैश वैन को लूटने की कोशिश की। नकाबपोश इन लूटेरों ने न केवल हाईवे के बीचों-बीच एक गाड़ी को बम से उड़ा दिया, बल्कि पुलिस को रोकने के लिए उन पर कलाश्निकोव राइफलों से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस की मुस्तैदी के चलते लूट की यह बड़ी कोशिश नाकाम रही। इस घटना के दौरान पुलिस ने तुरंत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, गैंग के बाकी लूटेरे रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की गाड़ी छीनकर फरार हो गए। दक्षिणी इटली के पुगलिया में हाईवे पर हथियारबंद लुटेरों ने कैश वैन पर रोंगते खड़े कर देने वाला हमला किया। लुटेरों ने ट्रैफिक को रोकने के लिए जलती हुई गाड़ियों का इस्तेमाल किया और बख्तरबंद गाड़ी को तोड़ने के लिए मिलिट्री-ग्रेड विस्फोटक का इस्तेमाल किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कैश वाहन रोकने के लिए लुटेरों ने कई वाहनों का उपयोग किया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद वे वैन के दरवाजे नहीं खोल सके।

## महाकुंभ की 'वायरल गर्ल' मोनालिसा प्रयागराज में करेंगी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च

प्रयागराज (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के 2025 महाकुंभ में चर्चित हुई 'वायरल गर्ल' मोनालिसा आज प्रयागराज माघ मेले में अपनी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' का ट्रेलर लॉन्च करेंगी। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि ट्रेलर लॉन्चिंग उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने गंगा मैया और लोगों के आशीर्वाद का आभार जताते हुए सभी से प्यार और समर्थन बनाए रखने की अपील की। श्री देवरहा बाबा मंच न्यास के शिविर में होने वाले ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा, अमित राव, अभिषेक त्रिपाठी और दिनेश त्रिवेदी मौजूद रहेंगे। निर्देशक सनोज मिश्रा ने बताया कि वह पहले से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। महाकुंभ के दौरान उन्हें मोनालिसा के संघर्ष के बारे में पता चला, जिसके बाद उन्होंने उन्हें फिल्म में अभिनय का प्रस्ताव दिया।



मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर की रहने वाली मोनालिसा महाकुंभ में अपने परिवार के साथ माला बेचने आई थीं। अपनी आंखों और सादगी के कारण वह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं। लोकप्रियता इतनी बढ़ी कि उनकी तस्वीरों वाली टी-शर्ट तक बिकने लगीं। हालांकि, अत्यधिक भीड़ और लगातार घिरे रहने से वह परेशान हो गईं और काम भी नहीं कर पा रही थीं, जिसके चलते उन्हें महाकुंभ छोड़कर घर लौटना पड़ा। अब वह फिल्मी दुनिया में कदम रख रही हैं।

## प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया : योगी

लखनऊ, (वार्ता)



उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया है, जिनका जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हुआ। वे दूसरी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। योगी ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार स्वभाव के और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा संबंध रहा। वे इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यों को गति दी और पिछड़े, वंचित तथा गरीब वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण अनुभव को जनसेवा से जोड़ने वाले जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूती प्रदान करते हैं। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ विधायक विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विजय सिंह गौड़ का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हुआ। वे आठ बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से शुरू हुआ उनका राजनीतिक सफर 2024 के उपचुनाव में दुद्धी विधानसभा सीट से जीत तक रहा। वे जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे।

## विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी : अखिलेश

लखनऊ (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि खेती से जुड़ी हर चीज़ विदेश से आएगी तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने कहा कि जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा। आज का पेट भरना मुश्किल होगा तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को नुकसान पहुँचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने देश के अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है। कभी भूमि अधिग्रहण के नाम पर खेती छीनने की साज़िश रची जाती है तो कभी काले कानूनों के जरिए किसानों को संकट में धकेला जाता है।



सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सोच खेती और उत्पादन की नहीं बल्कि बिचौलियों की है। यह सरकार पैदावार बढ़ाने की जगह बीच में कमीशनखोरी को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने मांग की कि खेती-किसानी के बीच और किसानों के बीच बैठे भाजपाई बिचौलियों का पर्दाफाश होना चाहिए।

उन्होने कहा कि आज किसान साफ शब्दों में कह रहा है कि उसे भाजपा नहीं चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के जाने से ही खेती-बाड़ी और किसान का भविष्य सुरक्षित हो पाएगा।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## जिन कहानियों का अंजाम न हो, उन्हें एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ दें : सिद्धांत चतुर्वेदी



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का कहना है कि जिन कहानियों का अंजाम न हो, उन्हें एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ देना चाहिये। अपनी आने वाली फिल्म 'दो दीवाने सहर में' की रिलीज़ की तैयारी कर रहे सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी ज़िंदगी के उस दौर को याद कर रहे हैं, जिसने बिना शोर किए उनके सफ़र की दिशा तय की। यह वो समय था जब न नाम था, न पहचान थी, थे तो बस सपने और एक गहरा प्यार।

अपने अनुशासन और मेहनत के लिए पहचाने जाने वाले सिद्धांत का बॉलीवुड तक का सफ़र आसान नहीं रहा। एक मिडिल-क्लास परिवार में पले-बढ़े सिद्धांत शुरुआत में अपने पिता की तरह चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन साथ ही कुछ अलग कर गुज़रने का ख्याल दिल में पाले सिद्धांत दिल ही दिल में अभिनेता बनने का सपना पाल चुके थे। आखिरकार एक कड़ा फैसला लेते हुए उन्होंने आर्थिक स्थिरता को छोड़कर अपने सपने को चुन लिया। सिद्धांत ने अपनी ज़िंदगी के एक अहम रिश्ते के बारे में खुलकर बात की, जिसकी शुरुआत तब हुई थी जब वह सिर्फ़ 18 साल के थे। उन्होंने कहा, एक लड़की थी जिससे मैं बहुत प्यार करता था। हम दोनों एक ही क्लास में थे। मैं रोज़ उसके लिए उल्टी दिशा में ट्रेन पकड़कर जाता था, जबकि मेरा घर दूसरी तरफ़ था। सिद्धांत का यह रिश्ता करीब चार साल तक चला, लेकिन जैसे-जैसे सिद्धांत के सपने बड़े होते गए, हालात मुश्किल होते चले गए। उन्होंने बताया, मैं अभिनेता बनना चाहता था और वह 24 की उम्र तक शादी करना चाहती थी। मैंने उससे कहा कि मैं कुछ बिल्कुल नया शुरू कर रहा हूं और मुझे नहीं पता इसमें कितना वक्त लगेगा। क्या तुम मेरे लिए इंतज़ार कर सकती हो? उसने कहा कि वो इंतज़ार करेगी। उसने किया भी, लेकिन फिर उसे समझ आया कि मैं बहुत दबाव में हूं। सिद्धांत उन लम्हों को याद करते हुए कहते हैं, उसने मुझसे कहा था, कि तुम्हारा सफर काफी लंबा है। अच्छी बात यह है कि तुम्हें पता है कि तुम्हें क्या करना है और मैं चाहती हूं कि तुम बिना किसी दबाव के अपने सपने पूरे करो। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन तुम अपने सपने ज़रूर पूरे करना। तुम्हें किसी मुकाम तक ज़रूर पहुंचना होगा। हालांकि सालों बाद 'गली बॉय' से मिली कामयाबी ने उस वादे को पूरा तो कर दिया था, लेकिन उसकी कमी कायम थी। सिद्धांत ने बताया, जब गली बॉय रिलीज़ हुई, तो सबसे पहला मैसेज उसी का आया था कि तुमने अपना वादा निभा दिया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसकी किसी और से शादी हो गई थी। मुझे भी अपने सपने और अपने प्यार के बीच चुनाव करना पड़ा था क्योंकि उसने ही मुझसे कहा था कि तुम अपने सपने को चुनो, जिससे हमारा प्यार बेकार न जाए। सिद्धांत ने अपनी बात को शायराना अंदाज़ में समेटते हुए कहा,कभी-कभी जिन कहानियों का अंजाम साथ नहीं होता, उन्हें एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ देना ही बेहतर होता है।



## संजय मिश्रा ने बाबिल खान की जमकर तारीफ की

जानेमाने चरित्र अभिनेता संजय मिश्रा ने हाल ही में चैट शो के दौरान अभिनेता बाबिल खान की तारीफ की है। संजय मिश्रा अपनी हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म वध 2 के प्रमोशन के सिलसिले में शो पर मौजूद थे। बातचीत के दौरान जब बाबिल का ज़िक्र आया, तो संजय मिश्रा ने उनकी तुलना उनके दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता इरफान खान से की, जो अपने आप में बड़ी तारीफ मानी जा रही है। बबिल बड़ा क्यूट लगता है यार। कभी-कभी वह यंग इरफान भाई, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) वाले लगते हैं। संजय मिश्रा जैसे अनुभवी अभिनेता की यह बात खास मायने रखती है। इरफान खान को भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में गिना जाता है। ऐसे में बाबिल की तुलना इरफान खान से होना उनके लिए एक बड़ी सराहना है।

## सेंगोल के इतिहास को बड़े पर्दे पर लाएगी 'स्वयंभू' : निखिल सिद्धार्थ



अभिनेता निखिल सिद्धार्थ का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'स्वयंभू' सेंगोल के इतिहास को बड़े पर्दे पर लाएगी। सेंगोल हाल ही में तब चर्चा में आया था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान इसे स्थापित किया। फिल्म स्वयंभू में लीड रोल निभा रहे निखिल सिद्धार्थ ने फिल्म की कहानी की जड़ों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म भारतीय इतिहास और संस्कृति से जुड़ी है और इसकी प्रेरणा सेंगोल से ली गई है। सेंगोल को सही शासन, न्याय और नैतिक ताकत का प्रतीक माना जाता है, और यही सोच फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाती है। निखिल ने कहा , स्वयंभू की कहानी भारतीय इतिहास के एक बहुत खास और यूनिक पहलू से निकली है, और वो है सेंगोल का इतिहास। आज हम में से ज़्यादातर लोग सेंगोल को उस प्रतीक के तौर पर जानते हैं, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के उद्घाटन के समय स्थापित किया, लेकिन बहुत कम लोग इसके पीछे का समृद्ध इतिहास जानते हैं। सेंगोल सबसे पहले भगवान राम ने अपने वंशज को दिया था। यह धर्मपूर्ण शासन, न्याय और सही तरीके से शासन करने की शक्ति का प्रतीक है। यह सेंगोल भारत के इतिहास में आगे बढ़ता रहा और चोल साम्राज्य जैसे महान भारतीय साम्राज्यों में इसका खास महत्व रहा। हमने सेंगोल और अपने हीरो को केंद्र में रखकर एक फिक्शनल कहानी रची है। इस बीच मेकर्स ने ऐलान किया है कि स्वयंभू का टीज़र 11 फरवरी को दो शहरों में एक साथ होने वाले ग्रैंड पैन-इंडिया इवेंट में लॉन्च किया जाएगा। फिल्म स्वयंभू को पिक्सल स्टूडियोज़ के भुवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है। भारत के समृद्ध इतिहास और कालातीत गौरव को समर्पित इस भव्य फिल्म को 13 फरवरी 2026 को दुनिया भर में रिलीज़ किया जाएगा।

## इंडियन आइडल फेम सलमान अली और मुस्कान का गाना 'दिलदारा' रिलीज़




इंडियन आइडल फेम सलमान अली और मुस्कान का गाना दिलदारा रिलीज़ हो गया है। यह गाना सुर म्यूजिक रिकार्ड्स के ऑफिसियल चैनल से रिलीज हुआ है।इस गीत को इंडियन आइडल फेम सलमान अली और मुस्कान ने गया है, वहीं समीर खान रॉयल ने भी सिंगिंग में खास योगदान दिया है। गाने को लेकर सलमान अली ने कहा कि दिलदारा मेरे दिल के बेहद करीब है। यह सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि प्यार के उन एहसासों की कहानी है, जिसे हर कोई वेलेंटाइन डे पर महसूस करता है। इस गाने में सादगी, सच्चा प्रेम और भावनाएं हैं, जिन्हें हमने पूरी ईमानदारी से आवाज़ दी है। मुझे उम्मीद है कि श्रोता इस गीत को अपने दिल से जोड़ेंगे और अपने खास पलों का हिस्सा बनाएंगे। गीत के बोल अंकिता खत्री ने लिखे हैं, जो प्रेम की मासूमियत और गहराई को बेहद खूबसूरती से बयां करते हैं। समीर खान रॉयल का संगीत गाने को और भी मधुर बनाता है, जो सीधे दिल को छू जाता है। दिलदारा में दिखाया गया प्यार का एहसास वेलेंटाइन डे के जश्न को और खास बना देता है। वीडियो में अभिनेता देव शर्मा और दिया भट्ट की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। दोनों की केमिस्ट्री गाने की कहानी को जीवंत बना देती है। निर्देशक इसरार अहमद ने रोमांटिक सीन को बेहद सलीके से पर्दे पर उतारा है। गाने की शूटिंग खूबसूरत और मनोरम लोकेशन्स पर की गई है, जहां की प्राकृतिक सुंदरता प्रेम कहानी को और आकर्षक बनाती है।

# आजीवन सहयोग निधि अभियान को लेकर सम्पन्न हुई जिला बैठक

**पार्टी के आर्थिक स्वावलंबन हेतु महत्वपूर्ण आजीवन सहयोग निधि अभियान : रामस्नेही पाठक**




## आर्थिक पारदर्शिता हेतु अभियान में सहयोग करें सभी कार्यकर्ता : जालम सिह पटैल

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में भाजपा के पितृ पुरूष पं.दीनदयाल जी की पुण्य तिथि से प्रारंभ होने वाले आजीवन सहयोग निधि व अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों हेतु जिला स्तरीय कामकाजी बैठक आयोजित की गई बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, पूर्व विधायक हाकम सिंह चडार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप पटैल, आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी सुरेन्द्र मोहन नेमा, सह प्रभारी राहुल कौरव, हर्ष पाठक की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा व कार्यपद्धति अन्य राजनैतिक दलों से भिन्न है पार्टी के आर्थिक स्वाबलंबन हेतु हर वर्ष आजीवन सहयोग निधि अभियान केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सभी जगह चलाया जाता है। इसी क्रम में इस बार भी जिले भर में निधि संचय का कार्य किया जाना है। यह कार्य 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि से प्रारंभ होगा। इस दिन हम अपने ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के पास पहुंचे और उनसे आजीवन सहयोग निधि प्राप्त कर पार्टी को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाएं क्योकि भाजपा में कार्यकर्ताओं की मेहनत से कमाये हुए धन से ही पार्टी के कार्य किए जाते हैं। इन पैसों से ही वर्ष भर पार्टी के होने वाले कार्यक्रम आयोजित होते हैं निधि संचय के माध्यम से सभी कार्यक्रमों प्रत्येक कार्यकर्ता की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित होती है। अतः सभी कार्यकर्ता परिवार भाव के साथ अभियान में जुटकर तय समय सीमा में लक्ष्य को प्राप्त कर पार्टी कार्य में सहयोग प्रदान करें। उन्होने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार निधि संचय नगद ना लेकर एन.ई.एफ.टी., आर.टी.जी.एस., चैक व डिजीटल माध्यम से प्राप्त किया जायेगा। अंत में जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक द्वारा पूरे वर्ष भर में आयोजित किए गए कार्यक्रमों में हुए खर्च का लेखा जोखा सभी कार्यकर्ताओं के सामने प्रस्तुत किया।पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है इस दल को चलाने के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, भाजपा एक मात्र ऐसा दल है जो राजनैतिक कार्यक्रमों को चलाने के लिए राजनैतिक सुचिता एवं पारदर्शिता का पालन करती है। इस हेतु पार्टी निधि संचय अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं के घर जाकर राशि एकत्रित की जाती है इस राशि का उपयोग पार्टी कार्यों में किया जाता है। आपके द्वारा दिया गया राशि का सहयोग पारदर्शी तरीके संचय कर केन्द्रीय व प्रदेश कार्यालय भेजा जाता है जहां से राशि का 50 प्रतिशत जिला कार्यालयों में पुनः प्राप्त होता जिससे वर्ष भर के कार्य निष्पादित किये जाते हैं अतः सभी आर्थिक पारदर्शिता व स्वाबलंबन हेतु अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए तय समय में लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करें।बैठक की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि बैठक कि बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राहुल कौरव व आभार हर्ष पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गण, जनप्रतिनिधि गण, मंडल के प्रभारी गण, मंडल अध्यक्ष गण, सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले के 73 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 12 वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई सम्पन्न

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नरसिंहपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत मंगलवार को कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारु, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला मुख्यालय नरसिंहपुर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नरसिंह पब्लिक स्कूल तथा शासकीय नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर में पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में बैठक व्यवस्था, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन में पूर्ण पारदर्शिता, अनुशासन एवं निष्पक्षता बनाए रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य परीक्षा केन्द्रों पर भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि हायर सेकेंडरी परीक्षा के लिए जिले में कुल 73 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 10 हजार 134 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 82 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के व्यवस्थित एवं सुचारू संचालन के लिए जिले में 9 दल बनाए गए थे, जिसमें 3 दल जिला स्तरीय एवं 6 दल विकासखंड स्तरीय बनाए गए हैं। जबकि नकल का एक भी प्रकरण नहीं बना। परीक्षा जिलेभर में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।




# जवाहर नवोदय विद्यालय बोहनी में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

जवाहर नवोदय विद्यालय बोहनी में दिनांक 9 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया प्रेरणा उत्सव भारत के शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाया जाने वाला एक राष्ट्रीय, एक सप्ताह का अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमहै जिसमें जिले समस्त हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से चयनित लगभग 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया प्रेरणा उत्सव आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने कहानी लेखन कविता निबंध चित्रकला एवं गायन जैसी विधाओं में भाग लिया7 प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में से 30 छात्र एवं 30 छात्राएं चयनित की गई जिनका विभिन्न विषयों पर साक्षात्कार लिया गया इसके उपरांत इनमें से जिला स्तर पर चयनित एक छात्र एवं एक छात्र को गुजरात के बड़नगर में 7 दिन तक आयोजित एक विशेष कैंप में भेजा जाएगा। कार्यक्रम का सफल कोऑर्डिनेशन श्री अनुराग और संचालन ने किया7 इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे ।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को किया सम्मानित

## कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कानून व्यवस्था की ढाल




नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

जिले में पदस्थ पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न मामलों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले 34 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं निष्ठा ही कानून व्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। ऐसे पुरस्कार कर्मियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

पुरस्कृत पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी थाना कोतवाली अंतर्गत लूट के प्रकरण में व्यवसायिक दक्षता का परिचय देते हुए आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी एवं लूटी गई संपत्ति की बरामदगी में सराहनीय योगदान के लिए निरीक्षक, गौरव चाटे, निरीक्षक सौरभ पटेल, उनि मनीष मरावी, दिलीप सिंह, मूलचंद यादव, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, आरक्षक प्रहलाद माधवे, रोहित चंपुरिया, जितेन्द्र सिंह, श्रेय अवस्थी, कुलदीप साहू, लक्ष्मी नागपुरे, यमन बागरी, पंकज राजपूत, उमेश्वर पाठक, अनुराग दुबे, नीलेश दुबे, नंदकिशोर , दिनेश पटेल, बालकिशन एवं महिला आरक्षक कुमुद पाठक। ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही अंतर्गत शत प्रतिशत सेवा पुस्तिकाओं को ऑनलाईन अपलोड कर प्रदेश में इकाई का प्रथम स्थान प्राप्त किया उक्त कार्यवाही में सराहनीय योगदान के लिए उनि (अ) मित्रकुमार चांदोरिया, सउनि (अ) रजनवती खुशराम, प्रधान आरक्षक विनोद चौहान, आरक्षक लेखराम, सुमंत, हिमांशु, अंकित, इमरत, मोहित एवं रूपांशु।जेएनपीए सागर में आयोजित अनुसचिवीय बल के 15 दिवसीय द्वितीय इण्डक्शन कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर =* पुलिस कार्यालय में पदस्थ कार्यवाहक उनि (अ) राव तनेन्द्र जाट।जिला नरसिंहपुर में पुलिस कर्मियों को प्रेरित करने, उनमें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने और उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को पुरस्कृत किया किया जा रहा है।

# जिले में 12 से 18 फरवरी तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह- 2026

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** एमएसएमई क्षेत्र की उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 12 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह- 2026 का आयोजन जिलेभर में किया जाएगा। यह आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा उद्योग संघों के समन्वय से उत्साहपूर्वक संपन्न किया जाएगा। राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह- 2026 की थीम विकास के इंजन के रूप में क्लस्टर- एमएसएमई में उत्पादकता का अधिकतम उपयोग निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों में उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना, क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्रोत्साहित करना, लागत में कमी लाकर गुणवत्ता में सुधार करना तथा डिजिटल तकनीकों एवं इंडस्ट्री 4.0 को अपनाने के लिए उद्यमियों को प्रेरित करना है। इसके साथ ही स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा देने एवं आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।




## देश भक्ति गीतों की दी प्रस्तुति

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के तत्वधान में आयोजित स्वदेशी मेले में आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर की ओर से देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई।इस कार्यकम में आनंदम म्यूजिकल ग्रुप के श्री माधव शिंद्रे जी ने महादेव के भजन से कार्यकम का श्री गणेश किया।कार्यकम में एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति विजय पटेल, अनिल नेमा , भागीरथ विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा, भारती कौरव, मनीषा ठाकुर, गजेंद्र कोष्ठा, विश्वनाथ ठाकुर, सूर्यकांत नेमा एवं रवींद्र जैन के द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी।कार्यकम में सभी ने मेला संयोजक श्री उदय ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया।स्वर्णिम भारत फाउंडेशन की ओर से सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

# प्रेरणा उत्सव में शामिल हुए छात्र-छात्रायें




**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में प्रेरणा उत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नरसिंहपुर जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के कक्षा 9 वीं और 11 वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यालय स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया उपस्थित समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए चाय नाश्ता के साथ दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई तथा सभी विद्यार्थियों और उपस्थित शिक्षकों का मेडल और प्रमाण पत्र के साथ कीरिंग तथा पेन देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल डुंगरिया से विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार पगारे तथा विद्यार्थी आकाश कुशवाहा तथा लक्ष्मण कुशवाहा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षक योगेंद्र झरिया द्वारा प्राचार्य तथा विद्यालय परिवार को आभार व्यक्त किया गया।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

## जनसुनवाई में आये 105 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 105 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# श्रीमती रामकली बाई जाट नही रहीं



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** ग्राम मेनावारी निवासी श्री नत्तु सिंह जाट की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई जाट का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मेनावारी में किया गया। वे पूर्व शिक्षक श्री शिवकुमार जाट, सुरेश जाट, महेश जाट, प्रदीप जाट की माताश्री एवं सिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह जाट की दादी श्री थीं।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।




समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विगत दिवस विकासखंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा पहली से आठवीं के दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें चिन्हित दिव्यांग विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राईसाइकिल, कैलिपर, टीएलएम किट, बैसाखी, लेखन सहायता उपकरण एवं दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षण सामग्री ब्रेल किट प्रदान की गई। इन उपकरणों से दिव्यांग विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने तथा अध्ययन में आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथि जनपद पंचायत चीचली की अध्यक्षा राधाबाई अहिरवार, उपाध्यक्ष मनीष कौरव तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांग विद्यार्थी किसी से कम नहीं हैं, उन्हें केवल सही साधन और अवसर की आवश्यकता होती है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शारीरिक असमर्थता के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। आज एलमिको के सहयोग से दिव्यांग विद्यार्थियों को जो उपकरण प्रदान किया जा रहे हैं वह बहुत ही गुणवत्तापूर्ण तथा महंगे उपकरण है इनका उपयोग करने का तरीका तथा समय-समय पर रख रखाव हो, यह विद्यार्थियों के अभिभावकों तथा शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटैल तथा एपीसी अंजू शर्मा ने बताया कि चिन्हांकित दिव्यांग विद्यार्थियों का पूर्व में परीक्षण कर सूची तैयार की गई थी। जिसके आधार पर उपकरण वितरित किए गए हैं। भविष्य में भी आवश्यकतानुसार अतिरिक्त उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पालक अपने दिव्यांग विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय में उपस्थित कराएं एवं घर पर भी दिव्यांग विद्यार्थियों को विभिन्न क्रियाकलापों अध्ययन अध्यापन में संलग्न रखें। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सहायक उपकरणों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सामान्य विद्यार्थियों के साथ शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

# माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।

स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वल्लभ मार्केट में किया गया यह शिविर डिवाइन वैलनेस सेंटर भोपाल के सौजन्य से किया गया था ।यह एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर था जिसमें फ्री वैलनेस चेक अप होल बॉडी कंपोजिशन चेकअप अनुभवी वैलनेस कोच द्वारा आदर्श जीवन शैली अपनाने की जानकारी डायट एंड हेल्थ काउंसलिंग बताई गई /स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत महेश पूजन द्वारा की गई जिसमें तीनों माहेश्वरी मंडल की उपस्थिति रही। लगभग 60 लोगों ने शिविर का लाभ लिया। शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ माहेश्वरी महिला मंडल की टीम का विशेष सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि महिला मंडल समय समय पर विभिन्न अवसरों पर मानवीय, सांस्कृतिक और धार्मिक आदि मूल्यों के प्रति समर्पित व संवर्धन के भाव से इस तरह के कार्यक्रम करते रहते हैं ।

# विशाल आभार रैली में शामिल होने 28 फरवरी को विजयराघवगढ़ आयेंगे सीएम डॉ. मोहन यादव

## विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की भेंट

### 2 उच्च स्तरीय पुल और सड़कों को मिली स्वीकृति

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर पिछले दिनों उनकी अध्यक्षता में कैबिनेट से स्वीकृत हुई 50 हजार एकड़ भूमि सिंचित करने वाली दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए क्षेत्र की संपूर्ण जनता की ओर से आभार जताया उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से विजयराघवगढ़ विधानसभा की जनता और किसानों की ओर से विजयराघवगढ़ आने और जनता की ओर से आभार धन्यवाद स्वीकार करने के लिए आमंत्रित किया। जिसपर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आगामी 28 फरवरी शुक्रवार को विजयराघवगढ़ विधानसभा में आने एवं किसानों द्वारा आयोजित सिंचाई की परियोजना देने के आयोजित आभार रैली में शामिल होकर किसानों व जनता की खुशियों में भागीदार बनने की इच्छा जताई।

### डॉ मोहन यादव ने दी नदी पर पुलों एवं सड़कों की सौगात

विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर पत्र के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कटनी



एवं महानदी पर पुलों एवं गांवों को जोड़ने के लिए सड़को के प्रस्ताव दिए उन सभी प्रस्ताव को डॉ मोहन यादव ने सहर्ष स्वीकार करते हुए स्वीकृति प्रदान की। इन प्रस्तावों में कटनी नदी पर घूंसुर को कांटी क्षेत्र से जोड़ने के लिए उच्च स्तरीय पुल, महानदी पर बकेली से गुड़ेहा पिपरा को जोड़ने के लिए उच्च स्तरीय पुल इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में सुगम आवागमन की दृष्टि से ग्राम रोहनिया से गोइंद्रा जिवारा मार्ग निर्माण, ग्राम कुंआ से कुठिया मोहगवां मार्ग निर्माण, ग्राम करौंदीखुर्द से बिचपुरा जाजागढ़ मार्ग, ग्राम कारीतलाई से गुडेहा मार्ग, बरही खितौली रोड पर टेड़ी पुलिया से ऊटिन टोला मार्ग निर्माण, हदरहाटा सलैया सिहोरा मार्ग के निर्माण को स्वीकृत किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा विधानसभा विकास की इन मांगों को तत्काल स्वीकृति प्रदान करने पर विधानसभा के प्रधान सेवक के रूप में क्षेत्र की जनता की ओर से विधायक संजय पाठक ने तत्काल रूप से धन्यवाद व्यक्त किया।

### 2 सिंचाई परियोजनाओं से विजयराघवगढ़ की 50 हजार एकड़ भूमि होगी सिंचित

*पिछले दिनों कैबिनेट की मंजूरी के बाद विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों की 20 हजार हेक्टेयर या 50 हजार एकड़ से अधिक भूमि को बाण सागर डैम केपानी को दो लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से प्रेशर पाइप से खेतों तक पानी पहुंचाने वाली धनवाही एवं बरही सूक्ष्म उद्यम सिंचाई योजनाओं को स्वीकृति मिल गई। इन दोनों योजनाओं में लगभग 616 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा जिससे मैहर जिले के 7 एवं कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों की 50 हजार एकड़ खेतों तक पानी की लाइन बिछाकर कनेक्शन के माध्यम से भूमि को सिंचित किया जाएगा। विधायक संजय पाठक काफी समय से आपार जल राशि वाले बाण सागर डैम के पानी को लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से खेतों तक पहुंचाने वाली योजना के लिए प्रयास कर रहे थे जिसके लिए उन्होंने जल संसाधन विभाग के विभागीय अधिकारियों के माध्यम से विस्तृत योजना सर्वे और डीपीआर बनाने के लिए आग्रह किया था और सम्पूर्ण योजना बनवाकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर स्वीकृति के लिए आग्रह भी किया था।*

# महापौर ने निर्माणाधीन शाला भवन का अधिकारियों के साथ किया विस्तृत निरीक्षण

### आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से सजेगा ए. रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

### छात्रों को मिलेगी बेहतर शिक्षा सुविधाएँ- महापौर



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम स्वामित्व के विद्यालयों सहित नगर के शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों को आधुनिक, तकनीक आधारित पठन-पाठन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ए. रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक शाला में 1 करोड़ 92 लाख रुपये से अधिक की लागत से सर्वसुविधायुक्त जी2 (प्लस टू) स्कूल भवन का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपयोगिता और समय-सीमा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार 10 फरवरी को मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में निर्माणाधीन शाला भवन का विस्तृत निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, जयनारायण निषाद, बीना बैनर्जी, उमेंद्र अहिरवार, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री संजय मिश्रा तथा विद्यालय के प्राचार्य मनोज चौधरी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। महापौर ने आगे कहा कि विद्यार्थियों को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का उनका संकल्प शीघ्र साकार होगा। उन्होंने बताया कि शाला भवन के पूर्ण होने के बाद विद्यालय में कक्षाओं की संख्या में वृद्धि होगी तथा विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक पुस्तकालय, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, सुरक्षित पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय और खेलकूद की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि यह जी2 स्तर का भवन होगा, जिससे उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। इससे न केवल विद्यालय का शैक्षणिक स्तर ऊँचा उठेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए अवसर प्राप्त होंगे और उनके सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा और आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक तथा सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

# शराब तस्करी करने वाले गिरोहों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

### झिंझरी पुलिस के द्वारा शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** नशा मुक्ति अभियान एवं अवैध शराब की तशकरी करने वालो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी झिंझरी द्वारा अवैध रूप से बडी मात्रा मे शराब का परिवहन करने बाले आरोपी उदय उपाध्याय के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी उदय को मय शराब मय स्कूटी के जप्त कर किया गिरफ्तार। 09 फरवरी को चौकी झिंझरी पुलिस को क्षेत्र भ्रमण व अपराध पतासाजी के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई एक व्यक्ति स्कूटी मे प्लास्टिक की बोरी मे शराब लिये ग्राम कौडिया से पिपरौंध की ओर सगौडी रोड से आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर झिंझरी पुलिस द्वारा सगौडी रोड नहर के किनारे ग्राम जयंतीनगर मे घेराबन्दी कर स्कूटी सवार एक व्यक्ति के पकडे जाने पर उससे नाम पता पूछने पर अपना नाम उदय उपाध्याय पिता प्रदाप उपाध्याय उम्र 21 साल निवासी ग्राम कौडिया थाना स्लीमनाबाद का बताया जिसके कब्जे से एक बोरी मे मे 100 पाव लाल मसाला शराब कीमती 12,000 रुपये व 230 पाव देशी प्लेन शराब शराब कीमती लगभग 23000 रूपये कुल 59.40 बल्क लीटर शराब कीमती लगभग 35000 रुपय को मय एक सिल्वर काले रंग की ओला कम्पनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी क्रमाँक एमपी21जैडडी9951 कीमती करीब 1,15,000 रुपये को वीडियोग्राफी करते हुये समझ गवाहान जप्त कर उक्त आरोपी उदय उपाध्याय को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कटनी पेश किया गया।

# विजयराघवगढ़ में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे कलेक्टर



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिला प्रशासन द्वारा हर मंगलवार की जनसुनवाई अब आम लोगों के लिए भरोसे और समाधान का मंच बन गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को विजयराघवगढ़ पहुंच कर हर फरियादी की बात ध्यान से सुन रहे हैं और कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विजयराघवगढ़ में जनसुनवाई का आयोजन अभी जारी है। कलेक्टर अब तक 18 आवेदकों से मिल कर, उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुन चुके हैं। इस मौके पर एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित हैं।



# महापौर जनसुनवाई में तेजी से नागरिकों के हो रहे कार्य

### महीनों से भटक रहे नागरिकों को त्वरित राहत मिलने की जगी नई उम्मीद

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नागरिक समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे। जनसुनवाई का उद्देश्य आम जनता को अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करना तथा नगर निगम और नागरिकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना था, जिससे समस्याओं को समझकर उनका समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी स्वयं उपस्थित रहीं और विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने सड़क मरम्मत, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, खाद्य पर्ची, अतिक्रमण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा नाली-नालों से संबंधित समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर ने प्रत्येक मामले पर व्यक्तिगत रूप से विचार-विमर्श करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 27 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। नागरिकों की समस्याओं के निरंतर समाधान और बेहतर प्रशासनिक संवाद बनाए रखने के लिए आगामी मंगलवारों को भी तय समय पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।



# कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

कटनी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवराकला परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां मंगलवार को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की छात्र परीक्षा दे रहे थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को स्कूल में परीक्षार्थी शांति पूर्वक परीक्षा देते हुए मिले। इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता भी मौजूद रहे।

# अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों का एसपी ने लिया जायजा

### 13 फरवरी से पुलिस लाइन झिंझरी में होगा आयोजन, 15 जिलों के युवा होंगे शामिल



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में आयोजित होने वाली भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा 13 फरवरी से कटनी जिले की पुलिस लाइन झिंझरी मैदान में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती रैली के सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा ने भर्ती स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं ट्रैफिक प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि भर्ती रैली के दौरान प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें तैनात की जाएं। साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से वैकल्पिक मार्गों की पूर्व योजना सुनिश्चित की जाए। भर्ती स्थल एवं उसके आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भर्ती स्थल पर यह जानकारी प्रमुखता से प्रचारित की जाए कि भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित है। यदि कोई व्यक्ति चयन दिलाने के नाम पर अनुचित दबाव या पैसों की मांग करता है, तो उसकी तत्काल शिकायत पुलिस या भर्ती अधिकारियों से करें। 15 जिलों के युवा लेंगे भाग- पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित इस अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा भाग लेंगे। इनमें जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले शामिल हैं। प्रतिदिन अलग-अलग जिलों के 700 से 800 अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे।

# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य स्वागत

## भाजपा युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का युवाओं ने किया भव्य स्वागत



कटनी (स्वतंत्रमत)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के कटनी आगमन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय एवं ऊर्जावान नेता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय वीरभद्र माली के नेतृत्व में किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने उत्साह, जोश और संगठनात्मक अनुशासन का परिचय दिया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में संगठन के प्रति समर्पण, ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा पार्टी की वैचारिक शक्ति है और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया। टेलर ने कटनी जिले के युवा कार्यकर्ताओं की सक्रियता, एकजुटता और संगठनात्मक कार्यशैली की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में युवा मोर्चा भाजपा की विजय यात्रा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर अजय वीरभद्र माली ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि श्याम टेलर के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा नई ऊर्जा, संकल्प और समर्पण के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं में नई चेतना, उत्साह और कार्य करने की प्रेरणा देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और संगठन के प्रति निष्ठा के संकल्प के साथ किया गया।

# भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का कटनी प्रवास

### दिलराज अमर सिंह बग्गा के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने किया भव्य स्वागत



भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का कटनी नगर में गरिमामय प्रवास संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय एवं ऊर्जावान नेतृत्वकर्ता दिलराज अमर सिंह बग्गा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्साह, जोश और संगठनात्मक अनुशासन के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में कटनी जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में संगठन के प्रति समर्पण, ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा पार्टी की वैचारिक शक्ति है और युवा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया। टेलर ने कटनी जिले के युवा कार्यकर्ताओं की सक्रियता, एकजुटता एवं संगठनात्मक कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में युवा मोर्चा भाजपा की विजय यात्रा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर दिलराज अमर सिंह बग्गा ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन कटनी सहित पूरे प्रदेश के युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टेलर के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा नई ऊर्जा और संकल्प के साथ संगठन को और अधिक सशक्त करेगा। प्रदेश अध्यक्ष का यह प्रवास कटनी जिले के लिए संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा, जिससे युवा कार्यकर्ताओं में नई चेतना, उत्साह और कार्य करने की ऊर्जा का संचार हुआ।

**शपथपत्र**

मैं मनीष कुमार कचेर पिता स्व. श्यामलाल उर्फ राधेश्याम कचेर उम्र लग. 48 वर्ष निवासी जामा मस्जिद तकिया गली संतोष किराना स्टोर के बगल में इश्वरीपुरा वार्ड मुड़वारा तहसील एवं जिला कटनी म.प्र. (आधार नंबर-9542 2593 7282) का शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ। कि मुझ शपथकर्ता का नाम पूर्व में समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस इत्यादि में मुझ शपथकर्ता मनीष कुमार के आगे जाति के रूप में कचेर लिखा जाता था। मेरी जाति कचेर है तथा उपजाति तोमर है। मुझ शपथकर्ता के भविष्य में समस्त दस्तावेजों में मनीष कुमार कचेर के स्थान पर मनीष तोमर लिखा जाये। उक्त नाम से ही जाना एवं पहचाना जावेगा।

# टी-20 विश्वकप : न्यूज़ीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया



चेन्नई, (वार्ता)।

टिम साइफर्ट (नाबाद 89 ) और फिन ऐलन (नाबाद 84) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 28 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से रौंद दिया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने यूएई के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 15.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 175 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। फिन ऐलन और साइफर्ट के बीच 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई। फिन ऐलन ने 50 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नबााद 84 रन बनाये। इससे पहले कप्तान मुहम्मद वसीम (नाबाद 66) और आलीशान शराफु (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 173 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यूएई की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आर्यंष शर्मा (आठ) का विकेट गंवा दिये। इसके बाद मुहम्मद वसीम और आलीशान शराफु की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। 15वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने आलीशान शराफु को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रनों की पारी खेली। मयंक कुमार 13 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुये। इसके अलावा हर्षित कौशिक (दो), सोहैब खान (सात) और मुहम्मद इरफान (शून्य) पर आउट हुये। यूएई ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने दो विकेट लिये। जेकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## नामीबिया पर नीदरलैंड्स की जीत



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** बास डलीडे ( दो विकेट और नाबाद 72 ) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 10वें मुकाबले में नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसका पहला विकेट तीसरे ओवर में मैक्स ओडाउड (सात) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बास डलीडे ने माइकल लेविट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़े। छठें ओवर में बर्नार्ड शोल्ज ने माइकल लेविट को आउटकर नीदरलैंड्स को दूसरा झटका दिया। लेविट ने 15 गेंदों में तीन छक्के एक चौका लगाते हुए 28 रनों की पारी खेली। कॉलिन ऐकरमैन (32) रन 14वें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। बास डलीडे ने 48 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 72 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नौ गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 18 रन बनाये। नामीबिया के लिए बर्नार्ड शोल्ज, रुबेन ट्रंपलमन और निकोल लॉफ्टी-ईटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) और यान फ्रायलिंक (30) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर नामीबिया ने नीदरलैंड्स के खिलाफ आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।नीलदरलैंड्स् ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में लॉरेन स्टीनकैंप (छह) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निकोल लॉफ्टी-ईटन ने यान फ्रायलिंक के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 10वें ओवर में लोगन वैन बीक ने 26 गेंदों में 30 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 13वें ओवर में बास डलीडे ने कप्तान एरार्ड इरास्मस नौ गेंदों में 18 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 15वें ओवर में वैन बीक ने निकोल लॉफ्टी-ईटन को आउट कर नामीबिया को चौथा झटका दिया।

निकोल लॉफ्ट ईटन ने 38 गेंदों में दो छक्के और एक चौके की मदद से 42 रनों की पारी खेली। जेजे स्मिट (22), जेन ग्रीन (नौ), रुबेन ट्रंपलमन (नौ) रन बनाकर आउट हुये। नामीबिया ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। नीदरलैंड्स के लिए लोगन वैन बीक और बास डलीडे ने दो-दो विकेट लिये। आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आकृति दहिया ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत की आकृति दहिया ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की व्यक्तिगत 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। आज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में मुकाबला करते हुए, 24 साल की निशानेबाज ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 354.2 का स्कोर किया। कजाकिस्तान की सिर्फ 18 साल की सोफिया शुलजेन्को ने 358.2 के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दो बार की ओलंपियन भारत की अंजुम मौदगिल ने 340.4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।



एक और भारतीय निशानेबाज, आशी चौकसे, पोडियम फिनिश से चूक गईं, कुल 330.9 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले, मौदगिल, चौकसे और दहिया ने मिलकर टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1756 (86) स्कोर किया। कजाकिस्तान 1760 (90) के साथ टीम स्टैंडिंग में टॉप पर रहा, जबकि जापान ने 1730 (69) के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में, विदरसा विनोद 590 (35) के साथ स्टैंडिंग में टॉप पर रहे, लेकिन केवल रैंकिंग पॉइंट्स (आरपीओ) के लिए मुकाबला कर रहे थे। अंजुम मौदगिल 587 (30) के साथ तीसरे, आशी चौकसे 586 (32) के साथ पांचवें और आकृति दहिया 583 (24) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। आयुषी पोद्दार 582 (20) के साथ नौवें स्थान पर रहीं, उन्होंने भी आरपीओ के लिए निशानेबाजी की। आज के जीते पदकों के साथ, चैंपियनशिप में भारत के मेडल की संख्या 18 हो गई है, जिसमें आठ स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

## रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बंगाल की जम्मू कश्मीर से होगी भिड़ंत

**कल्याणी (वार्ता)।** प्लेयर ऑफ द मैच सुदीप कुमार घरामी (299) के शानदार बल्लेबाजी के बाद शाहबाज अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश पर 90 रनों से जीत दर्ज करते हुए रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइल में 19वीं बार जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला रविवार को पहली बार क्वालीफाई करने वाली जम्मू कश्मीर से होगा आज यहां आंध्र प्रदेश ने कल के तीन विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरु किया। शाहबाज अहमद ने सुबह के सत्र में कप्तान रिकी भुई (30) को आउटकर बंगाल को चौथी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल ने के वी शशिकांत को खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया। सौरभ कुमार (एक) शाहबाज का शिकार बने। कालीडिंडी राजू (25) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये त्रिपुराणा विजय ने नीतीश कुमार रेड्डी के साथ आठवें विकेट के लिए 85 रन जोड़े और बंगाल के गेंदबाजों के परेशान रखा।

## अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

**अहमदाबाद, (वार्ता)।** दक्षिण अफ्रीका बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा। वहीं अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए यह मैच जीतना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका कनाडा पर बड़ी जीत के बाद अंक तालिका में अभी बेहतर नेट रन रेट के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड से हार के बाद स्टैंडिंग में चौथे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीदों को ज़िंदा रखने के लिए जीतना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जबरदस्त फ़ॉर्म में है। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने पिछली तीन पारियों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 56 की एवरेज से रन बनाए हैं। कप्तान एडन मारक्रम भी शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यमक्रम और डेथ ओवरों में फिनिशिंग क्षमता रखते है। कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मार्को यानसन की पेस तिकड़ी दक्षिण अफ्रीकी टीम को मजबूती देती है, हालांकि रबाडा हाल के मैचों में काफी महंगे रहे हैं। वहीं अफगानिस्तान अपनी स्पिन जोड़ी राशिद खान और मुजीब उर रहमान पर भरोसा करेगा ताकि दक्षिण



अफ्रीका की आक्रामक बल्लेबाजी को रोका जा सके। मुजीब ने पिछले चार मैचों में 12 के स्ट्राइक रेट से आठ विकेट लिए हैं, जबकि राशिद बीच के ओवरों में अहम गेंदबाज बने हुए हैं। हालांकि, अफगानिस्तान की डेथ बॉलिंग को लेकर चिंता बनी हुई है, जिसकी वजह से हाल के मैचों में उन्हें जरूरी रन गंवाने पड़े हैं। अनुभवी ऑलराउंडर गुलबदीन नायब ने अफगानिस्तान के पिछले मैच में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। रहमानुल्लाह गुरबाज पर टॉप पर अच्छी शुरुआत देने का दबाव होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच से बल्लेबाजी के अनुकूल मानी जा रही। हाल के टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर 191 रहा है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने इस जगह पर पिछले नौ मैचों में से छह जीते हैं।

## टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की टीम इंग्लैंड को चुनौती देने के लिए तैयार

मुंबई, (वार्ता)।

वेस्टइंडीज की टीम बुधवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में इंग्लैंड की मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए तैयार है। इंग्लैंड कागज पर भले ही पसंदीदा टीम हो, इस साल चार मैचों में हारा नहीं है और कैरिबियन पर हाल ही में जीत का इतिहास रहा है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में और खासकर जब वेस्टइंडीज अपने सबसे अच्छे फॉर्म में हो, तो कुछ भी हो सकता है। यह केवल एक मैच नहीं है, यह शिमरोन हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवेल के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि वेस्टइंडीज हमेशा से क्रिकेट की धड़कन क्यों रही है। बल्लेबाजी की बात की जाये तो हेटमायर और शाई होप लगातार अच्छा खेल रहे हैं। शाई होप ने इस सीजन में दस पारियों में 264 रन बनाए हैं, और बड़े हिटर्स के आने से पहले शांति से पारी को आगे बढ़ा रहे हैं। रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच के ओवर्स में जबरदस्त फॉर्म में हैं, जो कुछ ही गेंदों में मैच का पासा पलट सकते हैं और निचले क्रम में जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को कम मत समझिए।

वे एक ही ओवर में जबरदस्त प्रदर्शन करके हार के मुंह से जीत छीन सकते हैं। वेस्टइंडीज की गेंदबाजी भी उतनी ही खतरनाक है। स्कॉटलैंड के खिलाफ शेफर्ड के पांच विकेट और होल्डर की आईपीएल में भारतीय विकेटों पर पक्की



स्किल्स उन्हें असली खतरा बनाती हैं, जबकि स्पिनर अकील होसेन और गुडाकेश मोती ऐसी चालाकी और स्पिन लाते हैं जो इंग्लैंड के बड़े खिलाड़ियों को भी चकमा दे सकती है। कल रात की हर गेंद खतरनाक होगी। इंग्लैंड इस मैच में नेपाल को एक बहुत करीबी ओपनर में हराने के बाद उतरेगा। उनके बैटिंग लाइनअप में फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर है। सॉल्ट के अटैकिंग स्ट्रोकप्ले और बटलर की किसी भी सिचुएशन में तेजी लाने की काबिलियत ने इंग्लैंड को लगातार तेज शुरुआत दी है, जिससे मध्यमक्रम को फायदा उठाने का मौका मिला है।

जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक बीच के ओवरों में मजबूती देते हैं और अच्छा स्कोरिंग रेट बनाए रखते हैं, जिससे यह पक्का होता है कि इंग्लैंड कभी भी बढ़त न खोए। बेथेल ने पहले मैच में 35 गेंदों पर 55 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, जबरदस्त फॉर्म में हैं, और टाइमिंग और पावर को मिलाकर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ब्रूक का निडर अप्रोच, जो अपने पिछले मैच में 165.62 की स्ट्राइक रेट से खेले, इंग्लैंड की अग्रेसिव सोच को पूरा करता है, जबकि टॉम बैंटन अपनी मर्ज़ी से बाउंड्री पार करने की काबिलियत से एक्स्ट्रा फायरपावर देते हैं।

सैम करन और विल जैक्स की आखिरी गेंद पर जोड़ी गहराई और तेजी लाती है, जो पहले से ही मुश्किल स्कोर को एक मुश्किल लक्ष्य में बदल सकती है। करन धीमी गेंदों और कटर का चालाकी से इस्तेमाल करके इंग्लैंड को बीच के ओवरों और डेथ ओवरों में तकनीकी बढ़त दिलाते हैं, जबकि शुरुआती मैच में जैक्स का 216 से अधिक का स्ट्राइक रेट कुछ ही ओवरों में मैच बदलने की उनकी काबिलियत दिखाता है। इंग्लैंड की गेंदबाजी में पेस, बाउंस और स्पिन का मिश्रण बना हुआ है। जोफ्रा आर्चर और ल्यूक वुड पेस अटैक को लीड करते हैं, जो शुरुआती मूवमेंट को डेक पर जोर से हिट करने और भारतीय पिचों पर बाउंस निकालने की काबिलियत के साथ मिलाते हैं। हालांकि नेपाल के खिलाफ अपने पहले मैच में उन्हें थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन दोनों बॉलरों के पास वेस्टइंडीज जैसी मजबूत टीम के खिलाफ वापसी करने और अहम ब्रेकथ्रू दिलाने का अनुभव और स्किल है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर घटाने की घोषणा की, सस्ता होगा कर्ज



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त की सीमांत लागत आधारित ऋण दरों (एमसीएलआर) में 12 फरवरी से कटौती की घोषणा की है जिससे कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है। एमसीएलआर वह दर जिससे कम पर कोई बैंक ऋण नहीं दे सकता। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि 12 फरवरी से एक साल और छह महीने के एमसीएलआर में पांच-पांच आधार अंकों (0.05 प्रतिशत) की कटौती की गयी है। एक साल का एमसीएलआर 8.75 प्रतिशत से घटकर 8.70 प्रतिशत रह जायेगा। इसी प्रकार, छह महीने का एमसीएलआर 8.50 प्रतिशत से कम होकर 8.45 प्रतिशत रह जायेगा। वहीं, एक दिन, एक महीने और तीन महीने के एमसीएलआर में कोई बदलाव नहीं किया गया है और ये क्रमश: 7.80 प्रतिशत, 7.90 प्रतिशत और 8.15 प्रतिशत पर स्थिर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर तथा अन्य नीतिगत दरों को यथावत रखा है।

## मोबाइल ग्राहकों की संख्या 124 करोड़ के पार

नयी दिल्ली (वार्ता)।

देश में मोबाइल ग्राहकों की संख्या दिसंबर 2025 में मासिक आधार पर 0.59 प्रतिशत बढ़कर 124.42 करोड़ के पार पहुंच गयी जिनमें 116.30 करोड़ सक्रिय ग्राहक हैं। इससे पहले नवंबर 2025 में कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या 123.70 करोड़ रही थी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के मंगलवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि शहरी और ग्रामीण दोंनों क्षेत्रों में मोबाइल ग्राहक बढ़े हैं। गत 31 दिसंबर को शहरी ग्राहकों की संख्या 71.20 करोड़ और ग्रामीण ग्राहकों की 53.22 करोड़ रही। शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण के मुकाबले



अधिक तेज वृद्धि हुई है। शहरी क्षेत्र की मासिक वृद्धि दर 1.01 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र की 0.02 प्रतिशत रही। देश में मोबाइल टेली-घनत्व 86.94 प्रतिशत से बढ़कर 87.38 प्रतिशत पर पहुंच गयी। शहरी क्षेत्रों में जहां टेली-घनत्व बढ़कर 139.08 प्रतिशत पर पहुंच गयी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 58.37 प्रतिशत से घटकर 58.36 प्रतिशत रह गयी। देश में ब्रॉड बैंड ग्राहकों की कुल संख्या 100.74 करोड़ रही। इसमें 96.21 करोड़ वायरलेस ग्राहक और 4.53 करोड़ वायरलाइन ग्राहक हैं। टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या 130.61 करोड़ पर पहुंच गयी। इसमें 125.88 करोड़ वायरलेस और 4.74 करोड़ वायरलाइन ग्राहक हैं। दिसंबर में कुल 85.3 लाख टेलीफोन ग्राहक बढ़े हैं जिसमें 82.1 लाख वायरलेस और 3.2 लाख वायरलाइन ग्राहक हैं।

ट्राई ने बताया कि दिसंबर में 1.61 करोड़ ग्राहकों ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के लिए आवेदन किया है। ब्रॉडबैंड सेवा देनी वाली कंपनियों में 51.44 करोड़ (51.06 प्रतिशत) के साथ रिलायंस जिओ इंफोकॉम पहले नंबर पर रही। भारती एयरटेल 31.43 करोड़ (31.20 प्रतिशत) और वोडाफोन आइडिया 12.85 करोड़ (12.75 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## भेल की तीन प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

### बुधवार को खुलेगा ओएफएस

**मुंबई (वार्ता)।** सरकार भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) की तीन प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी जिसके लिए ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) बुधवार 11 फरवरी को खुलेगा। भेल ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि सरकार कंपनी के 10,44,61,901 इक्विटी शेयर बेचेगी जो उसकी कुल चुकाता पूंजी का तीन प्रतिशत है। इसमें खुदरा निवेशकों के लिए 1,04,46,189 शेयर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा ज्यादा प्रतिसाद मिलने पर 6,96,41,267 इक्विटी शेयर (दो प्रतिशत) अतिरिक्त हिस्सेदारी बेचने का भी विकल्प रखा गया है। गैर-खुदरा निवेशकों के लिए ओएफएस 11 फरवरी को और खुदरा निवेशकों तथा कर्मचारियों के लिए 12 फरवरी को खुलेगा। ओएफएस के लिए प्रति इक्विटी शेयर न्यूनतम मूल्य 254 रुपये रखा गया है। कंपनी के दो रुपये अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर मंगलवार को 1.45 रुपये यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 276.05 रुपये पर बंद हुए। न्यूनतम मूल्य के आधार पर तीन प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर सरकार को कम से कम 2,653.33 करोड़ रुपये की आमदनी होगी।




## बिजली की मांग जनवरी में 4.5 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची: क्रिसिल

**मुंबई (वार्ता)।** उत्तरी और पूर्वी हिस्से में शीतलहर के कारण देश में बिजली की मांग जनवरी में 4.5 प्रतिशत बढ़कर करीब 143 अरब यूनिट पर पहुंच गयी जो कम से कम 2010 के बाद का रिकॉर्ड है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी के पूर्वार्ध में उत्तरी और पूर्वी भारत में भयंकर शीतलहर रही जिससे घरों को गर्म रखने के लिए बिजली की मांग में वृद्धि देखी गयी। पिछले साल जनवरी में बिजली की मांग 136 अरब यूनिट रही थी। क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार 08 जनवरी से 14 जनवरी के बीच पश्चिमी और पश्चिमोत्तर भारत में औसत न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। उत्तर भारत में बिजली की मांग 5.5 प्रतिशत अधिक रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें औद्योगिक मांग का भी योगदान रहा। जनवरी में देश के विनिर्माण गतिविधियों का सूचकांक दिसंबर के 55



से बढ़कर 55.4 पर पहुंच गया। कुल मांग में औद्योगिक तथा वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का योगदान लगभग 50 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अप्रैल से जनवरी के दौरान बिजली की मांग में साल-दर-साल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जनवरी में उच्चतम मांग 245 गीगावाट रही जो 09 जनवरी की सुबह 9.52 बजे दर्ज की गयी। यह पिछले साल गर्मियों के दौरान रही 243 गीगावाट की उच्चतम मांग से अधिक है।

## रुपया 10 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर सूचकांक में जारी नरमी के बीच अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 10 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.56 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा पिछले दो दिन में 32 पैसे कमजोर हुई थी। सोमवार को यह एक पैसा टूटकर 90.66 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपया आज तीन पैसे की बढ़त के साथ 90.63 रुपये प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में 90.77 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। बाद में बैंकों की डॉलर बिकवाली से रुपया 90.48 प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। डॉलर सूचकांक लंबे समय बाद 97 से नीचे उतर गया है।

## शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

### प्रमुख सूचकांक एक महीने के उच्चतम स्तर पर

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 84,273.92 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 67.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत ऊपर 25,935.15 अंक पर रहा। यह दोनों का 07 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। चौतरफा



लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत चढ़ गया। ऑटो, मीडिया, धातु, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा जबकि फार्मा, स्वास्थ्य, रसायन और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में बिकवाली हावी रही। एनएसई में जिन 3,269 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,924 के हरे निशान में और 1,240 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 105 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर बढ़त में रहे। इटरनल का शेयर 5.19 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.89 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.79 और पावरग्रिड में 1.69 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा का शेयर 1.43 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.37, एलएंडटी का 1.36, टीसीएस का 1.26, मारुति सुजुकी का 1.17 और एक्सिस बैंक का 1.12 प्रतिशत चढ़ा।

हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.80 प्रतिशत और भारती एयरटेल का 1.36 प्रतिशत टूट गया। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# मत्स्य उत्पादन दोगुना करने सक्रियता से कार्य करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने की मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के सभी किसानों और मछुआरों की आर्थिक समृद्धि के लिए संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, इसके साथ हमें मत्स्य उत्पादन में भी सक्रियता से कार्य कर आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश में मछली पालन के साथ ही एक्वाकल्चर के क्षेत्र में भी कार्य किया जाए। प्रदेश में ऐसा इको सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे मछुआरों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण को समर्पित करते हुए यह वर्ष मना रही है। मध्यप्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करें।

मछुआ सम्मेलन आयोजित कर मत्स्य पालन में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। सीड प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। प्रदेश में संचालित मत्स्य महासंघ के सुव्यवस्थित उपयोग के लिए भी कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि कम भू-जल स्तर वाले जिलों में फॉर्म पॉन्ड मॉडल के माध्यम से मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए एक जिले को मॉडल के रूप में तैयार किया जाए, जिसमें मत्स्य उत्पादन के साथ ही सिंघाड़ा, कमल गट्टा, मखाना सहित अन्य एक्वाकल्चर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में मध्यप्रदेश केज कल्चर नीति पर कार्य किया जा रहा है। इसमें 10 हजार केज हितग्राही मूलक योजना में और 90 हजार केज उद्यमी मॉडल के अंतर्गत तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के विषय में भी अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। बैठक में भोपाल में प्रस्तावित विशेष प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क एंड रिसर्च सेंटर की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संभाग स्तर पर मछली घर तैयार करने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के विभागीय योजनाओं की प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विशेष प्रोजेक्ट, केज कल्चर इंदिरा सागर जलाशय, टेक्नोलॉजी डिफ्यूशन सेंटर, रिजर्वायर कलस्टर आधारित मत्स्य पालन और समन्वित मछली घर एवं अनुसंधान केंद्र का बैठक में रिव्यू किया। इस अवसर पर मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई एवं अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को और तेज करेगी : पटवारी

## संगठन सृजन अभियान के तहत सारंगपुर में पंचायत-वार्ड कमेटी सम्मेलन आयोजित



भोपाल (स्वतंत्र मत)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी ने आज संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सारंगपुर विधानसभा (जिला राजगढ़) में आयोजित पंचायत-वार्ड कमेटी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को बूथ स्तर तक सशक्त रूप से पहुँचाने, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर करने का आह्वान किया। श्री पटवारी ने कांग्रेसजनों से संवाद करते हुए आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि कांग्रेस पार्टी पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को और तेज़ करेगी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री संजय कामले, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह, शाजापुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश्वर सिंह, पूर्व विधायकगण रामचंद्र दांगी, बापू सिंह तंवर, हजारीलाल मालवीय, हेमराज कल्पोनी, कृष्ण मोहन मालवीय सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। मीडिया से चर्चा के दौरान श्री पटवारी ने कहा- यह नया भारत है, जहाँ देश के प्रधानमंत्री ही संसद में आने से डरते हैं।

मोदी जी पर एपेस्टिन फाइल्स का भयंकर दबाव है। किसी भी हाल में खुद को बचाने के लिए उन्होंने ऐसी ट्रेड डील पर हस्ताक्षर कर दिए, जिससे भारत को भारी नुकसान होने वाला है। उन्होंने आगे कहा-मोदी सरकार ने देश के किसानों के गले पर तलवार रखकर यह ट्रेड डील की है। कांग्रेस पंचायत स्तर तक जाकर इस किसान-विरोधी समझौते का विरोध करेगी। श्री पटवारी ने कहा कि- डोनाल्ड ट्रम्प पिछले पाँच महीनों से हमारे देश के प्रधानमंत्री को डरा रहे हैं। इसी दबाव में नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों की आहुति देते हुए यह ट्रेड डील साइन की है। जहाँ अमेरिका में एक किसान के पास औसतन 400 एकड़ जमीन है, वहीं भारत में किसान के पास औसतन केवल 2.5 एकड़ जमीन है। इसके बावजूद नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय किसानों को बर्बाद करने के लिए भारत का बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खोल दिया है।

# परीक्षा के मद्देनजर निश्चित डेसिबल की मात्रा में बजाएं डीजे

## बोर्ड परीक्षा को देखते हुए डीजे बजाने पर लगा प्रतिबंध



पथरिया (स्वतंत्र मत)। बीते दिन पथरिया थाना में नगर के समस्त डीजे वालों को बुलाया गया। जिसमें 12वीं की बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखकर सबको समझाइश दी गई कि शादियों और परीक्षा का समय एक साथ है। इसमें बच्चों के भविष्य को देखते हुए परीक्षा को प्राथमिकता दें और डीजे स्पीकर को एक समिति डेसिबल और सीमित समय में ही चलाएं। दरअसल 10 फरवरी से समस्त प्रदेश में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षा शुरू हो गई है। जिससे वह दिन रात परीक्षाओं की तैयारी में लगे है।

अतः रातोंरात तेज स्पीकर बजने से उनकी पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसी को मद्देनजर रखते हुए नायब तहसीलदार दीपमाला और थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने समस्त डीजे वालों को समझाइश दी कि सुबह 9 से 12 बजे तक स्पीकर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके अलावा रात्रि 10 बजे के बाद अगर कोई डीजे बजाते मिला तो उस पर कानूनन कार्यवाही की जाएगी।

## जनसुनवाई में 251 आवेदनों पर हुई सुनवाई

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 251 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 17 आधार कार्ड एवं 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवेदन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गुलशन ग्रोवर बटियागढ़ में क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए शामिल

## राज्यमंत्री लखन पटेल के नेतृत्व में एक दिव्य और टूर्नामेंट आयोजित किया गया : राज्यमंत्री लोधी



दमोह (स्वतंत्र मत)। जिले के बटियागढ़ में चल रहे मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटैल एवं फिल्मी दुनिया में बैडमेन के नाम से मशहूर अभिनेता गुलशन ग्रोवर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। अभिनेता गुलशन ग्रोवर के साथ राज्यमंत्री द्वय ने खुली जीप में बैठकर क्रिकेट मैदान का राउण्ड लिया और उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर राज्यमंत्री द्वय श्री लोधी एवं श्री पटैल ने पुष्पमाला, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। पूर्व विधायक सोनाबाई अहिरवार एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, कपिल शुक्ला, मोहन पटैल एवं लोकेन्द्र सिंह ने भी अभिनेता श्री ग्रोवर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा विधानसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बटियागढ़ में चल रहा है जिसमें सुप्रसिद्ध अभिनेता गुलशन ग्रोवर का आगमन हुआ और उनको देखने के लिए जनता उमड़ पड़ी। उन्होंने कहा राज्यमंत्री लखन पटेल के नेतृत्व में एक दिव्य और भव्य टूर्नामेंट आयोजित हुआ है। बैडमेन की ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने कहा क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करने के लिए इतनी दूर से आया हूँ। खिलाड़ियों द्वारा किए गए प्रदर्शन से यहां खड़े व्यक्तियों को प्रोत्साहन मिल रहा हैं कि वे भी स्पोर्टस की तरफ जाएं। यह सबसे बड़ा आकर्षण हैं, यह जरूरी हैं कि आप अपने आपको खेल गतिविधियों से जोड़ें। यहां मैच और भी बढ़िया तरीके से होंगे फिल्मी अभिनेता, कलाकार आयेंगे। उन्होंने कहा सभी कलाकारों के प्रति आपका स्नेह और सम्मान देखने मिला हैं। अभिनेता ग्रोवर ने कहा जिस प्रकार से यहां पर विकास हो रहा हैं टूरिज्म से जुड़े विकास भी हो रहे हैं।



## बजट में सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास तथा कल्याण का रखा गया है ध्यान: डॉ. यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों में सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास तथा कल्याण का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बजट प्रस्तावों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बेहतर बताते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के दृष्टिकोण तथा प्रस्ताव तैयार करने में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किए गए परिश्रम की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन दिया गया। मंत्रालय में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव (वित्त) मनीष रस्तोगी तथा वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्रि-परिषद के समक्ष भी आज ही बजट प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन हुआ। मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित बजट 18 फरवरी को उप मुख्यमंत्री देवड़ा द्वारा विधान सभा में प्रस्तुत किया जायेगा।

# सेंट्रल बैंक में चोरी का प्रयास

## बैंक के बाजू की खिड़की तोड़कर नकाबपोश अज्ञात चोर बैंक में दाखिल



हटा। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात नगर के बीचोंबीच राय चौराहा के मुख्य मार्ग पर स्थित सेंट्रल बैंक में अज्ञात नकाबपोश चोर बैंक के बाजू वाली दीवार में बनी खिड़की को तोड़कर दाखिल हुआ और उसने सबसे पहले बैंक में ही रखें सफेद टेप लगे सीसीटीवी कैमरे में लगा दिया और चोरी की घटना को अंजाम देने लगा जैसे ही वह लाकर रुम में दाखिल हुआ, वहां लगा अलार्म बजने लगा तभी देर रात गस्त कर रही। पुलिस को अलार्म की आवाज सुनाई दी और तुरंत मौका स्थल पर पहुंच गई। पुलिस गाड़ी के हुटर की आवाज सुनकर चोर जिस खिड़की से दाखिल हुआ उसी खिड़की से फरार हो गया। गस्त कर रहे एएसआई अरविंद राय ने थाना प्रभारी सुधीर कुमार बैगी को सूचना दी। पुलिस तुरंत हरकत में आई और आसपास खोजबीन शुरू कर दी वहीं दूसरी ओर बैंक में संदिग्ध गतिविधि की सूचना बैंक हेड क्वार्टर दिल्ली से बैंक प्रबंधक को दी गई और वह भी तुरंत बैंक पहुंचे। बैंक में चोरी के प्रयास की बड़ी वारदात को देखते हुए सुबह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी हटा पहुंचे, उन्होंने एएसपी प्रशांत सिंह सुमन के साथ बैंक की घटना का मौका मुआयना किया बैंक में लगे। सीसीटीवी फुटेज को देखा जिसमें एक युवक सिर व मुंह ढके हुए बैंक में दाखिल होते दिख रहा है। सीसीटीवी फुटेज स्पष्ट नहीं दिख रहे हैं। थाना प्रभारी ने क्षेत्र में लगे आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

बैंक मैनेजर अखिलेश कुमार ने बताया कि बैंक के सिस्टम के माध्यम से दिल्ली से अलर्ट मिला था कि बैंक में संदिग्ध गतिविधि हो रही है जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि बैंक में करीब 4.5 लाख रुपए नगद एवं 25 बड़े लाकर है जो पूरी तरह सुरक्षित है।

# चौक कार्यक्रम में दो पक्षों में विवाद

## एक युवक पर तलवार से हमला, जिला अस्पताल रेफर



हटा (स्वतंत्र मत)। थाना क्षेत्र के गौरीशंकर वार्ड में सोमवार रात चौक समारोह के दौरान बंसल समाज के दो पक्षों में विवाद हो गया है। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पर तलवार से हमला कर दिया। घायल को गंभीर हालत में हटा सिविल अस्पताल से दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल लखन पिता मुरली बंसल 30 ने बताया कि उसके बड़े भाई के यहां बेटी हुई थी सोमवार रात चौक कार्यक्रम घर पर संपन्न हो रहा था। उसने राहुल बंसल को बाजे बजाने के लिए बुलाया था। इसी दौरान उनके बीच विवाद हो गया और राहुल ने उस पर तलवार से हमला कर दिया। तलवार गाल पर जाकर लगी जिससे गहरा घाव हो गया। घायल को तत्काल इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। विवाद का कारण शराब खोरी भी बताया जा रहा है।

# सड़क को बना लिया अवैध बाजार

## हटा की नई फोरलेन पर खुलेआम कब्जा प्रशासन मूकदर्शक



हटा (स्वतंत्र मत)।

हटा नगर में दमोह-सिमरिया सड़क निर्माण परियोजना के अंतर्गत एमपी आरडीसी द्वारा इस्कॉन बिल्डकॉन इन्फ्रा के माध्यम से दमोह नाका से पन्ना नाका तक बनाई जा रही सीमेंट कंक्रीट फोरलेन सड़क अब आमजन के लिए सुविधा नहीं बल्कि परेशानी और खतरे का पर्याय बनती जा रही है। जिस सड़क का उद्देश्य सुगम, सुरक्षित और तेज यातायात था, वहीं सड़क आज अवैध बाजार, गैराज और वर्कशॉप का स्थायी अड्डा बन चुकी है। पन्ना नाका से दमोह नाका की ओर चंडीजी मंदिर की तरफ बनी सीसी रोड लगभग पूर्ण हो चुकी है लेकिन जनता को सौंपे जाने से पहले ही इस पर दुकानदारों और गैराज संचालकों ने खुलेआम कब्जा जमा लिया है। फोरलेन का बड़ा हिस्सा अब सड़क नहीं बल्कि व्यापारिक सामान रखने, बाइक सुधार केंद्र और वाहन धुलाई स्थल के रूप में इस्तेमाल हो रहा है।

सबसे गंभीर और शर्मनाक स्थिति यह है कि एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार एवं न्यायिक अधिकारियों के कार्यालयों के ठीक सामने साहू हार्डवेयर द्वारा सड़क के बीचोंबीच भारी मात्रा में निर्माण सामग्री डंप की जा रही है। दो लेन में से एक लेन पर स्थायी कब्जा बना हुआ है। वहीं डिवाइडर तक पर सामान सजाकर प्रशासन को खुली चुनौती दी जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

अंधियारा बगीचा क्षेत्र में हालात और भी भयावह हैं। हाजीवाड़ा के सामने एक दोपहिया स्पेयर पार्ट्स दुकान द्वारा फोरलेन की पूरी एक लेन को स्थायी वर्कशॉप में तब्दील कर दिया गया है। बीच सड़क पर मोटर साइकिलें खड़ी कर मरम्मत का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है।

कुछ ही कदम आगे एक वॉशिंग सेंटर द्वारा सड़क पर ही वाहनों की धुलाई कर इसे कीचड़, पानी और फिसलन का केंद्र बना दिया गया है। यह वही मार्ग है जहां कई शिक्षण संस्थान और छात्रावास स्थित हैं। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी सड़क से गुजरते हैं। अतिक्रमण, अव्यवस्था और फिसलन के बीच बच्चों की जान हर दिन दांव पर लगी है लेकिन न तो यातायात पुलिस सक्रिय है और न ही नगर प्रशासन। विडंबना यहीं समाप्त नहीं होती। इसी क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण की तकनीकी खामियों के चलते सड़क के बड़े हिस्से में लगातार पानी भरा रहता है।

करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क कुछ ही महीनों में दलदल जैसी स्थिति में पहुंच रही है जिससे निर्माण एजेंसी की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था दोनों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कुल मिलाकर अंधियारा बगीचा से दमोह नाका की ओर शराब दुकान तक का अधिकांश हिस्सा आम नागरिकों के लिए लगभग अनुपयोगी हो चुका है। सड़क पर चलना जोखिम भरा है लेकिन अवैध कब्जाधारियों पर कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।

## दमोह के 90 परीक्षा केंद्रों मे सुरक्षा व्यवस्था के बीच बोर्ड परीक्षा जारी

दमोह (स्वतंत्र मत)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आज से बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने बताया दमोह जिले के सभी 90 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा शुरू कराई गई हैं। उन्होंने कहा माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर केमरे लगाए हैं। साथ ही जिला कलेक्टर के निर्देशन में पूरे 90 केंद्रों पर परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिसकी सघन निगरानी जेपीबी स्कूल कंट्रोल रूम से की जा रही। आज 79 केंद्रों पर 14 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 10/2/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा तिवारी पति श्री संतोष कुमार तिवारी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक पी-115 रामा रेसीडेन्सी संपत्ति के पिन क्रमांक 2000233033 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 800 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती अभिलाषा कपिला पति श्री सुरजीत कुमार कपिला का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 10/2/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्र प्रकाश झा पिता स्व. ज्ञानचंद्र झा (2) श्री शिव प्रकाश झा पिता स्व. ज्ञान चंद्र झा ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भवन क्रमांक एन-8 हाउसिंग बोर्ड कालोनी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000452944 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा जिस पर निर्मित भूतल 599 व.फु. पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री ज्ञानचंद्र झा पिता स्व. श्री चिरोजी लाल झा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज के पास धनवंतरी नगर जबलपुर - 482003 ई-मेल eohbjbp@mp.gov.in
फोन नंबर- 07612670707
फ्री-होल्ड की आपत्ति आमंत्रण हेतु सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया है कि गोविंद भवन कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी.-08 श्रीमती जमुना देवी शिवहरे पति श्री गणेश प्रसाद शिवहरे के द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड करने हेतु नियमानुसार निर्धारित राशि जमा कर इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भवन का विक्रय-विलेख दिनांक 24.06.2016 को निष्पादित हो चुका हैं। उक्त सम्पत्ति की लीज फ्री होल्ड की कार्यवाही प्रचलन में है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा श्रीमती जमुना देवी शिवहरे पति श्री गणेश प्रसाद शिवहर को आवंटित गोविंद भवन कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी. -08 लीज फ्री होल्ड किया जावेगा एवं किसी भी संस्था/व्यक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर

# शैक्षणिक भ्रमण कर छात्राओं ने जानी हाट बाजार की महत्वता

## हितकारिणी महिला महाविद्यालय की छात्राओं को मिली विकास योजनाओं की जानकारियां




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ग्रामीण विकास विषय के अंतर्गत हितकारिणी महिला महाविद्यालय की कला संकाय की छात्राओं ने मंगलवार को ललित कला महाविद्यालय में एक शैक्षणिक इंटर्नशिप भ्रमण किया। इस इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थानीय बाजार व्यवस्था, स्वरोज़गार, तथा ग्रामीण विकास योजनाओं की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। इसी क्रम में छात्राओं ने हाट बाजार का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों को बताया गया कि हाट बाजार ग्रामीण जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल ग्रामीणों की आजीविका का साधन है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति, परंपरागत व्यवसाय, स्थानीय उत्पादों एवं सामाजिक समन्वय का केंद्र भी है। छात्राओं ने हाट बाजार में ग्रामीण उत्पादों की बिक्री-खरीद, मूल्य निर्धारण, स्वरोज़गार के अवसर एवं ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता को नज़दीक से देखा।

### अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन

हाट बाजार भ्रमण के दौरान ब्लॉक प्रबंधक पनागर रिशा पांडे एवं सहायक ब्लॉक प्रबंधक जनपद विरल कुरारिया द्वारा छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं, स्व-सहायता समूहों, ग्रामीण बाजार की भूमिका, तथा सरकारी सहयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। छात्राओं ने अधिकारियों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

### शैक्षणिक सहयोग

इस इंटर्नशिप एवं भ्रमण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे, कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बाजाज का विशेष मार्गदर्शन रहा। साथ ही सहायक प्राध्यापक प्रो. छाया दुबे, डॉ. आरती झरिया एवं डॉ. अंजली ठाकुर का निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन छात्राओं को मिला। शिक्षकों के सहयोग से छात्राएं भ्रमण को विषय-आधारित अध्ययन से जोड़ सकीं।

### छात्राओं के लिए सीख

इस इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं ने ग्रामीण विकास की वास्तविक स्थिति को समझा, हाट बाजार की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। ग्रामीण रोजगार एवं स्वरोज़गार के अवसरों की जानकारी ली। साथ ही सरकारी योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन प्रक्रिया को जाना। ग्रामीण विकास विषय पर आधारित यह इंटर्नशिप एवं हाट बाजार भ्रमण छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इससे उनके सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने में सहायता मिली। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।



# हितकारिणी महाविद्यालय देवताल में केंद्रीय बजट पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढा में मंगलवार को महाविद्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बजट की अवधारणा उसके प्रमुख प्रावधानों, तथा शिक्षा, युवाओं और समाज में पढ़ने वाले प्रभावों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ निलेश पांडे ने की। अपने उद्बबोधन में बताया कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राष्ट्र के सपनों, प्राथमिकताओं और भविष्य की दिशा का दर्पण होता है आगे उन्होंने बताया कि बजट देश के आर्थिक विकास की दिशा तय करता है और विद्यार्थियों को इसकी समझ होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ ममता पाठक द्वारा बजट 2026-27 के प्रमुख बिंदुओं पर बजट क्या है बजट कब से लागू हुआ बजट के लाभ हानि पर चर्चा की।

### विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का हुआ समाधान

कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में श्री राम जरारिया (राम एकेडमी संचालक) ने बजट पर विस्तार से चर्चा की शिक्षा क्षेत्र डिजिटल इंडिया रोजगार सृजन महिला सशक्तिकरण तथा युवा कल्याण से जुड़े प्रावधानों पर विशेष चर्चा की गई। सिद्धार्थ यादव असिस्टेंट ऑफिसर रुलर बैंक ने बताया कि बजट 2026-27 देश की आर्थिक दिशा को स्पष्ट करने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस बजट में शिक्षा रोजगार डिजिटल इंडिया हरित ऊर्जा और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता दी गई है उच्च शिक्षा के लिए शोध नवाचार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका अंकिता चंसोरिया ने बजट पर अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों ने बजट से संबंधित अपने प्रश्न रखें जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा सरल भाषा में उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ ममता पाठक ने किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ पुष्पा शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।



## जिला अस्पताल में गंदगी देख भड़के नगर निगम मजिस्ट्रेट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विशेष मजिस्ट्रेट नगर निगम अरूण कुमार गोयल द्वारा आज शहर के जिला चिकित्सालय विक्टोरिया अस्पताल में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर में अत्यधिक गंदगी, बदबू एवं अनेकों अव्यवस्थाएं पाई गयी। उन्होंने गंदगी का कारण आउॅटसोर्सिंग के मैनेजर पर स्पॉट फाइन किया। इसी तरह अस्पताल की बिल्डिंग निर्माण के ठेकेदार द्वारा अत्यधिक गंदगी एवं सतर्कता से कार्य न करने पाये जाने पर ठेकेदार के उपर भी जुर्माना लगाया। मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोयल ने बिल्डिंग निरीक्षण के उपरांत अस्पताल की पाकशाला का भी बारीकी से अवलोकन किया ताकि मरीजों को मिलने वाले भोजन की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान श्री गोयल ने खाद्य निरीक्षकों के बैठने के लिए उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिये ताकि निगरानी करने वाली टीम पूरी क्षमता और बेहतर माहौल में अपना काम कर सके।

## एनडीवीएसयू में एनसीसी कैडेट्स का सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू), जबलपुर के अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा 1 एमपी रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी, जबलपुर के एनसीसी कैडेट्स के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इन कैडेट्स ने रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यूनिट का नाम रोशन किया। इस अवसर पर अंडर ऑफिसर वसुंधरा दुबे ने ड्रेसाज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, जबकि सार्जेंट शौनक दांडेकर ने टेंट पेगिंग में रजत पदक तथा शो जंपिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस सफल दल का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर भरत वसुनिया ने किया।

# ज्यादा किराया मांगने पर महिला ने ऑटो चालक को मारा चाकू

## बेलबाग थाना क्षेत्र का मामला, पति ने भी की मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ऑटो का किराया ज्यादा मांगने की बात पर एक महिला ने ऑटो चालक युवक को चाकू मार दिया। इतना ही नहीं महिला के पति ने भी ऑटो चालक से मारपीट की। यह घटना बेलबाग थाना में सरकारी कुआं के पास की है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को भी हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर ऑटो चालक अनुज चौधरी गोपाल होटल लाल मिट्टी से सवारी छोड़कर वापस शहर तरफ आ रहा था। धामनदास चौराहे पर दंपत्ति ने ऑटो रोका और हाईकोर्ट चलने के लिए कहा। चालक ने 20-20 रुपए देने को कहा, जिस पर पति-पत्नी ने 15-15 रुपए देने को कहा, ऑटो चालक मान गया और दोनों को बैठा लिया। शीतलामाई के पास एक सवारी और खड़ी थी, जिसे कि ऑटो चालक ने बैठाया और हनुमान ताल तक के लिए 40 रुपए मांगे। इतना सुनते ही पति-पत्नी ने अनुज से यह कहते हुए विवाद करना शुरू कर दिया कि तुम सभी से बहुत ज्यादा पैसे ले रहो। चालक ने मौके पर ही ऑटो खड़ा करते हुए कहा कि आप लोगों को चलना है, तो चलो नहीं तो ऑटो से उतर जाओ। इतना सुनते ही महिला भड़क गई और चालक के बाल पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। इस बीच महिला के पति ने भी मारना शुरू कर दिया।



### चाकू निकाला और पेट में घोंप दिया

अचानक ही महिला ने बैग से चाकू निकाला और चालक के पेट में घोंप दिया। घायल अनुज ने बताया कि पति ने उसके दोनों हाथ पकड़े और नंदिनी चौधरी ने उस पर हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देकर दोनों मौके से फरार हो गए। हालांकि, चंद घंटों में ही पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।

अनुज पर हमला करने वाले आरोपी बेलबाग थाना पुलिस में है, यह जानकारी लगते ही घायल के परिवार वाले थाने पहुंच गए और पति-पत्नी के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया, जिन्हें कि पुलिस ने मुश्किल से रोका। घायल की बहन का कहना है कि दिनदहाड़े महिला ने अपने पति के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले को लेकर एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि ऑटो में किराए को लेकर पति-पत्नी का चालक से विवाद हुआ था। इसी बीच महिला नंदनी चौधरी ने बैग में चाबी के साथ रखा चाकू निकाला और अनुज पर हमला कर दिया। बेलबाग पुलिस ने पति-पत्नी पर मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।



## हितकारिणी डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों को बताए वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर निगम द्वारा हितकारिणी डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों को वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों, कारणों एवं उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के अधिकारियों द्वारा वीडियो एवं शैक्षणिक क्लिप के माध्यम से वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य, विशेष रूप से श्वसन तंत्र पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि बढ़ता वायु प्रदूषण आज एक गंभीर समस्या बन चुका है। जिसका सीधा प्रभाव बच्चों एवं युवाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता है। दृश्य माध्यमों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रदूषण के स्रोतों, उससे होने वाली बीमारियों तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। साथ ही, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहकर स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# स्वस्थ जीवनशैली, प्रारंभिक पहचान से कैंसर को दी जा सकती है मात

## विश्व कैंसर दिवस पर जिनसार के विद्यार्थियों ने लोगों को किया जागरूक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर यूनाइटेड बाय यूनिक थीम के अंतर्गत एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सीएचसी पानागर में किया गया। इस कार्यक्रम में बीएससी (नर्सिंग) प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि कैंसर के बढ़ते बोझ को कम किया जा सके। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रैली एवं स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय के लोगों को कैंसर के जोखिम कारकों, चेतावनी संकेतों एवं बचाव उपायों के बारे में जानकारी दी गई।




***सरकारी स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के बारे में किया जागरूक*** - विद्यार्थियों ने तंबाकू एवं शराब से बचाव, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान सामान्य प्रकार के कैंसर, प्रारंभिक लक्षण, समय पर निदान एवं उपचार के महत्व पर भी जानकारी दी गई। साथ ही सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग, स्तन स्व-परीक्षण टीकाकरण एवं सरकारी स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता प्रदान की गई। यह कार्यक्रम डॉ. प्रो. प्रिंसी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में तथा भानु प्रिया रजक (सहायक प्राध्यापक) एवं मनीषा विश्वकर्मा (नर्सिंग ट्यूटर) के समन्वय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए किया गया।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 93 आवेदन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 93 आवेदन दिये। जिसमें 67 नये आवेदन हैं तथा 26 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जेम, बीपीएल कार्ड, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड बनवाने, नाली सफाई आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**